* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

05 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 47

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महाकाल मंदिर में दो महिला सुरक्षाकर्मियों ने बनाया वीडियो, वायरल होने के बाद दोनों बर्खास्त



# बरियातू रोड में करीब 10 एकड़ जमीन का असली मालिक कौन!

## ■ हरिनाथ चतुर्वेदी का है कब्जा, कागज में है घालमेल | ■ कुणाल राय चौधरी ने शैलेंद्र अग्रवाल को बेची थी | ■ बाद में विक्रेता की मौत और खरीदार की हत्या हो गयी

वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन का है मुख्यालय

सेंट्रल एकेडेमी स्कूल भी इसी परिसर में है

बाजार में इस जमीन की कीमत दो सौ करोड़ है

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के बीचों-बीच बरियातू मुख्य मार्ग पर स्थित 9.74 एकड़ जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। करीब दो सौ करोड़ रुपये के बाजार मूल्य की इस जमीन पर फिलहाल वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन का मुख्यालय है और सेंट्रल एके-डेमी नामक स्कूल चलता है। इस जमीन का असली मालिक कौन है, यह न तो लोग जानते हैं और न ही भू-राजस्व विभाग के कर्मी। विवाद की जानकारी जिला प्रशासन को भी है, लेकिन सब चुपचाप हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। लिहाजा प्रशासन पर भी सवाल खड़ा हो रहा है।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के मुताबिक कोलकाता के रहनेवाले कुणाल राय चौधरी ने 1995 के आसपास शैलेंद्र कुमार अग्रवाल को यह जमीन बेच दी थी। जमीन को एक ट्रस्ट के लिए खरीदा गया था, जिसके अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार अग्रवाल थे। उस दस्तावेज में खेवट संख्या जीरो और अलग-अलग खाता नंबर भी है। यह जमीन बड़गाईं अंचल के अधीन है। कुणाल राय चौधरी ने 6 फरवरी, 1996 को प्रशासन को लिखित आवेदन दिया कि जमीन को खाली कराया जाये। इसके कुछ ही दिन बाद उनका निधन हो गया।

इधर जमीन के खरीदार शैलेंद्र कुमार अग्रवाल को जमीन पर कब्जा मिल गया। लेकिन कुछ ही दिन बाद उनकी और उनकी पत्नी की रहस्यमय तरीके से हत्या हो गयी। आज तक पता नहीं चल सका है कि अग्रवाल दंपति की हत्या किसने और क्यों की। इसके बाद उस ट्रस्ट का अध्यक्ष कौन बना या अभी कौन है, इसका किसी को पता नहीं है। अग्रवाल दंपति की हत्या के बाद हरिनाथ चतुर्वेदी ने ट्रस्ट का कामकाज संभाल लिया। इस बेशकीमती जमीन पर भी उन्होंने मालिकाना हक जताना शुरू कर दिया।

### वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन और चिल्ड्रेन एजुकेशन ट्रस्ट के नाम से रसीद

इस जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद उस समय गहराया, जब वर्ष 2017 में खाता संख्या जीरो, खेसरा संख्या 482 दिखाते हुए वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन और चिल्ड्रेन एजुकेशन ट्रस्ट के नाम से मालगुजारी की रसीद काट दी गयी। एक रसीद में 4 एकड़ 90 डिसमिल जमीन का जिक्र है, जबकि खाता संख्या जीरो, खेसरा संख्या 495 में 4 एकड़ 50 डिसमिल जमीन की अलग रसीद है। जमीन पर फिलहाल हरिनाथ चतुर्वेदी का कब्जा है, जबकि अग्रवाल दंपति के प्राकृतिक उत्तराधिकारी यह जानने के लिए भटक रहे हैं कि आखिर उस ट्रस्ट का अध्यक्ष कौन है, जिसके अध्यक्ष कभी उनके पिता रहे थे और जिस ट्रस्ट के पास इतनी बेशकीमती जमीन है।

## झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की वार्षिक आमसभा

# राज्य के विकास के लिए जरूरी है मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था : हेमंत

- राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की मांगों पर जल्द निर्णय का आश्वासन
- सरकार के सहयोगी के रूप में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सरकारी व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। वे सरकार के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। राज्य को दिशा दिखाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में उनकी कार्यशैली से राज्य के सर्वांगीण विकास और उसे मजबूती देने का हौसला मिलता है। मुख्यमंत्री रविवार को स्थानीय आर्यभट्ट सभागार में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की वार्षिक आमसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने संघ की पत्रिका 'दस्तक' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की मजबूती के लिए प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत होना अत्यंत जरूरी है। अगर किन्हीं वजहों से प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो जाये, तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रख कर हम अन्य राज्यों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी समझने की कोशिश करते हैं, ताकि यहां की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी मजबूती दे सकें।

**राज्य की समस्याओं से भली-भांति वाकिफ हैं अधिकारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ग्रास रूट पर कार्य करते हैं। उन्हें व्यवस्था के हर स्तर पर कार्य करने का अनुभव होता है। ऐसे में वे राज्य की तमाम समस्याओं और हालात से भली-भांति वाकिफ होते हैं । ऐसे में अधिकारियों पर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि उसका लाभ आम जनता को मिल सके।



### व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखंड से लेकर झारखंड मंत्रालय तक राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की बड़ी टीम कार्य करती है। ऐसे में वे व्यवस्था की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की व्यवस्था तथा कार्यशैली थोड़ी अलग है, लेकिन अगर राप्रसे के अधिकारी इन वरीय अधिकारियों के सहयोगी के रूप में खड़े नहीं हों, तो वे भी एक कदम आगे नहीं चल पायेंगे।

### 20 वर्षों में राज्य को जहां होना चाहिए, वहां नहीं है

मुख्यमंत्री ने कहा कि वजह चाहे जो भी हो, लेकिन पिछले 20 वर्षों में राज्य को जहां होना चाहिए, वहां नहीं है। आज भी झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है, जबकि यहां संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यहां के खनिज संसाधनों का यहां के लोगों को फायदा नहीं मिल रहा है। रोजगार और मजदूरी के लिए लोगों का पलायन होता है। यह किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। ऐसे में हमें काफी चिंता होती है कि कैसे राज्य को बेहतर और विकसित बना सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पित भावना से काम करें, तो राज्य को अग्रणी राज्य बनाने में हम निश्चित तौर पर कामयाब होंगे।

**प्रशासनिक व्यवस्था में जरूरत के हिसाब से सुधार जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में जरूरत के हिसाब से सुधार जरूरी है, ताकि उसका अपेक्षित लाभ हमें मिले। इसे देखते हुए ही सरकार ने प्रशासनिक सुधार के लिए आयोग का गठन किया था। आयोग की रिपोर्ट भी मिल चुकी है। अब उस रिपोर्ट का अध्ययन कर प्रशासनिक व्यवस्था में जो भी सुधार की जरूरत होगी, उस दिशा में सरकार कदम बढ़ायेगी।

**अधिकारी आम जनता से पूरी आत्मीयता से जुड़ें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप इस राज्य के सिर्फ अधिकारी ही नहीं, एक शिक्षक भी हैं। आप जैसे अधिकारियों पर ही व्यवस्था का दारोमदार है। ऐसे में आप आम जनता के साथ पूरी आत्मीयता के साथ जुड़ें और उनकी समस्याओं को सुनें। इससे अधिकारी और जनता के बीच संबंध बेहतर होंगे और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने अधिकारियों को अपने संबोधन की शुरुआत 'जोहार' से करने को कहा है।

**कई राज्यों में राज्य प्रशासनिक सेवा कैडर काफी मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कई राज्यों के भ्रमण के दौरान वहां की प्रशासनिक व्यवस्था को जानने-समझने का मौका मिलता है। इसी क्रम में मैंने देखा है कि कुछ राज्यों में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का कैडर इतना अधिक मजबूत है कि अगर वहां आइएएस और आइपीएस अधिकारी न भी हों, तो राज्य को चलाने में कोई परेशानी नहीं आयेगी।

**व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिल-जुल कर करना होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए वह प्रयासरत हैं, जहां अधिकारी बेखौफ और निर्भीकता के साथ काम कर सकें। इससे अधिकारियों का मनोबल भी बढ़ेगा और स्थानांतरण-पदस्थापन को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। अधिकारियों की जहां पोस्टिंग होगी, वहां वे पूरे उत्साह के साथ कार्य कर सकेंगे।

**हमारी सरकार में आप अपनी बात बेहिचक रख सकते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में आप अपनी मांगों, समस्याओं और बातों को बेहिचक रख सकते हैं। हम आपकी बातों को पूरी संवेदना के साथ सुनेंगे और सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेंगे, ताकि आप राज्य की बेहतरी में निर्भीक होकर कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्षिक आमसभा में आपने जो मांगे रखी हैं, उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर जल्द निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि महिला पदाधिकारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव जैसी कुछ मांगें ऐसी हैं, जिन्हें प्रशासनिक स्तर पर ही लागू होना चाहिए। राज्य प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा घोषित करने से जुड़ी मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही ठोस निर्णय लेगी।

# मां से मिलने पहुंचे पीएम मोदी, आज वोट डालेंगे



**गुजरात (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन से मिलने रविवार को गांधीनगर में उनके आवास पहुंचे। प्रधानमंत्री पांच दिसंबर को गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में वोट भी डालेंगे। प्रधानमंत्री अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा क्षेत्र के वोटर हैं। इससे पहले पीएम मोदी इसी साल 27 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर अचानक मां हीराबेन से मिलने पहुंचे थे। साबरमती नदी पर अटल पुल के उद्घाटन और खादी उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी गांधीनगर के रायसन इलाके में स्थित अपनी मां के आवास पर पहुंचे थे।

# इडी ने रिम्स से पंकज मिश्रा के इलाज के कागजात मांगे

- छुट्टी के बाद भी रिम्स में कैसे हैं पंकज, इसकी हो रही है पड़ताल
- कौन कर रहा है मदद, उसके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा भी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी की टीम रविवार को रिम्स पहुंची। इडी के अधिकारी मनी लांड्रिंग और अवैध खनन के आरोपी पंकज मिश्रा की जांच और इलाज से संबंधित दस्तावेज देखना चाह रहे थे। रविवार होने के कारण उन्हें यह नहीं मिल सका। सोमवार को रिम्स प्रशासन सारे दस्तावेज इडी को उपलब्ध करा देगा। इडी यह जांच कर रही है कि पंकज मिश्रा को कौन-कौन लोग मदद पहुंचा रहे हैं। छुट्टी के बाद भी वह आखिर जेल में शिफ्ट कैसे नहीं हुए। न्यायिक हिरासत में रहने के बाद भी वह कैसे मोबाइल पर बात करते रहे और इसके लिए कौन-कौन लोग दोषी हैं। इन सबकी जांच करने के बाद इडी कोर्ट से अनुरोध करेगी कि इनके खिलाफ कार्रवाई की इजाजत दी जाये।

**आज होगी जेल अधीक्षक और आइओ से पूछताछ :** सोमवार को इन सारे मामलों पर जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से इडी के अधिकारी पूछताछ करेंगे। इडी का सम्मन उन्हें मिल चुका है। पंकज मिश्रा अब तक जेल क्यों शिफ्ट नहीं हुए हैं, यह भी उनसे पूछा जायेगा। साथ ही बरहरवा थाना के दारोगा सरफुद्दीन को भी सोमवार को बुलाया गया है।


# गुर्दे की पथरी का आधुनिक इलाज

गुर्दे की पथरी छोटे, कठोर क्रिस्टल होते हैं जो गुर्दे में विकसित हो जाते है, ये कैल्शियम जैसे खनिजों से बने होते हैं जिन्हें गुर्दे द्वारा फ़िल्टर किया जाता है. ये पथरी आमतौर पर जब भी चलती है या मूत्र पथ में बाधा डालती है तो बहुत दर्द होता है. गुर्दे की पथरी काफी समान रूप से प्रचलित है और पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित करती है. गुर्दे की पथरी को चार प्रमुख प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है- कैल्शियम स्टोन, यूरिक एसिड स्टोन, स्ट्रुवाइट स्टोन और सिस्टीन स्टोन



डॉ. राजकुमार शर्मा
यूरोलॉजिस्ट
स्टोन एंड यूरोलॉजी क्लीनिक

"यूरोलॉजी और किडनी संबंधी समस्याओं से जूझ रहे स्वास्थ्य का अधिक ध्यान रखें. खराब खान-पान के चलते इन दिनों किडनी में पथरी की बीमारी आम है लेकिन इसका इलाज आसान है.

समय पर दवा लें और बिना डॉक्टर की सलाह से दवा ना खाएं. ज्यादा से ज्यादा पानी पीयें और हाइड्रेटेड रहें. रात के 8 घंटे सोने के लिए होते हैं. एक स्वस्थ्य व्यक्ति इस दौरान एक बार पेसाब करने जाता है. सोने जाने के पहले और जागने के बाद पेशाब जाना दिन में गिना जाता है. बचे हुए 16 घंटों में अगर आप तीन से पांच बार इस प्रक्रिया को दोहरा रहे हैं तो आप एकदम सामान्य है. शरीर के इन नाजुक हिस्सों में साफ-सफाई का ध्यान अति आवश्यक है.


**गुर्दे में पथरी होने के मुख्य लक्षण -**

- पीठ और बाजू में तेज ऐंठन वाला दर्द.
- पेशाब करने की तीव्र आवश्यकता महसूस होना
- बार-बार पेशाब आना या पेशाब करते समय जलन होना.
- रक्त के कारण गहरा या लाल मूत्र.
- मतली और उल्टी.
- पुरुषों में लिंग के सिरे पर दर्द का महसूस होना.

गुर्दे की पथरी नुकसान पहुंचा सकती हैं यदि वे बार-बार या गंभीर संक्रमण का कारण बनते हैं या फिर लम्बे समय तक किडनी में रुकावट रहने पर ये किडनी की नुकसान पहुंचा सकते है. कुछ पथरी, अगर गुर्दे में रह जाती है तो गुर्दे काम करना बंद कर सकते है. गुर्दे की पथरी के लिए विभिन्न उपचार विकल्प है. कुछ पथरी का इलाज दवा से किया जा सकता है तो कुछ में सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है. यदि मूत्रवाहिनी की पथरी को समय से नहीं निकला जाय तो ये दर्द या संक्रमण पैदा कर सकती है ऐसी परिस्थिति में इसे हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है.

**मरीजों के लिए सर्जरी की विकल्प के रूप में**

- एक्स्ट्राकोर्पोरियल शॉक वेब लिथोट्रिप्सी (ESWL) यह गुर्दे के स्टोन को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ने के लिए शॉक वेव्स का उपयोग करता है जो मूत्र पथ से होकर शरीर से बाहर निकल सकते हैं.
- परक्यूटीनियस फ्रोलिथोनोमी (PCNL ) - यह एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है जिसमें त्वचा में एक छोटे से चीरे के माध्यम से बड़े गुर्दे की पथरी को हटा दिया जाता है।
- रेट्रोग्रेड इंट्रारेनल सर्जेरी (RIRS )




आरआईआरएस सर्जेरी में लचीली दूरबीन के द्वारा किडनी या मूत्र नली की पथरी को लेजर द्वारा गलाकर या पाउडर बना कर निकाल देते हैं. जिससे मरीजों को सर्जेरी के बाद दर्द नहीं होता है, मरीज जल्द ठीक हो जाते है, इस सर्जरी में मामूली या ना के बराबर रक्तस्राव होता है.

अस्पताल को आयुष्मान भारत (प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना) के साथ जोड़ा गया है

STONE & UROLOGY CLINIC
Bariatu Road, Opp. Chaisayar Home Road, Bariatu, Ranchi-834009, Mobile : 8521056938


# 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

- रायपुर में फरवरी में होगा पार्टी का अगला अधिवेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। इसके लिए फरवरी माह का समय तय किया गया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं है। इसके साथ ही 'भारत जोड़ो यात्रा' की सफलता को देखते हुए अब कांग्रेस एक नया अभियान 'हाथ से हाथ जोड़ो' शुरू करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने मीडिया को बताया कि कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में दो बातों पर चर्चा हुई। पहला पार्टी का पूर्ण अधिवेशन होना है, जिसे फरवरी के दूसरे पखवाड़े में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह तीन दिवसीय सत्र रायपुर में आयोजित किया जायेगा। बैठक में 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए भविष्य की कार्रवाई की समीक्षा और चर्चा की गयी। इसके तहत 26 जनवरी से बड़े पैमाने पर 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' चलाने का फैसला किया गया है। यह दो महीने तक चलने वाला अभियान होगा।

### 'राहुल की तपस्या' पर बनेगी 2024 की चुनावी इमारत

स्टीयरिंग कमिटी ने तय किया है कि पार्टी 2024 के चुनावों में 'राहुल गांधी की तपस्या' के दम पर लोकसभा चुनाव की इमारत बुलंद करेगी। यही नहीं, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उत्साहित पार्टी ने रायपुर में होने वाले अधिवेशन की जो रूपरेखा तैयार की है, उसमें भी 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनाव को मजबूती से लड़े जाने को लेकर प्रमुखता से चर्चा किये जाने का खाका तैयार हुआ है। बैठक में अभी तय हुआ है कि राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा को छोड़कर इसी महीने शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में हिस्सा भी नहीं लेंगे।


SURJABASHA

M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
◆ DMLT/ECG/X-RAY
◆ DRESSERS
◆ OPHTHALMIC ASST.
◆ OT ASSISTANT
Courses Offered:
GNM ANM
B.SC. Nursing
Post Basic
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082
6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी) BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 50,800 रु./10 ग्राम
चांदी 67,000 रु./प्रति किलो



**जानिये : शराब घोटाला, टोल प्लाजा विवाद, मनरेगा घोटाला, माइनिंग घोटाला, कैश कांड, घूसकांड और मनी लांड्रिंग का एक-दूसरे से क्या है कनेक्शन**

# एक वायरल फोन कॉल ने कैसे तैयार कर दी इडी जांच की जमीन

## ■ साहिबगंज में टोल प्लाजा टेंडर विवाद से शुरू हुई जांच जा पहुंची खनन घोटाले तक ■ एक-एक कर बेनकाब हो रहे अवैध खनन के किरदार

झारखंड एक बार फिर सुर्खियों में है। कारण हैं काले खेल में शामिल किरदार। ये किरदार ऐसे हैं, जिनका चेहरा देख कर लगता है कि इनका चयन उस खेल में उनकी महारत को देख कर किया गया हो। काले खेल की इस पटकथा में क्या नहीं है। नेताओं-अधिकारियों का समन्वय, पेशेवर अपराधियों की टीम, सत्ता गलियारे के हाई प्रोफाइल दलाल और इनका पिछलग्गू स्थानीय पुलिस प्रशासन। ये गलत को सही दर्शाने और मुद्दों से भरमाने में माहिर हैं। एक सामान्य से प्रतीत होनेवाले मामले की जांच की परतें कुछ ऐसे खुल रही हैं, जैसे प्याज के छिलके। हर परत में कुछ नया है। एक तरफ जहां सर्दियों के इस मौसम में झारखंड का तापमान लगातार गिर रहा है, वहीं दूसरी तरफ सीबीआइ, इडी, आयकर और दूसरी जांच एजेंसियों की रफ्तार हर दिन तेज हो रही है। हर दिन कुछ नये किरदारों के नाम सामने आ रहे हैं। नये-नये खेल उजागर हो रहे हैं। नयी-नयी कहानियों का पदार्पण हो रहा है। इन कहानियों के सामने आने के बाद से अब यह महसूस होने लगा है कि 22 साल में झारखंड को भ्रष्टाचार के काले खेल ने कितना खोखला किया है। इन किरदारों की जीभ पाताल तक पहुंच चुकी है। लालच इस कदर हावी है, जो झारखंड को लगातार खोखला कर रही है। सबसे ज्यादा अजूबा यहां की नौकरशाही को लेकर सामने आ रहा है। उन लोगों ने क्या-क्या प्लॉट नहीं तैयार किये हैं। जिनसे उम्मीद की जा रही थी कि वे झारखंड को विकास के पंख लगायेंगे, वे खुद काले खेल में आकंठ डूब गये। झारखंड में भ्रष्टाचार के इस काले खेल में शामिल किरदारों और कड़ियों की गुत्थी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

झारखंड में चल रहे काले खेल की जांच में जुटी इडी ने कई किरदारों को बेनकाब किया है। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिनका नकाब जरा मोटा है। जितना मोटा नकाब, उतना गहरा रहस्य। झारखंड का साहिबगंज जिला रहस्यों से भरा है। काले खेल के रहस्यों से। रात के सन्नाटे में धूल उड़ाते ट्रकों, गंगा नदी के ऊपर तैरते मालवाहक जहाजों और रेल मार्ग से बाहर जाते अवैध स्टोन चिप्स ने झारखंड को कितना खोखला किया है, इस रहस्य पर से पूरा परदा उठना अभी बाकी है। रहस्य तो यहां इंसानी जानों से भी जुड़ा है, जो असमय काल के शिकार हो गये और गंगा में समा गये। टोल प्लाजा टेंडर विवाद और एक मंत्री के वायरल फोन कॉल ने लालच की तलहटी में छुपे भ्रष्टाचार के काले खेल का राज खोल दिया। बरहेट के विधायक प्रतिनिधि, बड़बोले और ओवर कॉनफिडेंस की बीमारी से ग्रसित पंकज मिश्रा ने अपनी हरकतों से इडी को आश्वस्त कर दिया कि हो न हो, काले खेल की कमान इन्हीं के हाथों में है। इडी ने साहिबगंज से जुड़े अवैध माइनिंग और उनके कारोबार का पन्ना पलटना शुरू किया। पन्ना पलटते ही किरदार उभर कर सामने आने लगे। पंकज मिश्रा के साथ दाहू यादव, सुनील यादव, बच्चू यादव और वहां के डिस्ट्रिक्ट माइनिंग अफसर का पदार्पण हुआ। ये संदेह के घेरे में पाये गये। इडी रेस हुई। तह तक जाने की कोशिश करने लगी। उसे कुछ महीने भटकना पड़ा। इस दौरान पंकज मिश्रा ताव खा गये। उनकी हेकड़ी देखते ही बनती थी। बात-बात में उन्होंने सबको हड़काना शुरू किया। इडी को स्पष्ट चेतावनी दे दी कि गिरफ्तार करके दिखाओ। यहां तक कह दिया कि जिस दिन हमारे कार्यकर्ता सड़क पर उतर गये, तो भागने की जगह नहीं मिलेगी। ऐसे में आखिर तेज आवाज के सहारे अपने सच को कैसे छिपाया जा सकता था। चेतावनी के बाद इडी रेस हुई। दूसरी ओर इडी मनरेगा घोटाले की भी जांच कर रही थी। इडी के हाथ आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल तक पहुंच गये। छापा पड़ा। झारखंड चौंक गया। भ्रष्टाचारियों की लॉबी में हड़कंप मच गया। मोबाइल फोन की घंटियां बजने लगीं। कई अधिकारियों के हाथ-पांव फूलने लगे। पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार के यहां से 19 करोड़ 31 लाख कैश बरामद हुए। पूरा शहर दंग रह गया। नोटों के बंडलों की तसवीर वायरल होने लगी। इडी ने पैसों का सोर्स खंगालना शुरू किया। पता चला कि डीएमओ स्तर के अधिकारियों ने पूजा सिंघल की खूब सेवा की है। इन पैसों में उनके द्वारा पहुंचाये गये पैसे भी शामिल थे। कड़ी से कड़ी जुड़ने लगी। जांच मनरेगा घोटाले की और तार जुड़ गया साहिबगंज अवैध माइनिंग घोटाले से। मुंबई में पेटी, झारखंड में किलो का एक ही मतलब है, यानी लाख। यह दो नंबरी लोगों की भाषा है। पैसों की हेराफेरी और मनी लांड्रिग के खेल में इस शब्द का खूब प्रयोग हुआ।

### एक-एक कर जुड़ने लगीं कड़ियां

पूजा सिंघल और मनी लांड्रिंग की बात हो और प्रेम प्रकाश का नाम न आये, यह कैसे मुमकिन है। प्रेम प्रकाश को झारखंड के सबसे बड़े पावर ब्रोकर के तौर जाना जाता है।

अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर ठेका-पट्टा मैनेज करना उसके लिए बायें हाथ का खेल हो गया था। यहां एक और नाम का जिक्र करना जरूरी है। वह नाम है कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल का। इडी का दावा है कि अमित अग्रवाल की नजदीकियों के कारण ही आइएएस पूजा सिंघल को खनन विभाग का सचिव बनाया गया। समझा जा सकता है कि सिस्टम में इन किरदारों की जड़ें कहां तक जम गयी थीं। अब प्रेम प्रकाश का नाम आये और दर्जनों नौकरशाहों के दुलारे विशाल चौधरी का नाम न आये, यह भी कैसे मुमकिन है। सो, इडी ने उसे भी रडार पर ले लिया। नाम निशित केसरी का भी उजागर हुआ। निशित केसरी पूजा सिंघल के अलावा झारखंड के एक और वरिष्ठ आइएएस अधिकारी का काफी करीबी रहा है। उस पर आरोप है कि उसने अपनी कंस्ट्रक्शन कंपनी में बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग का पैसा निवेश किया है। उधर साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका पर इडी की विशेष नजर थी। इडी द्वारा यहां के डीएमओ की गतिविधियां संदेह के घेरे में पायी गयीं।














### डीसी की जांच रिपोर्ट पर उठा सवाल

इडी की जांच ने पंकज मिश्रा, दाहू यादव और बच्चू यादव की गतिविधियों ने सिस्टम की पोल खोल दी। साहिबगंज डीसी का किरदार भी यहां उभर कर आने लगा। साहिबगंज में देर रात जब जलयान हादसा हुआ था, तब उस जलयान पर सवार कई ओवरलोडेड ट्रक गंगा में समा गये थे। उन ट्रकों में कई चालक और खलासी भी थे, जो डूब गये। यह भी एक रहस्य है कि कितनों की इस दौरान मौत हुई। गंगा की धारा गवाह है कि रात के अंधेरे में झारखंड को कैसे खोखला किया गया। मामला राज्यसभा तक उठा। तत्कालीन कमिश्नर चंद्रमोहन कश्यप ने साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव से इस घटना की रिपोर्ट मांगी। रिपोर्ट अधूरी पायी गयी। कमिश्नर ने सवाल खड़े किये। इडी का दावा है कि रिपोर्ट मिलने के बाद तत्कालीन कमिश्नर चंद्रमोहन कश्यप को एक फोन आता है। फोन पर पंकज मिश्रा होते हैं। वह कमिश्नर चंद्रमोहन कश्यप को कहते हैं कि रिपोर्ट पर डीसी से ज्यादा सवाल-जवाब नहीं किया जाये। वही रिपोर्ट आगे फॉरवर्ड करें, जो डीसी ने बनायी है। इस घटना से समझा जा सकता है कि पंकज मिश्रा का वहां के प्रशासन पर कितना दबदबा था। कमिश्नर चंद्रमोहन कश्यप और पंकज मिश्रा के फोन कॉल को इडी ने इंटरसेप्ट कर लिया। उन दोनों के बीच 2 जून 2022 को यह बातचीत हुई थी। इधर धीरे-धीरे इडी कड़ियों को जोड़ रही थी। छापा का सिलसिला भी जोर पकड़ रहा था। पंकज मिश्रा से लेकर प्रेम प्रकाश के यहां छापा पड़ा। करोड़ों की गड्डियों के साथ कई अवैध दस्तावेज और पैसों की हेराफेरी का मामला सामने आया। पंकज मिश्रा के खाते में करोड़ों के ट्रांजैक्शन की बात सामने आयी।

यह भी उजागर हुआ कि साहिबगंज में हिस्ट्रीशीटर दाहू यादव और बच्चू यादव पंकज मिश्रा के लिए काम करते थे। इन दोनों पर दर्जनों गंभीर केस पहले से दर्ज हैं। इडी ने पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव के खिलाफ जो चार्जशीट दायर की है, उसमे दाहू यादव उर्फ राजेश यादव का बार-बार जिक्र है। फिलहाल दाहू फरार है और बाकी के तीनों जेल में बंद।

दाहू यादव साहिबगंज का नामी बदमाश रहा है। पंकज मिश्रा ने दाहू यादव का खूब इस्तेमाल किया। इसके एवज में दाहू की भी कमाई खूब फली-फूली। कहा तो यहां तक जा रहा है कि पंकज मिश्रा ने हर ट्रक पर उसका कमीशन बांध रखा था। वह अवैध गाड़ियों से वसूली करता था। वहां के व्यापारियों को डराता-धमकाता भी था। साहिबगंज के पत्थर व्यापारी और लीजधारक पंकज मिश्रा के डीलर लाइसेंस के अधीन व्यापार करने को विवश थे। खरीद-बिक्री के दौरान होनेवाले मुनाफे को पंकज मिश्रा के खाते में जमा किया जाता था। पंकज मिश्रा के एक बैंक खाते में सिर्फ भगवान स्टोन ने 4.87 करोड़ रुपये जमा किये थे। जांच में पंकज मिश्रा ने पहले तो भगवान स्टोन के मालिक भगवान भगत को पहचानने से ही इनकार कर दिया था, लेकिन बाद में पहचान लिया।

### प्रतिदिन होती रही 2000 ट्रकों से अवैध ढुलाई

साहिबगंज में इडी की जांच के दौरान पाया गया कि यहां से प्रतिदिन औसतन 2000 ट्रकों से स्टोन चिप्स और बोल्डर बाहर भेजा जाता था। इनमें अवैध परिवहन भी शामिल थे। अब यहां पर टोल प्लाजा का जिक्र करना उचित होगा। जिस टोल प्लाजा टेंडर में गड़बड़ी के चलते इडी ने पंकज मिश्रा को रडार पर लिया था, वह टोल प्लाजा छह अन्य टोल प्लाजा से जुड़ा था। ये उन रास्तों पर बने थे, जहां से अवैध माइनिंग के ट्रकों को बाहर भेजा जाता था। ये सारे टोल प्लाजा पंकज मिश्रा के नियंत्रण में थे। वहीं इडी ने प्रेम प्रकाश के देश भर में फैले 17 ठिकानों पर भी छापा मारा था। यह छापा अवैध खनन और मनरेगा घोटाले में मनी लांड्रिंग के क्रम में मारा गया। प्रेम प्रकाश नेताओं और अधिकारियों का चहेता रहा है। इस छापे में प्रेम प्रकाश के यहां से दो एके 47 और 60 गोलियां भी बरामद की गयी थीं। कई अहम दस्तावेज भी इडी के हाथ लगे। बता दें कि प्रेम प्रकाश का इससे पहले की सरकार में भी सिक्का चलता रहा है। उसकी पहुंच उस समय भी शीर्ष अधिकारियों तक थी।

### भाजपा सरकार में भी प्रेम प्रकाश का जलवा

भाजपा की सरकार में अंडा बेचते-बेचते प्रेम प्रकाश की इंट्री शराब व्यापार में भी हो गयी। अंडा बेचने का काम जब बंद हुआ, तो उसने शराब व्यापार में इंटी ले ली।

प्रेम प्रकाश को उस दौरान शराब की सरकारी दुकानों में मैनपावर उपलब्ध कराने का ठेका मिला। तब उसने सिर्फ अरगोड़ा की एक दुकान से 1 मार्च 2018 से 28 मार्च 2018 तक एक लाख 47 हजार 373 रुपये की महंगी शराब पी ली थी। प्रेम प्रकाश के लोग भी उसी दुकान से 31 मई 2018 से 20 जुलाई 2018 तक एक लाख 76 हजार 417 रुपये की शराब लेकर चले गये। बिक्री संबंधित लेखा में शराब लेने का तो जिक्र था, लेकिन उसके भुगतान का जिक्र नहीं था। अपराध को छिपाने के लिए स्टाक रजिस्टर में हेराफेरी की गयी थी। इसके बाद उत्पाद विभाग ने पूरे राज्य की शराब दुकानों का जायजा लिया, तो पता चला कि केवल अरगोड़ा की दुकान से ही यह हेराफेरी नहीं की गयी है, बल्कि पूरे राज्य में प्रेम प्रकाश ने अपनी पहुंच का फायदा उठा कर करीब सात करोड़ रुपये का वारा-न्यारा कर दिया था। फिलहाल इडी शराब घोटाले की भी जांच कर सकती है। प्रेम प्रकाश अपने फ्लैट्स में अकसर पार्टियां करता रहता था। इसमें कई वीआइपी भी शामिल होते थे। आरोप है कि पार्टियों में लड़कियां भी शामिल होती थीं। इन पार्टियों की बदौलत प्रेम प्रकाश ने पूरे झारखंड में अपनी पैठ बना ली। यूंही उसे सत्ता गलियारे का दलाल नहीं कहा जाता। यहां ध्यान देनेवाली बात यह है कि इडी ने झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल से मई महीने में ही पूछताछ कर ली थी। कहा जा रहा है कि उस पूछताछ ने इडी को कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करायीं। उसी पूछताछ में रवि केजरीवाल ने अमित अग्रवाल और पंकज मिश्रा का राज उगला। जाहिर है, इडी ने उसके हिसाब से भी रणनीति बनायी होगी। उधर नेताओं और नौकरशाहों का चहेता विशाल चौधरी अपनी पत्नी संग बैंकॉक भागने वाला था। उस पर इडी ने पहले ही लुक आउट नोटिस जारी किया था। उसे विदेश जाने की मनाही थी। विशाल चौधरी पर आरोप है कि उसने अवैध खनन से नेताओं और नौकरशाहों तक पहुंचने वाले काले धन का निवेश किया। पूर्व में विशाल चौधरी के ठिकानों पर हुई इडी की छापेमारी में करोड़ों के लेनदेन से संबंधित दस्तावेज मिले थे।

### सात मामलों का क्या है कनेक्शन, खंगाल रही है इडी

वहीं मौका पाकर घूसकांड मामले में इडी ने अमित अग्रवाल को भी लपेटे में ले लिया। कैश दो, पीआइएल मैनेज करो कांड में। पूछताछ के बाद इडी ने अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। राहत के लिए अग्रवाल सुप्रीम कोर्ट तक गये, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। सुनवाई के दौरान जेल में बंद अमित अग्रवाल को हाइकोर्ट ने करारा झटका दे दिया। उनका केस अब सीबीआइ देखेगी। उधर एक और चर्चित कैश कांड को इडी ने टेकओवर कर लिया है। वहीं कैश कांड, जिसमें कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप 50 लाख कैश के साथ कोलकाता में गिरफ्तार हुए थे।

कांग्रेस के बेरमो विधायक जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने इन तीनों विधायकों पर रांची के अरगोड़ा थाने में जीरो एफआइआर किया था। आरोप लगाया कि कांग्रेस के इन तीनों विधायकों की मंशा मौजूदा हेमंत सरकार को गिराने की थी। इडी की टीम अरगोड़ा थाना पहुंच गयी। उसने जीरो एफआइआर की कॉपी ले ली। उसके बाद वह रांची कोतवाली थाने से भी एफआइआर की कॉपी ले गयी है। दोनों एफआइआर अनूप सिंह ने सरकार गिराने की साजिश को लेकर की थी। जाहिर है, इडी अनूप सिंह और तीनों विधायकों से पूछताछ करेगी। राज खुलेंगे। कड़ियां जुड़ेंगी। पैसे किसके थे, वह भी सामने आयेगा। कोलकाता में ही पैसे क्यों धराये वह भी गुत्थी खुलेगी। अमित अग्रवाल का झारखंड की राजनीति में क्या प्रभाव है, वह भी सामने आयेगा। क्या है शराब घोटाला, टोल प्लाजा विवाद, मनरेगा घोटाला, माइनिंग घोटाला, कैश कांड, घूस कांड और मनी लॉन्ड्रिंग का एक दूसरे से कनेक्शन इसे समझने के लिए कुछ दिन और इंतजार करना होगा। इडी और सीबीआइ के अगले कदम का इंतजार करना होगा।

---

**अड़की प्रखंड की बालालौंग और सरगेया पंचायत का सूरत-ए-हाल**

# विकास की रोशनी से अछूते हैं दोनों पंचायतों के 15 हजार लोग

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के खूंटी जिले का अड़की प्रखंड किसी परिचय का मोहताज नहीं है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत आनेवाला यह इलाका जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ तो है, लेकिन यहां की चर्चा नक्सली गतिविधियों को लेकर अक्सर होती है। इसी अड़की प्रखंड के नक्सल प्रभावित गांव जोजोहातु की असली कहानी का पता तब चलता है, जब कोई यहां तक पहुंचे। इस गांव के साथ अड़की प्रखंड की दो पंचायतों, बालालौंग और सरगेया का सूरत-ए-हाल भी कुछ अच्छा नहीं है। अड़की प्रखंड के इस इलाके में विकास की हर रोशनी घने जंगलों में कहीं खो गयी लगती है या फिर पहाड़ी रास्तों में गुम हो गयी है। इन दोनों पंचायतों में कभी माओवादियों की हुकूमत चलती थी। इस इलाके के बारीगाढ़ा गांव में सब जोनल कमांडर कुंदन पाहन रहा करता था। ग्रामीण बताते हैं कि उस समय इतनी घूसखोरी और लूट नहीं थी। पुलिस की बढ़ती दबिश के कारण कुंदन पाहन ने आत्मसमर्पण कर दिया और वह अब जेल में है। जितने दिन कुंदन पाहन नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रहा, इलाके के लोग परेशान जरूर रहे, लेकिन उपेक्षित नहीं थे।

**सड़कों की स्थिति बेहद खराब** गुलाबी ठंड की सुबह इस इलाके में पहुंचने पर सबसे पहले आग तापते ग्रामीणों से मुलाकात हुई। अड़की के सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू ने बताया कि जोजोहातु तक पहुंचना ही दूभर है। स्कॉर्पियो जैसी गाड़ियों का अस्थि-पंजर ढीला हो जाता है। सलगाडीह से राउता तक की 21 किलोमीटर सड़क सरकारी दस्तावेज में पक्की है, लेकिन धरातल पर इस सड़क का कहीं नामोनिशान तक नहीं है। यह सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गयी है।





जोजोहातु नहर के किनारे कुसुम पेड़ के नीचे दो से ढाई सौ लोग फटे-पुराने कंबल की मदद से ठंड से बचने की कोशिश करते हुए दिखे। वहां कुछ लोग आग भी ताप रहे थे। उन लोगों से बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ, तो एक-एक कर उनका दर्द सामने आता गया।

**लंबी है समस्याओं की फेहरिस्त** जोजोहातु गांव के बुजुर्ग लाल मोहन महतो ने रुंधे गले से जो कुछ बताया, वह सुन कर महसूस हुआ कि झारखंड जिनके लिए बना, उनकी हसरतें आज भी अधूरी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या बिजली, पानी और सड़क की है। कितनी तरह की समस्याएं हैं, इनकी फेहरिस्त यदि बनायी जाये, तो शायद अखबार के पन्ने भी कम पड़ जायेंगे।

**बिजली की आंखमिचौली के बीच 12 से 15 हजार का बिल**

ग्रामीणों ने बताया कि है बिजली तो है, लेकिन इलाके में आपूर्ति कम ही होती है। कई साल पहले पोल गाड़े गये और तार खींचे गये। ग्रामीणों ने कनेक्शन भी लिया, लेकिन बिजली के दर्शन कम ही होते हैं। ग्रामीणों के जले पर प्रशासन ने तब नमक छिड़क दिया, जब दो-तीन साल बाद हरेक ग्रामीण के यहां 12 से 15 हजार रुपये का बिजली बिल पहुंच गया। ग्रामीण घबरा गये, क्योंकि उन्हें बताया गया था कि बिजली मुफ्त में मिलती है।

**मीटर लगाने के लिए डेढ़ हजार रुपये की वसूली**

लोगों ने बकाया बिजली की बाबत अधिकारियों से बात की। इसके बाद इन दो पंचायत में एक बिजली मित्र को रांची के किसी ठेकेदार द्वारा भेजा गया। मीटर बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। एक मीटर लगाने के एवज में 15 सौ रुपये की वसूली होने लगी। ग्रामीणों के पुराने मीटर को खोलकर वह बिजली मित्र ले गया। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि इस नये मीटर से बिल आयेगा। पुराना बकाया भूल जायें। बिजली मित्र ने एक घर में दो-दो मीटर तक लगा दिया। इस बारे में पूछताछ करने पर बिजली मित्र चुप्पी साध गया।

**डीप बोरिंग भी है बेकार**

जोजोहातु में ही दो डीप बोरिंग है। इसमें एक से पानी नहीं निकलता है। पानी की टंकी है, लेकिन उसमें रिसाव है। गांव की जल सहिया ने संबंधित ठेकेदार से इसकी शिकायत भी की, लेकिन उसे अनसुना कर दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.2 °c | 12.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.15 बजे |



**सम्मान : प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह**

# पासवा ने 2000 से अधिक शिक्षकों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में किया गया राज्य में शिक्षकों के लिए आयोजित सबसे बड़े सम्मान समारोह में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आये लगभग 2000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समायल अहमद, रिनपास के निदेशक डॉक्टर जयंती सिमलाई, एलआर सैनी, पद्मश्री से सम्मानित मुकुंद नायक, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शहदेव, महासचिव डॉ राजेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार, डॉ सुषमा क्रिकेटर, फलक फातिमा, संजय कुमार, आलोक विपिन टोप्पो, मुजाहिद आलम, राशिद इकबाल अल्ताफ अंसारी, रणधीर कौशिक एवं निजी स्कूल के संचालक एवं शिक्षक उपस्थित थे।




### शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए : डॉ रामेश्वर उरांव

इस अवसर पर वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए। समाज जो आगे बढ़ रहा है या बढ़ता है, उसमें शिक्षकों का योगदान होता है। अच्छे शिक्षकों के शिक्षा की वजह से ही बेहतर और शिक्षित समाज का निर्माण होता है। शिक्षक तो बड़े-बड़े काम किये हैं। साम्राज्य की स्थापना किये हैं। देश का पहला साम्राज्य शिक्षक चाणक्य के कारण ही बना था। भगवान बुद्ध को भी शिक्षक कहा जायेगा। ऐसी पहल की सराहना होनी चाहिए और प्रतिवर्ष शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए। सरकारी स्कूलों में भी पढ़ाई होनी चाहिए। लड़के को आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन आज के प्रतियोगी परीक्षाओं में ज्यादातर प्राइवेट स्कूल के बच्चे सफल हो रहे हैं।

### सम्मानित शिक्षक बेहतर समाज का निर्माण करेंगे : सैयद शमायल अहमद

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने कहा कि 2011 में पासवा की स्थापना हुई थी, तभी से संगठन द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों का प्रोत्साहन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को पासवा सम्मानित करती है और उनका हौसला अफजाई करती है। आज का यह कार्यक्रम निश्चित रूप से ऐतिहासिक है और झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान करेगा, जो शिक्षक सम्मानित हो रहे हैं, वह बेहतर समाज का निर्माण करेंगे।

### सम्मानित शिक्षक उत्साह के साथ आगे भी बच्चों को पढ़ायेंगे : आलोक दुबे

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि करोना के संकट काल के बाद यह दूसरा ऐसा अवसर है, जब इतने बड़े मंच से शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है। आज जो शिक्षक यहां से सम्मानित होकर जायेंगे और उत्साह के साथ आगे बच्चों को पढ़ायेंगे। यह आज सोचने का विषय है कि निजी विद्यालयों के शिक्षकों का योगदान इस समाज में जितना है, शायद उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सीमित संसाधन में वह हमारे बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। शिक्षकों के कारण आज हमारे बच्चे सभी क्षेत्र में जा रहे हैं। आज सरकार को भी निजी विद्यालयों के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता है। निजी विद्यालयों को भी सरकार से सहयोग मिलना चाहिए।

### अभिभावकों को बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है : डॉ जयंती सिमलाई

शिक्षकों के द्वारा शिक्षा में मोबाइल फोन का इस्तेमाल कितनी बड़ी चुनौती विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए रिनपास के निदेशक डॉ जयंती सिमलाई ने कहा कि इसका व्यापक असर बच्चों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट से कई जानकारियां हमें मिल रही है। इसका सदुपयोग भी हो रहा है, लेकिन अभिभावकों को हमेशा ही बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और बिना काम के उनके हाथों में मोबाइल नहीं दिया जाना चाहिए। सोने सोने के वक्त कमरे से फोन को दूर रख रखना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी कई सुझाव उपस्थित लोगों को दिया।

### समारोह में ये थे मौजूद

समारोह को संबोधित करने वालों में आर्य ज्ञान प्रचार समिति के निदेशक एलआर सैनी, पद्मश्री मुकुंद नायक, डॉ राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अरविंद कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, मुजाहिद आलम आदि प्रमुख है। इस अवसर पर अनीश अहमद, अमीन अंसारी, मेहुल दुबे, माजिद अंसारी, नीरज सहाय, मुमताज आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

**खतियानी जोहार यात्रा : पहले चरण में तीन प्रमंडलों में होगा कार्यक्रम**

# हर दिन दो जिलों में जायेंगे सीएम हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आगामी 8 दिसंबर से खतियानी जोहार यात्रा की शुरूआत हेमंत सोरेन सरकार करने जा रही है। यात्रा के पहले चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन प्रमंडलों के दो-दो जिलों को कवर करेंगे। चर्चा है कि खतियानी जोहार यात्रा के माध्यम से हेमंत सोरेन जनता के बीच जाकर जनकल्याणकारी योजना की जानकारी तो लेंगे ही, साथ ही सरकार की तीन साल की उपलब्धियां को बताने का काम करेंगे।

### प्रमंडल और जिले के उच्च स्तरीय अधिकारी के साथ करेंगे रिव्यू मीटिंग

यात्रा के दौरान सीएम प्रमंडल और जिले के उच्च स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों के साथ रिव्यू मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग का उद्देश्य योजनाओं के धरातल पर उतारने की सफलता की जानकारी लेने के साथ और क्षेत्रों में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की स्थिति की भी जानकारी लेना है। इन सबके अलावा खतियान जोहार यात्रा के कई राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख यूपीए गठबंधन कार्यकर्ताओं के साथ जिला स्तर पर अगर कोई दूरी है, तो उसे पाटने के साथ ही 2024 के चुनाव को लेकर तैयारी की भी शुरूआत करना है।



### पहले चरण में इन तीन प्रमंडलों के दो-दो जिलों की सीएम करेंगे यात्रा

खतियानी जोहार यात्रा के पहले चरण में सीएम हेमंत सोरेन तीन प्रमंडल पलामू, दक्षिण छोटानागपुर और संथाल परगना का दौरा करेंगे।

8 और 9 दिसंबर को पलामू प्रमंडल के गढ़वा और पलामू।

12 और 13 दिसंबर को दक्षिण छोटानागपुर के गुमला और लोहरदगा।

15 को गोड्डा और 16 दिसंबर को देवघर जायेंगे।

### आम बैठक में गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बातों को सुनेंगे सीएम

हर प्रमंडल के दौरे के पहले दिन सीएम जिले में कार्यकर्ताओं के साथ आम बैठक करेंगे। आम बैठक में वे गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बातों को सुनेंगे। कार्यकर्ताओं के बीच कोई नाराजगी होगी, तो सीएम उसे दूर करेंगे, ताकि आगामी चुनाव में महागठबंधन और मजबूती के साथ चुनाव लड़ सकें। दूसरे दिन सीएम दूसरे जिले पहुंचेंगे, जहां वे रिव्यू मीटिंग करेंगे। इसमें दोनों जिलों और प्रमंडल के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उसी दिन वे दूसरे जिले में कार्यकर्ताओं के साथ जनसभा करेंगे।

### यूपीए नेता भी रहेंगे शामिल

हेमंत सरकार में संसदीय और ग्रामीण विकास मंत्री का काम देख रहे आलमगीर आलम ने बीते दिनों ही कहा था कि खतियानी जोहार यात्रा के दौरान हर जिले में संयुक्त रूप से रैलियां निकाली जायेंगी। इसमें यूपीए के सभी नेता शामिल रहेंगे साफ है कि यात्रा के माध्यम से हेमंत सरकार अपने एकजुटता को भी देखने का काम करेगी।

### घोषणापत्र में किये वादों को बताने पर रहेगा जोर

निकाले जाने वाली रैलियों के द्वारा सीएम और यूपीए नेता अपने-अपने घोषणापत्र में किये वादों को भी जनता को बताने का काम करेंगे।

### इसमें शामिल हैं

पुरानी पेंशन योजना बहाली का काम।

ओबीसी वर्ग सहित अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के आरक्षण का दायरा बढ़ाना।

किसानों के लिए ऋण माफी और फसल राहत योजना।

पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के लिए मानदेय और नियमावली।

1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति।

सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कर केंद्र को भेजना आदि शामिल हैं।

---

# पिछड़ी जातियों की जनगणना और सर्वेक्षण कराये सरकारः राजेंद्र प्रसाद




**मशाल जुलूस निकाल कहा- सदान आयोग का गठन करे सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछड़ी जातियों की जनगणना, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति और मूलवासी सदान आयोग का गठन करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम रांची से मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में रांची, बुंडू, होचर, कांके, बेड़ो, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा आदि जगहों से मोर्चा के लोग शामिल थे।

जुलूस में पिछड़ी जातियों को 36 प्रतिशत आरक्षण देने, ओबीसी की जातीय जनगणना कराने, उनकी आर्थिक राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कराने, सदान आयोग का अविलंब गठन करने, पिछड़ों, सदानों, दलितों की जो बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा की मांग के समर्थन मे नारे लगा रहे थे। मशाल जुलूस के अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचने के बाद यह सभा में तब्दील हो गयी। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन पिछड़ी जाति, जनजाति और मूलवासी सदान अपने अधिकार के लिए आज भी संघर्षरत और आंदोलित हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों का जब तक जाति जनगणना और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण सरकार नहीं कराती है, तब तक कानूनी अड़चन के कारण पिछड़ी जातियों को कोई लाभ नहीं मिलनेवाला है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की सराहनीय पहल की है, लेकिन जब तक सर्वेक्षण नहीं होगा, इसका कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। झारखंड में पिछड़ी जातियों की आबादी 55 प्रतिशत है। ऐसे में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देना नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि जो संसदीय क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्र, महापौर पद इत्यादि जो लंबे समय से आरक्षित हैं, उनका रोटेशन होना चाहिए। उन्होंने सदानी भाषा नागपुरी, पंचपरगनिया, खोरठा और कुरमाली की पढ़ाई कक्षा 1 से शुरू करने की मांग झारखंड सरकार से की। प्रसाद ने कहा कि 65 प्रतिशत मूलवासी सदानों में पिछड़ों, दलितों और सवर्ण तीनों समुदाय के लोग आते हैं। मोर्चा अध्यक्ष ने राजनीतिक दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड में सरकार बनानी है तो राजनीतिक दलों को अपने-अपने दलों में मूलवासी सदानों को तरजीह देनी होगी। मशाल जुलूस में डॉ सुदेश साहू, प्रो अरविंद प्रसाद, डॉ अमर कुमार, प्रो विद्याधर मेहता, प्रो पप्पू महतो, प्रो राजू हजाम, विशाल सिंह, हुसैन अंसारी, अमन अहमद, विकास कुमार, प्रदीप महतो, हेमंत कुमार, संजय कोइरी, गुरु प्रसाद, जगरनाथ महतो, विजय कुमार, वासुदेव कुमार, संदीप महतो, अजय अहिर, जितेंद्र महतो, नीतीश कुमार, रजू महतो, लंबोदर महतो, सरोज कुमार, संतोष, मनोहर, अंगद, कुलेश्वर, संजय, रंजीत, पप्पू, नागेंद्र, महतो, चितरंजन महतो, विलास महतो, रवि चंद्र महतो, रोहित कुमार, गुलफाम अंसारी, प्रिंस राज, मेहरबान अंसारी, शबान अंसारी, अमन ठाकुर, इरफान अंसारी, महेंद्र ठाकुर, ब्रज भूषण पाठक के अलावे सैकड़ों लोग शामिल थे।

---

**कार्यक्रम : बीआइटी के 32वें दीक्षांत समारोह में 1532 छात्रों को मिली डिग्री**

# मेक इन इंडिया अभियान में शामिल हों बीआइटी के मेधावी : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआइटी) मेसरा का 32वां दीक्षांत समारोह रविवार को मनाया गया। इसमें यूजी, पीजी और पीएचडी के 1532 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गयी। इसमें सत्र 2018-22 में शामिल यूजी (859), पीजी (598) और पीएचडी (75) कोर्स के कुल 1532 विद्यार्थियों के बीच डिग्री बांटी गयी। साथ ही 10 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल दिये गये। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस ने कहा कि आज हमारा देश दुनिया की प्रगतिशील अर्थव्यवस्था में शामिल है। आप लोगों में जॉब क्रिएटर बनने की भी असीम क्षमता है। मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के विद्यार्थी आने वाले समय में राष्ट्र के विकास व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभायेंगे। हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं इस अवसर पर आप सभी युवाओं से विभिन्न उद्योगों में और क्षेत्रों में मेक-इन-इंडिया पहल में शामिल होने का आग्रह करता हूं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का महत्व उपाधि ग्रहण करने या नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने मात्र तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका वास्तविक महत्व एक बेहतर, जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक के रूप में राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। शिक्षण संस्थानों का कर्तव्य विद्यार्थियों में चेतना जागृत कर जीवन में बेहतर करने की भूख जगाना, उनमें आत्मनिर्भरता पैदा करना और उन्हें एक संपूर्ण व्यक्तित्व देना भी होना चाहिए।




### नयी शिक्षा नीति में है संस्थान का योगदान

राज्यपाल ने कहा कि संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना अभियांत्रिकी विषयों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके संकाय सदस्यों ने प्रशिक्षण, वेबिनार तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर राज्यस्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इससे इस संस्थान में अनुसंधान व शोध कार्यों को और गति मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, झारखंड राज्य का एक अग्रणी तकनीकी संस्थान है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में इसने विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यहां से शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से देश-विदेश में सेवा प्रदान कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। खुशी की बात यह है कि यह संस्थान अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज्ञान का प्रसार करने में कई वर्षों से महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बीआइटी के संकाय सदस्य एआइसीटीइ-आइडिया लैब, दलमा जंगल में पहला फेनोमेट सेंटर की स्थापना, भोजन की पोषण गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अनाज का फोर्टिफिकेशन आदि जैसी विभिन्न नयी शोध पहलों के लिए चर्चा में रहे हैं। बीआइटी मेसरा के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया है। राजीव कौल, राम गोविंदराजू, गुरुदीप सिंह पाल, गौतम सिन्हा समेत आदि कई पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने व्यावसायिक जीवन में भी बड़ी सफलता हासिल की है।

---

# राजस्व न्यायालयों में वादों का नहीं हो रहा समय पर निष्पादन, मुख्यमंत्री गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों में लंबित राजस्व वादों का निष्पादन समय पर करने का निर्देश दिया है। यह बात विभाग की समीक्षा में सामने आयी थी कि राजस्व न्यायालयों में वादों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर वाद लंबित हैं। पूरा मामला राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष भी रखा गया है। मुख्यमंत्री ने इस पर काफी नाराजगी जतायी थी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने राजस्व वादों के निष्पादन के क्रम में लंबित वादों की सूची तैयार करते हुए पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया है। इसकी समीक्षा भी नियमित रूप से राज्य के मुख्य सचिव करेंगे। राजस्व भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग ने भू-अर्जन के मामलों में लंबित भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है और ऐसे मामलों का जल्द से निपटारा को कहा है। सड़क, भवन इत्यादि अन्य कार्यों के लिए भू-अर्जन करने को कहा है। विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होने वाले अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक करने को कहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No 1 Channel


# इस्कॉन रांची ने मनाया गीता जयंती महोत्सव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर कीर्तन, प्रसाद वितरण और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आध्यात्मिक प्रशिक्षण प्रदान करने जैसी आनंदमय भक्ति गतिविधियों के लिए शहर का पसंदीदा केंद्र बनता जा रहा है। इस्कॉन रांची केंद्र में गीता जयंती महोत्सव रविवार को बड़े भक्ति भाव और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर परिसर में इकट्ठे हुए भक्तों द्वारा भगवद गीता के सभी 700 श्लोकों का पाठ सुबह से शुरू हो गया था। इसके बाद भक्त मधुर कीर्तन का आनंद पूरे दिन लेते रहे। शाम को प्रह्लाद रविवार स्कूल के बच्चों और एलजीएलजी पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों द्वारा नृत्य और नाटक की प्रस्तुति की गयी। इस कार्यक्रम में गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

इस्कॉन रांची केंद्र के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने एक खुशहाल और अधिक सार्थक जीवन के लिए सभी स्तरों पर और सभी क्षेत्रों में भगवद गीता की शिक्षाओं को लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक कोई सर्वशक्तिमान भगवान कृष्ण के बारे में जानने का प्रयास नहीं करता, तब तक वह स्वयं को नहीं समझ सकता। समारोह के दौरान इस्कॉन रांची ने 15 जनवरी 2023 तक गीता मैराथन उत्सव के तहत 5100 भगवद गीता पुस्तकें वितरित करने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को अरुणदेव कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ कमलेश कृष्ण दास, श्रीगोविंद दास, ज्ञानवर्धन लाल और अन्य वरिष्ठ भक्तों के सहयोग से पूरा किया जायेगा।

पुस्तक वितरण के लिए भक्तों के इस प्रयास को मधुसूदन मुकुंद दास ने बढ़ावा देते हुए बताया कि भगवद गीता वितरण और इसकी शिक्षाओं के प्रचार में शामिल लोग भगवान कृष्ण को सबसे अधिक प्रिय हैं। केंद्र में एकत्रित सभी भक्तों को स्वादिष्ट रात्रि भोज प्रसादम की थालियां परोस कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जीएम ने कार्यपालक अभियंताओं को सौंपी जिम्मेवारी

# इंडस्ट्रियल इकाइयों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तुपुदाना, टाटीसिलवे, कोकर, नामकुम, मेसरा और नगड़ी एरिया के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश जारी**

**रांची।** राज्य में बिजली संकट गहराता जा रहा है। बिजली कमी के बीच जारी रांची जीएम ने रांची के इंडस्ट्रियल इकाइयों को सुचारू बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं इसके लिए जीएम पीके श्रीवास्तव ने कार्यपालक अभियंताओं को जिम्मेवारी सौंप दी है। उन्होंने रांची के इंडस्ट्रियल इकाई वाले क्षेत्र तुपुदाना, टाटीसिल्वे, कोकर, नामकुम, मेसरा और नगड़ी एरिया के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश जारी किया है। इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिये गये हैं।

अंडरग्राउंड केबल का शेष काम तीन माह में पूरा करें

श्रीवास्तव ने मेसर्स केइआइ द्वारा नामकुम ग्रीड से निकलने वाले ओवरहेड तार को अंडरग्राउंड करने के कार्यों को तेज करने का निर्देश दिया गया। एजेंसी को तीन माह के अंदर उसे पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही अलग से मेंटेनेंस गैंग रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि अंडरग्राउंड फॉल्ट को तुरंत ठीक किया जा सके।

### फीडर से आपूर्ति होने वाली बिजली और राजस्व की जांच करें

श्रीवास्तव ने इंजीनियरों को राजस्व वसूली भी बढ़ाने का निर्देश दिया। बकाएदारों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। किस फीडर से कितनी बिजली आपूर्ति हो रही है और उस फीडर से कितने की राजस्व वसूली हो रही है। उसकी भी जांच करने का निर्देश दिया।

### फील्ड में मीटर रीडर गड़बड़ी करते हैं, तो कार्रवाई करें

अगर कोई उर्जा मित्र (मीटर रीडर) फिल्ड में कोई गड़बड़ी करते हैं, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि नवंबर माह में 66 करोड़ राजस्व वसूली हुई है। दिसंबर में इसे बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाये।

# श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन का भव्य आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी के अवसर पर आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलते ही भक्तजन सपरिवार आकर श्री श्याम दरबार में पधारने लगे थे। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती बाल भोग प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती भोग व दोपहर 12:15 बजे भोग लगाकर शंख आरती करके पट विश्राम के लिए बंद कर दिये गये। पुनः 3:00 बजे से खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि खाटू नरेश को नवीन गुलाबी रंग का नया बागा धारण करवाकर कोलकाता से मंगाये गये स्टार सफेद फूल, लाल फूल रजनीगंधा, मुर्गन, लाल गेंदा फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य पावन श्रृंगार सेवा की। रात्रि 9:30 बजे एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ। बरियातू रोड निवासी सुशील पोद्दार ने अपनी धर्मपत्नी रूपा अग्रवाल के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ से फल दूध रबड़ी पंचमेवा नारियल अर्पित किया। प्रवीन मंगल ने घी अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी, राजेश सिंघानिया, राजेश शर्मा ने इत्र, संतोष पोद्दार ने गिरी गोला, पिंटू कुमार, स्वीटी बरनवाल ने पंचमेवा निवेदित की। एकादशी कीर्तन में सुरेश सरावगी, गौरव अग्रवाल, मोनू, सलज अग्रवाल, सोनू, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, पंकज गाड़ोदिया, साकेत, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, पवन शर्मा आदि ने एक से बढ़कर एक भाव के भजनों का गायन कर खाटू नरेश को रिझाया।

मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार 6 दिसंबर को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संध्या 4:30 बजे से 27 वा श्री सुंदरकांड पाठ श्री हनुमान चालीसा का आयोजन होगा।

# पासपोर्ट के त्वरित निष्पादन के लिए कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लंबित पासपोर्ट के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश**

**रांची।** पासपोर्ट के त्वरित निष्पादन के लिए रांची पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन में स्थित यूसी झा हॉल में रविवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें लंबित पासपोर्ट के त्वरित निष्पादन के लिए रांची जिला पुलिस के सभी थानेदार/पुलिस निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### पासपोर्ट वेरिफिकेशन में लगने वाले समय को कम करना जरूरी

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पासपोर्ट वेरिफिकेशन में लगने वाले समय को कम करना है। इसके लिए पासपोर्ट ऐप के बारे में सभी को जानकारी दी गयी, इसके माध्यम से पासपोर्ट ऑफिस से संबंधित आवेदन को डायरेक्ट थाना को भेजा जायेगा और ऐप के माध्यम से वेरिफिकेशन कर 15 दिनों के अंदर पासपोर्ट ऑफिस को वापस कर दिया जायेगा। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इस संबंध में रविवार को केंद्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी कर दी है। रांची जिला शहरी क्षेत्र के अध्यक्ष कुमार राजा को बनाया गया है। वहीं ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉक्टर राकेश किरण महतो को बनाया गया है।

**जिला अध्यक्षों की सूची:** शांतनू मिश्रा रामगढ़, शैलेंद्र कुमार यादव हजारीबाग, नारायण बारनवाल कोडरमा, धनंजय कुमार सिंह गिरिडीह, प्रोफेसर उदय प्रकाश देवघर, दिनेश प्रसाद यादव गोड्डा, अनिल किनल ओझा साहिबगंज, कुमार शंकर पाकुड़, महेश राम चंद्रवंशी दुमका, हरिमोहन मिश्रा जामतारा, संतोष कुमार सिंह धनबाद, उमेश कुमार गुप्ता बोकारो, आनंद बिहारी दुबे जमशेदपुर पूर्वी, चंद्रशेखर दास चाईबासा, विशु हेंब्रम सरायकेला खरसावां, रवि मिश्रा खूंटी, डेविड तिर्की सिमडेगा, चैतू उरांव गुमला, सुखार भगत लोहरदगा, मुनेश्वर उरांव लातेहार, श्रीकांत तिवारी गढ़वा, प्रमोद कुमार दुबे चतरा और जयेश राजन पाठक पलामू शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी सात दिसंबर को

रांची (आजाद सिपाही)। सात दिसंबर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में होगा। इसका उद्घाटन राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी भी शामिल होंगे। संगोष्ठी में झारखंड के सभी निजी और सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रति कुलपति, कुलसचिव, डीन और शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति के संयोजक तथा विभिन्न संस्थानों के डायरेक्टर, प्राध्यापक मौजूद रहेंगे। बता दें कि संगोष्ठी का आयोजन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची और झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

### टेंडरहार्ट के रिशित का मैथ्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडरहार्ट विद्यालय रांची के छात्र रिशित ने इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायरइन मैथेमैटिक्स क्वालीफाई कर पूरे विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र रिशित पूरे झारखंड में दसवीं कक्षा से क्वालीफाई करने वाले एक मात्र छात्र हैं। भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित देश के सब से प्रतिष्ठित और कठिन माने जाने वाले मैथ्स ओलिंपियाड (आइओक्यूएम)में झारखंड से 6 और पूरे देश से 500 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पूरे झारखंड से इस वर्ष लगभग 5000 विद्यार्थियों ने भागलियाथा। रिशित की सफलता पर विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने इसे पूरे विद्यालय के लिए गौरव पूर्णपल बताया और रिशित को बधाई देते हुए उस के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### पार्षद रंजू सिंह ने किया पेवर्स ब्लॉक का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। वार्ड 11 के विभिन्न मोहल्लों में पेवर्स ब्लॉक लगाकर सड़कों का सौंदर्यकरण हो रहा है। इसी कड़ी में गढ़ा टोली गौस नगर में भी पेवर्स ब्लॉक लगाया गया, जिसका उद्घाटन स्थानीय पार्षद रंजू सिंह ने किया। उद्घाटन पूर्व पार्षद अभय सिंह की उपस्थिति में हुआ। स्थानीय लोग सड़क निर्माण को लेकर काफी वर्षों से परेशान थे। चलने लायक सड़क नहीं होने के कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। जिसके बाद 4 वर्ष पूर्व स्थानीय लोगों की मांग करने पर पार्षद प्रतिनिधि गुलाम जावेद, समाज सेवी सदाम कुरैशी और राजू खान ने समस्या को देखकर पहल करते हुए वार्ड पार्षद को इस विकट समस्या से अवगत कराया जिसके बाद रंजू सिंह ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि निर्माण करा दिया जाएगा। रविवार को गढ़ा टोली गौस नगर के विभिन्न गलियों में पेवर्स ब्लॉक से सड़कों का सौंदर्यकरण का कार्य संपन्न हुआ। निर्माण कार्य से लोग काफी खुश है। स्थानीय लोगों ने पार्षद को उपस्थित देख अन्य अपनी अन्य समस्यायों से अवगत कराया जिसपर पार्षद रंजू सिंह ने कहा वार्ड 11 में विकास काफी तेज गति से हुआ है विशेषकर स्थानीय लोगों की समस्या को देखते हुए रोड और नालियां प्रमुखता से बनाई जा रहीं है वार्ड 11 में विकास का यह पहिया भविष्य में इसी तरहा चलता रहेगा। मौके पर पूर्व पार्षद अभय सिंह, पार्षद सहयोगी सदाम कुरैशी, राजु खान, शाहजहां कुरैशी, रेहाना खातून, टिंकू राम, आशिक कुरैशी, अन्नी खातून, जलाल, कासिम मल्लिक, हसमुख खातून, फिरोज सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### 15 दिसंबर से होगी खेलो झारखंड प्रतियोगिताएं

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिताएं 13 दिसंबर के बजाये अब 15 दिसंबर से शुरू होगी। दरअसल, स्टेडियम उपलब्ध नहीं होने की वजह से प्रतियोगिता की तिथियों में फेरबदल किया गया है। बता दें कि प्रतियोगिता का पहला चरण 15 से 17 दिसंबर के बीच होगा। जबकि, दूसरा चरण 19 से 21 दिसंबर तक होगा।

# अधिवक्ता राजीव कुमार ने डीजीपी को लिखा पत्र, सुरक्षा की लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। राजीव कुमार ने पत्र में लिखा है कि मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि पहले मेरी सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा गार्ड था। लेकिन मुझे झूठे मामले में फंसाये जाने के कारण मेरा गार्ड वापस ले लिया गया। अब मैं जमानत पर बाहर हूं और झारखंड उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में अपना काम कर रहा हूं। मुझे अलग-अलग हलकों से काफी धमकियां मिल रही हैं। इसलिए कृपया मुझे और मेरे परिवार को सुरक्षा प्रदान करें। राजीव कुमार ने आगे पत्र में लिखा कि पिछले कुछ दिनों में मुझे, पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से संबंधित व्यक्तियों ने धमकी दी है। इसलिए कृपया मुझे और मेरे परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। यदि मेरे और मेरे परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो उस स्थिति में उपरोक्त व्यक्ति जिम्मेदार होंगे। राजीव कुमार ने इसको लेकर इडी को भी एक पत्र लिखा है।

# वीरभूम नरसंहार का मुख्य आरोपी पाकुड़ से गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सीबीआइ ने की कार्रवाई, छह दिन की हिरासत में**

**पाकुड़।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बागटुई गांव में हुए नरसंहार का मुख्य आरोपी पकड़ा गया है। सीबीआइ ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआइ की टीम ने शनिवार की देर रात कार्रवाई की। झारखंड के पाकुड़ जिले से मुख्य आरोपी लालन शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद लालन शेख को रविवार को रामपुरहाट महकमा अदालत में पेश किया गया। उसे छह दिन की सीबीआइ हिरासत में भेज दिया गया है।

### दस लोगों की हुई थी मौत

उल्लेखनीय है कि इस साल 21 मार्च को तृणमूल कांग्रेस के नेता और पंचायत उप प्रमुख भादू शेख की दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी थी। आरोप है कि इस हत्या का कथित रूप से बदला लेने के लिए भड़की हिंसा में कई घरों में आग लगा दी गयी थी। इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गयी थी। मरने वालों में 3 महिलाएं और 2 बच्चे भी शामिल थे। जिसके बाद कोलकाता हाइकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने एसीबी से मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

# दुमका जेल में बंद अमन सिंह के गुर्गों ने चलायी थी गोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** केंद्रीय जेल के संतरी पलटन मरांडी पर शुक्रवार की रात अमन सिंह के गुर्गों ने गोलियां चलायी थी। गोली चलाने वालों ने अमन के नाम का एक चिट्ठी भी जेल परिसर में फेंकी थी। इसमें अमन को जेल में सारी सुविधाएं देने की बात कही गयी थी। अमन धनबाद के डिप्टी मेयर नीरज हत्याकांड का आरोपित है और इसी वर्ष के मई महीने उसे केंद्रीय जेल दुमका भेजा गया था। पुलिस ने शनिवार की सुबह जेल गेट की दीवार में घुसी नाइन एमएम की एक बुलेट भी बरामद की है। संतरी के बयान पर नगर थाने की पुलिस ने तीन अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। पुलिस को देर शाम जेल परिसर में तैनात एक संतरी ने पर्चा दिया। पर्चा को गोली चलाने वालों ने अंदर फेंका था। पत्र में लिखा है कि अमन सिंह भैया का पूरी तरह से ख्याल रखना है। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमारे भैया को हर तरह की सुविधा मिलनी चाहिए। पता चला है कि पर्चा के बाद पुलिस की एक टीम ने अमन सिंह से पूछताछ की लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। यहां तक पत्र के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की। अपराधियों की तलाश में पुलिस की पूरी टीम दिन भर दुकानों में लगे सीसीटीवी खंगालती रही।

### मई में दुमका लाया गया था अमन

नीरज हत्याकांड के आरोपित अमन सिंह को मई माह में दुमका जेल में शिफ्ट किया गया था। वह अभी सेल में है। हर समय उसकी निगरानी होती रहती है। इतना सुरक्षा है कि वह चाहकर किसी से बात तक नहीं कर पाता है। इस घटना के बाद जेल के अंदर की सुरक्षा और बढ़ा दी गयी है। जेल में अभी 1246 कैदी व बंदी हैं, जिसमें 72 महिलाएं हैं।

### दो डीएसपी के नेतृत्व में एसआइटी गठित

जेल में फायरिंग करनेवालों की तलाश के लिए डीएसपी विजय कुमार व एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी की अगुवाई में आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इसमें नगर थाना के प्रभारी नवल किशोर सिंह, सहायक अवर निरीक्षक जीतेंद्र साहू, तारिक वसीम, जामा थानेदार जितेंद्र सिंह, विवि ओपी के आकृष्ट अमन व काठीकुंड थाना प्रभारी श्यामल मंडल को शामिल किया गया है। पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी दुमका के नवल किशोरी सिंह ने कहा कि संतरी के बयान पर तीन अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है।

## पहल : ओपीडी में हर माह आते हैं 15 सौ मरीज, अधिकतर किये जाते हैं रेफर

# रिनपास और सीआइपी की तर्ज पर रिम्स में मेंटल मरीज का इनडोर में होगा इलाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में सीआइपी और रिनपास की तर्ज पर मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं इनडोर में मरीजों की प्रापर केयर के साथ उन्हें दवायें भी उपलब्ध करायी जायेंगी। ऐसे में इलाज के लिए अब मेंटल पेशेंट्स के पास एक और आप्शन रिम्स का साइकियाट्री विभाग होगा। जहां पर इनडोर की सुविधा शुरू की जा रही है। वहीं आने वाले दिनों में वहां इलाज के लिए लाये जाने वाले मरीजों पर रिसर्च भी किया जायेगा। बताते चलें कि रिम्स प्रबंधन ने इनडोर शुरू करने के लिए साइकियाट्री डिपार्टमेंट को जगह उपलब्ध करा दी है।

### 20 बेड का होगा इनडोर वार्ड

हॉस्पिटल की मल्टी स्टोरी पार्किंग बिल्डिंग में साइकियाट्री डिपार्टमेंट को जगह दी गयी है। जहां पर 20 बेड लगाये गये हैं। जरूरत पड़ने पर बेड की संख्या बढ़ायी जायेगी। फिलहाल प्रबंधन ने नर्सिंग स्टाफ और कुछ मैनपावर विभाग को दिया है। डिपार्टमेंट की ओर से जरूरी इक्विपमेंट्स और दवाओं की मांग की गयी है। जैसे ही ये चीजें उपलब्ध करायी जायेंगी तो विभाग में मरीजों का इलाज शुरू कर दिया जायेगा।



### रिसर्च के खुलेंगे रास्ते

एचओडी डॉ अजय बाखला ने बताया कि रिम्स में साइकियाट्री पर रिसर्च भी किये जा सकेंगे। इसका फायदा मरीजों के साथ ही डॉक्टर्स को भी मिलेगा। इसके आधार पर हमलोग एमडी साइकियाट्री की पढ़ाई भी शुरू होगी। रिम्स गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में अलग बिल्डिंग बनाने को लेकर सहमति बनी थी। लेकिन कुछ कारणों से योजना धरातल पर नहीं उतर पायी। अब हमें जगह मिली है तो हम कई और क्लिनिक भी शुरू करेंगे। जिसमें हेडेक क्लिनिक, स्लीप क्लिनिक, डीऐडिक्शन क्लिनिक भी शामिल होगा। साइकियाट्री डिपार्टमेंट में फैकल्टी की कमी है। फैकल्टी की भी संख्या बढ़ाने का अनुरोध प्रबंधन से किया गया है।

### ओपीडी में हर माह 1500 मरीज

साइकियाट्री ओपीडी में हर दिन 50 से अधिक मरीज आते हैं, जिनकी काउंसिलिंग के बाद इलाज शुरू किया जाता है। वहीं गंभीर मरीजों की स्थिति देखते हुए तुरंत उन्हें रिनपास या सीआइपी रेफर भी कर दिया जाता है। चूंकि वहां पर मरीजों को एडमिट कर इलाज की व्यवस्था है। रिम्स में इनडोर शुरू होने से मरीजों को रेफर करने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही रिनपास और सीआइपी पर भी मरीजों का थोड़ा लोड कम होगा।

### 24 घंटे मिलेंगे डॉक्टर-स्टाफ

रिम्स की ओपीडी सुबह 9 से शाम को पांच बजे तक होती है। इसके बाद आने वाले मरीजों को सुबह का इंतजार करने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं होता। इंतजार नहीं करने वाले मरीज को लेकर रिनपास चले जाते हैं। ऐसे में 24 घंटे डॉक्टर व स्टाफ के रहने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। वहीं इलाज के लिए सिटी से 8 किलोमीटर दूर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



### जामताड़ा सदर अस्पताल की दुर्दशा देख भड़के विधायक

# इससे अच्छा होगा कि इसे अडानी-अंबानी को सौंप दें



आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** विधायक डॉ इरफान अंसारी जामताड़ा के सदर अस्पताल पहुंचकर पूरे अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक अस्पताल की व्यवस्था देख कर भड़क उठे। विधायक ने बताया कि ऐसा पहली बार उन्होंने देखा है कि अस्पताल में एक भी मरीज नहीं हैं और ना ही डाक्टर हैं। सिविल सर्जन भी अस्पताल में मौजूद नहीं हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है, जो कि चिंता का विषय है।

आगे विधायक अल्ट्रासाउंड डिपार्टमेंट पहुंचे, जहां उन्हें बताया गया कि पूरा सिस्टम पीपीपी मोड (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) पर चल रहा है। पीपीपी मोड के नाम पर बाहर की कंपनियां सिर्फ सैलरी उठाने का काम कर रही हैं। जब अस्पताल में डाक्टर ही नहीं हैं तो फिर अल्ट्रासाउंड मशीन की क्या जरूरत है। बिफरे विधायक बोले, इससे तो अच्छा है कि अस्पताल को अडानी या अंबानी को सौंप देना चाहिए। कम से कम मरीजों की जान तो बच जायेगी। उन्होंने कहा कि वह खुद भी डाक्टर हैं और उनसे इस तरह की व्यवस्था देखी नहीं जाती।

अस्पताल की कुव्यवस्था पर पहले भी उठा चुके हैं सवाल

पूर्व में भी उन्होंने कई बार इस कुव्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उनका कहना है कि जिस राज्य की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था अच्छी ना हो उस राज्य के विकास की बात करना बेईमानी होगी। हमारी सरकार अच्छा काम कर रही है, परंतु इस तरह की लापरवाही से सरकार की छवि खराब हो रही है। वह स्वास्थ्य मंत्री से मांग करते हैं कि उन्हें मामले को संज्ञान में लेना चाहिए और स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरूस्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाना चाहिए।

### बुजुर्ग ने बेटे के विरुद्ध थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी, लिखा

# मेरे दुष्ट - दुराचारी बेटे के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई

**मारपीट की धाराओं के साथ अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक देखभाल व कल्याण अधिनियम 2007 की धारा 24 के तहत धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**रांची।** धुर्वा थाना में 71 साल के एक बुजुर्ग पिता ने अपने बेटे के विरुद्ध मारपीट एवं प्रताड़ित करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। बुजुर्ग का नाम चंद्रेश्वर शर्मा है। वे आदर्शनगर धुर्वा में रहते है और सेवानिवृत्त है।

दर्ज प्राथमिकी में चंद्रेश्वर शर्मा ने पुलिस को बताया है कि करीब दो वर्ष पूर्व उनका बेटा कुंदन कुमार ने मारपीट कर उन्हें उनके ही क्वार्टर से बाहर कर दिया था। विवाद से बचने के लिए चंद्रेश्वर शर्मा ने अपना क्वार्टर छोड़ दिया और आदर्शनगर में एचइसी की खाली जमीन पर झोपड़ी बना कर रहने लगे। उन्हें एचइसी से 1775 रुपये का पेंशन मिलती है, जिससे उनका गुजारा नहीं हो पाता। उनकी ओपन हार्ट सर्जरी भी हो चुकी है। महीने में उन्हें 2500 रुपये दवा खरीदने में लग जाता है। घर चलाने एवं दवा खरीदने के लिए उन्होंने आदर्श नगर में दो किराएदार रखा है। जिससे उन्हें 4500 रुपए किराया आता है। किसी तरह उनका काम इससे चल जाता है। लेकिन इस किराये पर भी उनके बेटे कुंदन की नजर है। कुछ दिन पहले वे अपने गांव गये थे। एक सप्ताह पहले जब वे अपने गांव से वापस आदर्श नगर लौटे तो उनके किराएदार ने बताया कि उनके बेटे कुंदन ने उनसे 2500 रुपये नवंबर महीने का किराया ले लिया है। जब किरायेदार से उन्होंने पूछा कि घर उनका है, तो किराया उन्होंने बेटे को क्यों दिया।

**बेटे को कहने गये कि किराये के पैसे से मेरा इलाज चलता है, इस पर बेटे ने मारपीट की :** किराये को लेकर 30 नवंबर को चंद्रेश्वर शर्मा अपने बेटे के आवास पर गये। उन्होंने बेटे कुंदन को कहा कि किराये के पैसे से उनका इलाज चलता है। इसलिए वह आदर्श नगर का किराया नहीं ले। आरोप है कि इस बात पर उसने अपने 71 साल के पिता के साथ मारपीट की। वे फर्श पर गिर पड़े। जबड़े से खून निकलने लगा। इसके बाद भी वह रूका नहीं उन्हें मारता रहा।

पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि कुंदन कुमार उन्हें कहता है कि अब तुम्हारा उपर जाने का उम्र हो गया है। इस धरती पर रहने का तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है। बेटे की इस प्रताड़ना से वे काफी तनाव में हैं। इस वजह से उन्हें अब लगने लगा है कि वे आत्म हत्या कर लें। उन्होंने थाने को लिख कर दिया है कि अब आखिरी उम्मीद से आखिरी बार थाने आया हूं। मुझे न्याय दिलाने व मेरे दुष्ट दुराचारी बेटे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

**थाना प्रभारी ने कहा जांच हो रही है होगी कार्रवाई :** इस मामले में थाना प्रभारी धुर्वा प्रवीण कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। थाने में आवेदन आया था जिसपर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही इस मामले में कार्रवाई की जायेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 22 साल बाद पहली बार महिला बनी झासा की अध्यक्ष



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष बनी रंजीता हेंब्रम। रविवार को संघ की आम सभा सह निर्वाचन की प्रक्रिया आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शरीक हुए। आम सभा में सर्वसम्मति से 41 वें बीपीएससी 1998 बैच की अधिकारी रंजीता हेंब्रम को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वहीं राहुल कुमार महासचिव निर्वाचित हुए। रंजीता हेंब्रम वर्तमान में झारखंड राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित हैं। यह अपनी बैच की महिला संवर्ग की टॉपर और सातवें रैंक हासिल की थी। अध्यक्ष चुने जाने के बाद रंजीता हेंब्रम ने कहा कि वे संघ को सशक्त बनायेंगी और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को दूसरे राज्यों के समकक्ष सुविधा और सम्मान दिलाने का प्रयास करेंगी।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने आर्य समाज मंदिर साप्ताहिक सत्संग में भाग लिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने आर्य समाज मन्दिर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग एवं हवन में भाग लिया। डॉ प्रद्युमन शास्त्री के ब्राह्मणत्व में वैदिक मंत्रों के साथ हवन किया । उसके बाद सुख-समृद्धि एवं नैतिक मूल्यों को धारण करने के लिए कामना की एवं शिक्षक इंद्रजीत दत्ता एवं मुक्ति सरकार ने भक्ति भाव से संगीत प्रस्तुत कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर झरखण्ड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रेम प्रकाश आर्य ने कहा कि आज बच्चों में संस्कार एवं नैतिक मूल्यों की कमी देखने को मिल रही परन्तु डीएवी अपने यहाँ पढ़ रहे विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार एवं नैतिक शिक्षा देने के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर सुशीला गुप्ता, एस एल गुप्ता, वरुण बिहारी, पूर्णचन्द्र आर्य, अखिलेश मिश्रा, सुशील आर्य, सुभाष मिश्रा, यतीश चन्द्र यति, नन्दकिशोर पाण्डेय, एन के पाठक, आरती सिन्हा, राजलक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

### आनंद विहार कॉलोनी में हवन यज्ञ किया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को लोहरा कोचा के आनंद विहार कॉलोनी में हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया। जन समस्याओं, पर्यावरण शुद्धिकरण एवं सनातन धर्म के संस्कारो की पुनर्स्थापना हेतू यज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। मोहल्ले के जन समस्याओं को लेकर आर्य समाज के द्वारा यज्ञ किया गया। इस कार्यक्रम में सभी मोहल्ले वासी सम्मिलित थे। इसमें मुख्यता राजेश कांत प्रसाद, मोती ठाकुर, बृजमोहन वर्मा, कुमार भारद्वाज, रवि मुंडा, त्रिलोचन गोस्वामी, जुगल किशोर प्रसाद, अथर्व सिन्हा, फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज अग्रवाल मौजूद थे।

### जोमैटो डिलिवरी ब्वॉय हड़ताल पर

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी वासियों को अब घर बैठे जोमैटो से खाना ऑर्डर करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि रांची के जोमैटो डिलिवरी बॉय रविवार से हड़ताल पर चले गये हैं। जोमैटो गिग के डिलिवरी बॉय ने प्रबंधन के सामने 10 सूत्री मांग रखी है। जिसे प्रबंधन ने ठुकरा दिया है। जिसके बाद रविवार से डिलिवरी बॉय हड़ताल पर चले गये। वहीं रविवार को शहरभर के जोमैटो डिलिवरी बॉय ने कोई भी ऑर्डर डिलिवर करने से मना कर दिया। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। जोमैटो के डिलिवरी बॉय अपनी मांगों को लेकर सीटू के बैनर तले 6 दिसंबर को राजभवन मार्च करेंगे। बता दें कि शायद कम ही लोग जानते होंगे कि घर तक खाना पहुंचाने वाले जोमैटो के डिलिवरी बॉय को कई परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। समय पर खाना पहुंचाने के अलावा कस्टमर्स के गुस्से का भी कई बार शिकार होना पड़ता है। ऊपर से मेहनताना भी काम के हिसाब से कम ही मिलता है। हालांकि ये कोई पहली बार नहीं है, जब जोमैटो डिलिवरी बॉय हड़ताल पर गये हो। इससे पहले भी देश की राजधानी दिल्ली सहित कई शहरों में ऐसी हड़ताल हुई है। जोमैटो बॉय अपने मेहनताने को लेकर पहले भी कई बार हड़ताल पर जा चुके हैं।

### रिम्स को मिले चार नये डॉक्टर

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सबसे बड़े हॉस्पिटल में रिम्स में मैनपावर दुरुस्त करने को लेकर काम जारी है। इस दौरान रिम्स को एक हफ्ते में चार नये डॉक्टर मिले हैं। सभी का इंटरव्यू कुछ दिन पहले रिम्स में लिया गया था। डॉक्टरों की फाइनल लिस्ट जारी की गयी है, जिसमें डेंटल कॉलेज के लिए तीन एसोसिएट प्रोफेसर शामिल हैं। पीरियोडोंटोलॉजी एंड ओरल इंप्लांटोलॉजी में डॉ शिवा मंजूनाथ आरजी, कंजर्वेटिव इंडोडोंटिक्स एंड एस्थेटिक डेंटिस्ट्री में डॉ गौरव कुमार और आथोडोंटिक्स एंड डेंटोफेशियल आथोपेडिक्स में डॉ अभय कुमार जैन हैं। वहीं न्यूरोलॉजी में एक सीनियर रेजीडेंट डॉ रितु राशि को नियुक्त किया गया है।

### अग्रसेन पथ श्री श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी महापर्व मना



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन पथ श्री श्याम मंदिर में रविवार को मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी महापर्व अत्यंत भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न रंगों के गुलाब, चमेली, गेंदा, रजनीगंधा एवं तुलसी दल के गजरो से अत्यंत मनभावन सिंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः से ही भक्तगण कटरब्रध हो श्री श्याम प्रभु का दिव्य दर्शन कर रहे थे। रात्रि 8:30 बजे श्री श्याम प्रभु का पावन ज्योत प्रज्वलित की गयी। इसमें भक्तगण मनोवांछित फल की कामना लिए पावन ज्योत में आहुति दे रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। कभी तेरा दामन न छोड़ेंगे हम... खाटू के बाबा श्याम जी मेरी रख लेना लाज... बैठ्यो रांची मं लगाकर दरबार श्याम बाबो राज करे... इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण श्री श्याम रस में डूबे रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान जैसे केसरिया पेड़ा, गाजर हलवा, तिलकुट, कलाकंद, मिल्क केक, रबड़ी, गुलाबजामुन विभिन्न प्रकार के फल एव मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एसएस एकेडमी नयासराय रोड पुनदाग का वार्षिकोत्सव मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसएस एकेडमी नयासराय रोड, पुनदाग का वार्षिकोत्सव रविवार को मनाया गया। उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल उपस्थित हुए। इस अवसर पर एसएस एकेडमी के संचालक शमीम अंसारी, डायरेक्टर सबा अंजुम ने मुख्य अतिथि आदित्य विक्रम जायसवाल को माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही लोकल ट्राईबल गमछा पहनाया गया। इसके पश्चात प्रोग्राम की शुरूआत चीफ गेस्ट के वेलकम सॉन्ग से हुई उसके बाद आसामी डांस, रिस्पेक्ट योर पैरंट्स ,सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन एवं वूमेन एंपावरमेंट पर प्रोग्राम हुआ।

झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

मौक पर गेस्ट आरची हॉस्पिटल नगरी के मैनेजर आरिफ अंसारी, अल्फाज अंसारी, एसएस एकेडमी के संचालक शमीम अंसारी एवं डायरेक्टर सबा अंजुम, टीचर रोहित मुंडा, फिरोज अंसारी, अब्दुल खान, सबा करीम, आरिफ अंसारी, तालिया इसार, अर्पिता उराव, शबिस्ता नाज, प्रियंका, अनिल सिंह, विवेक धान आदि लोग मौजूद रहे।

### जुबिलेशन 2022 : कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया एनुअल स्पोर्ट्स डे

# खेल स्वस्थ शरीर की कुंजी है : नलिन कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हम तैयार है धरती से अंबर को छूने के लिए, मन में ठानी है हमने कुछ कर गुजरने के लिए - इस शीर्षक गीत के साथ कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे जुबिलेशन-2022 मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में लॉ डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेट्री नलिन कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन कहा कि खेल में भाग लेना महत्वपूर्ण है न कि हारना या जीतना। खेल स्वस्थ शरीर की कुंजी है। विद्यालय के चेयरमैन विशाल कुमार सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण तथा आत्मानुशासन के लिए जरूरी है। कहा कि खेल व्यक्ति को उत्साह और साहस प्रदान करता है। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास, स्वावलंबन और संस्कार का धरातल तैयार कर उन्हें योग्य नागरिक बनाने के ध्येय पर सतत अग्रसर है। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड अपनी शिक्षा यात्रा की करीब तीस वर्षों के कालखंड में समग्र विकास, समावेशी शिक्षा और स्वावलंबन के कई प्रतिमान स्थापित किये है। विद्यालय प्रबंधन के प्रेसिडेंट पंचम सिंह ने कहा कि हमारे लिये शिक्षा सिर्फ तथ्यों का संकलन मात्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अंतर्निहित गुणों को पूर्णता प्रदान करना है। संचालन शिक्षिका विनीता वर्मा, मीनाक्षी शर्मा और विनीत कौर ने किया। खेल स्पधाओं से जुड़े कार्यक्रम का संचालन छात्रा ग्रेसी सिंह, शौर्य प्रखर, आशीष टुडू और वर्षा सोनी ने किया। जेवीएम के दीपक कुमार सिन्हा, विकास विद्यालय के कौसर अली और केरली स्कूल के धनंजय सिंह ने मार्च पास्ट में निर्णायक की भूमिका निभायी। कार्यक्रमों का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन चीफ कोऑर्डिनेटर आशा राज ने किया।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य विनय कुमार, रीता सिंह एवं दिग्विजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम मौजूद थे। इसके अलावा शारदा ग्लोबल स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर रंजना स्वरूप एंड एच स्कूल की डायरेक्टर तनुजा पाणिग्रही, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मनीषा तिवारी, सच्चिदानंद ज्ञान भारती विद्यालय की प्राचार्या मोनिका प्रशांत कार्यक्रम में मौजूद थे।

# एंबुलेंस नहीं मिलने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं : प्रतुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** बालूमाथ में एक आदिवासी मृतक के शव को घर ले जाने तक के लिए एंबुलेंस नही देने पर कार्रवाई की बात कहने वाली जिला प्रशासन ने 72 घंटे बीत जाने के बाद भी अबतक दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। मामलें पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कहा की अबुआ राज की यही हकीकत है। आदिवासी पीड़ित के साथ अबतक न्याय नहीं हुआ। जिला प्रशासन ने कार्रवाई करने की बात कही, 72 घंटे बीत गये। प्रतुल ने अपने ट्वीट में कहा की अब तक जांच टीम ने रिपोर्ट ही तैयार नहीं किया है। यह ढुलमुल रैवया साफ दर्शाता है कि आदिवासियों की हितों की बात करने वाली राज्य सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है। प्रशासन तत्काल संबंधित पदाधिकारी और बालूमाथ सीएचसी प्रभारी को निलंबित करें। प्रतुल ने अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री और लातेहार उपायुक्त को टैग करते हुए कार्रवाई करने की मांग की और कहा की विभाग को तत्काल ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की दोबारा ना हो। बता दे कि एक आदिवासी चंदरु लोहरा के पार्थिव शरीर को ठेले में लादकर घर ले जाया जा रहा था जो काफी विवादों में रहा था।

# झारखंड के सभी जिले में निकलेगी खतियानी जोहार यात्रा : विनोद पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित खतियानी जोहार यात्रा की सफलता को लेकर रविवार को झामुमो महासचिव सह राज्य समन्वय समिति सदस्य विनोद पांडे लोहरदगा पहुंचे। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अगुवाई में विनोद पांडे का गर्मजोशी से झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शहर के बक्शीडीपा से बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता बाइक रैली के साथ शहर का परिभ्रमण किया। झामुमो महासचिव विनोद पांडे का स्वागत करते हुए सर्किट हाउस लाया। सर्किट हाउस परिसर में स्थानीय झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विनोद पांडे ने बैठक किया। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर उनमें ऊर्जा का संचार किया। झामुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को लेकर उत्साहित हैं। इस मौके पर झामुमो महासचिव विनोद पांडे ने मीडिया कर्मियों से कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1932 खतियान जोहार यात्रा की शुरूआत गढ़वा जिला से करेंगे। पहले चरण में गढ़वा, डालटेनगंज, लातेहार, लोहरदगा, देवघर और गोड्डा जिले में यात्रा निकाली जायेगी। इस यात्रा को लेकर पूरे राज्य में झामुमो कार्यकताओं और राज्य वासियों में विशेष उत्साह है। विनोद पांडे ने कहा कि राज्य में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से लगातार जन कल्याणकारी और राज्य वासियों की उम्मीदों को पूरा करने वाले कई फैसले लिए गये हैं। 1932 का खतियान के आधार पर स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27% आरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय विधानसभा से पारित किया गया है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को स्थगित कर तीन जिले के हजारों गांव के लोगों की चीर प्रतिक्षित मांग को पूरा किया गया। झामुमो और गठबंधन दलों के संकल्प पत्र को पूरा करने का लगातार प्रयास सरकार कर रही है। विनोद पांडे ने कहा कि राज्य में पहली बार मुख्यमंत्री आवास में लोगों का भारी संख्या में जमावड़ा घेराव करने के लिए नहीं आभार जताने के लिए उमड़ा है। विभिन्न स्तरों पर राज्य वासियों द्वारा लगातार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार पर लोगों की उम्मीद और विश्वास बड़ी है। राज्य वासियों की भावना को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी जिले में यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इस यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य की जनता से आभार लेंगे और उन्हें धन्यवाद देंगे। हेमंत सोरेन सरकार राज्य वासियों के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरेगी। इस मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, फागु बेसरा, ईजफर इकबाल, एनुल अंसारी, बालमुकुंद लोहरा, अनिल उरांव समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

# कैदियों के पास मोबाइल फोर जी फोन, तो कैसे लगेगी कॉल पर लगाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फोर जी के दौर में झारखंड के जेलों की सुरक्षा व्यवस्था टू जी जैमर के भरोसे है। जेल परिसर में मोबाइल नेटवर्क को बंद करने के लिए फोर जी का जैमर लगाने की प्रक्रिया कई साल से चल रही है, लेकिन अब तक फोर जी जैमर नहीं लग पाया है। इसे लेकर बीते 23 सितंबर को मुख्यमंत्री ने कहा था कि जेलों में बंद कई अपराधी मोबाइल या अन्य माध्यमों से आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसकी शिकायत भी लगातार मिल रही है। इस पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य के सभी जेलों में एक माह में जैमर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाये।

**जेल से ही सक्रिय हैं राज्य के कई बड़े अपराधी :** झारखंड के बड़े व कुख्यात अपराधी जेल के अंदर रहते हुए भी सक्रिय हैं। जेल से ही वाह्ट्सएप और बाहर रह रहे अपने गुर्गों के सहयोग से गिरोह चलाते हैं। इतना ही नहीं आए दिन आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिलाते हैं। रंगदारी वसूलने का काम करते हैं। जेल में बंद और बाहर रह रहे अपराधियों की गतिविधियों के संबंध में खुफिया विभाग द्वारा एकत्र की गयी जानकारी से इसकी पुष्टि होती रही है। जेल में रहते किसी अपराधी के सक्रिय होने की सूचना पर अमूमन संबंधित जिला की पुलिस उसे दूसरे जिले के जेल में ट्रांसफर करने व केस दर्ज करने की कार्रवाई करती है, लेकिन इसका भी असर बड़े अपराधियों पर नहीं हो रहा है। हाल के दिनों में कई अपराधियों के जेल ट्रांसफर होने के बाद भी उनकी सक्रियता की जानकारी खुफिया विभाग के जरिये पुलिस तक पहुंचती रही है।

**फोर जी फोन का है जमाना, जेलों में अब भी लगा है टू जी जैमर :** झारखंड की जेलों में कैदियों की भरमार लगी हुई है। जेल में क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। सूबे की जेलों में एक-दो नहीं बल्कि क्षमता से 3756 ज्यादा कैदी बंद हैं। पूरे झारखंड में 31 जेल हैं, जिनमें सात सेंट्रल, 17 जिला एवं 6 अनुमंडल कारा हैं और एक ओपन जेल है। इन सभी जिलों में कैदियों के रखने की कुल क्षमता 17501 है, जबकि वर्तमान में 21257 कैदी जेलों में बंद है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा सहित सभी जेल जैमर फ्री हो गये हैं। इससे जेल से ही वाट्सअप कॉल कर अपराधी अपना गैंग चला रहे हैं और बाहर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इससे पुलिस को अपराध नियंत्रण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, राज्य के कुल 31 जेलों में से 17 जेलों में टूजी जैमर 2008 में लगाये गये थे।

# समान नागरिक संहिता की तैयारी

भाजपा कई वर्षों से लगातार वायदा कर रही है कि वह सारे देश में सबके लिए निजी कानून एक-जैसा बनायेगी। वह समान नागरिक संहिता लागू करने की बात अपने चुनावी घोषणा-पत्रों में बराबर करती रही है। निजी मामलों में समान कानून का अर्थ यही है कि शादी, तलाक, उत्तराधिकार, दहेज आदि के कानून सभी मजहबों, जातियों और क्षेत्रों में एक-जैसे हों। भारत की दिक्कत यह है कि हमारे यहां अलग-अलग मजहबों में निजी-कानून अलग-अलग तो हैं ही, जातियों और क्षेत्रों में अलग-अलग से भी ज्यादा परस्पर विरोधी परंपराएं बनी हुई हैं। जैसे हिंदू कोड बिल के अनुसार हिंदुओं में एक पत्नी विवाह को कानूनी माना जाता है, लेकिन शरीयत के मुताबिक एक से ज्यादा बीवियां रखने की छूट है। भारत के कुछ उत्तरी हिस्सों में एक औरत के कई पति हो सकते थे। भारत के दक्षिणी प्रांतों में मामा-भांजी की शादी भी प्रचलित रही है। आदिवासी क्षेत्रों में बहु पत्नी प्रथा अभी भी प्रचलित है। इसी तरह से पति-पत्नी के तलाक संबंधी परंपराएं भी अलग-अलग हैं। यही बात पैतृक संपत्ति के उत्तराधिकार पर भी लागू होती है। इन सवालों पर संविधान सभा में काफी बहस हुई और नीति निर्देशक सिद्धांतों में समान सिविल कोड की बात कही गयी, लेकिन आज तक किसी केंद्र या प्रादेशिक सरकार की हिम्मत नहीं पड़ी कि सबके लिए एक-जैसा निजी कानून बना दे। अब खुशी की बात है कि उत्तरप्रदेश, गुजरात, असम और उत्तराखंड की सरकारों के साथ-साथ मध्यप्रदेश की सरकार भी समान आचार संहिता लागू करने की तैयारी कर रही है। वैसे भारत में जन्मे धर्मों हिंदू, जैन, सिख, बौद्ध आदि मतावंलबियों पर तो यह पहले से लागू है लेकिन ईसाई, मुसलमान, यहूदी आदि विदेशों में जन्मे धर्म के लोग अपने मजहबी कानूनों को ही लागू करने पर अड़े हुए हैं। इसे वे भाजपा की हिंदूकरण की रणनीति ही मानते हैं। ऐसे लोगों से मुझे यही पूछना है कि आप अपने धर्म का पालन करना चाहते हैं या विदेशियों की नकल करना चाहते हैं? क्या इस्लाम, ईसाइयत, यहूदी और पारसी धर्म का पालन तभी होगा, जब हमारे मुसलमान अरबों की, हमारे ईसाई यूरोपियों की, हमारे यहूदी इसराईलियों की और हमारे पारसी ईरानियों की नकल करें? जब हमारे हिंदुओं ने पुरानी परंपरा को त्याग दिया, तो हमारे मुसलमानों को भी डेढ़ हजार साल पुरानी अरबों की पोंगापंथी परंपराओं के अंधानुकरण की क्या जरूरत है।

**भारत की दिक्कत यह है कि हमारे यहां अलग-अलग मजहबों में निजी-कानून अलग-अलग तो हैं ही, जातियों और क्षेत्रों में अलग-अलग से भी ज्यादा परस्पर विरोधी परंपराएं बनी हुई हैं।**

# फिरायालाल वाला अलबर्ट एक्का




**सुनील बादल**

3 दिसंबर 1971 को 20 गोलियां लगने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर दुश्मन पाकिस्तान के बंकर को नष्ट करनेवाले बिहार-झारखंड के एकमात्र परमवीर अलबर्ट एक्का की मूर्ति राजधानी रांची के महात्मा गांधी सड़क के चौराहे पर लगी है, पर इस चौराहे को राजनीतिक झंडों से विकृत करने वाले नेताओं, सरकारों और मीडिया ने भी चार दशकों बाद चौराहे को फिरायालाल चौक के रूप में ही याद रखा है, जो शहीदों का अपमान लगता है। इसी प्रकार रिम्स बने डेढ़ दशक हो गये पर आरएमसीएच का बोर्ड सड़क पर अभी भी मुंह चिढ़ा रहा है। कांके रोड सीएम आवास के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव अभी भी हॉट लिप्स चौक के रूप में याद किया जाता है। महात्मा गांधी रोड की तरह इस पर स्थापित लाला लाजपत राय चौक शायद ही कोई बता सके। सुजाता चौक सभी जानते हैं। महाराजा अग्रसेन चौक अभी भी लालपुर चौक ही है।

अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते गुमला के उनके जन्मस्थान जारी को 19 मार्च 2010 को अलबर्ट एक्का प्रखंड बनाया गया, जिसके पांच पंचायतों में 60 गांव हैं। 30 हजार 926 आबादी वाले कुछ गांवों में सोलर से बिजली जलती है, पर ग्रामीण विद्युतीकरण अधिकांश गांवों में बिजली नहीं पहुंचा पायी है। टेन प्लस टू स्कूल में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसे विभाग पूर्व के डुमरी से संचालित हो रही हैं। लोग 70 किमी दूर गुमला या छत्तीसगढ़ के जशपुर में जाकर इलाज कराते हैं। अस्पताल भी अधूरा है। परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से बने गुमला के जारी प्रखंड को 12 साल हो गये, पर प्रखंड, अंचल, थाना तथा बीआरसी को छोड़ कर अधिकांश विभाग आज भी डुमरी प्रखंड से संचालित हो रहे हैं।

सबसे घनी जनजातीय आबादी वाला गुमला जिला का यह क्षेत्र परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर बहादुर सैनिकों की भर्ती का बड़ा केंद्र हो सकता था और लोगों का प्रेरणा स्रोत भी, लेकिन दिखावटी राजनीति और सरकारों की उपेक्षा के कारण सिर्फ सजावटी विकास का प्रतीक बनकर रह गया है अल्बर्ट एक्का प्रखंड।

पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगायी जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं, जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं। उसके लिए लड़ाई हो जाती है। जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो, शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो, वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जायेंगे, लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है। यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है, लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नयी पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला?

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में हमें कई दशक लगे हैं। अगले वर्ष, जब भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब हमारे पास यह शानदार अवसर होगा कि हम आगे की राह दिखायें तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता और विदेशी सोर्सिंग के बीच संतुलन बिठा सकें। एक प्रधानमंत्री का कर्तव्य होता है कि वह एक राष्ट्रीय परिकल्पना प्रस्तुत करे।**

# भारत की शतकीय पारी और विज्ञान: विकसित देश होने की राह पर

**गौतम आर देसिराजू और शरण शेट्टी**



15 अगस्त, 2022 को जब भारत ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिये, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सबका आह्वान किया था कि हम उस यात्रा में शामिल हो जायें, जिसमें भारत 2047 तक एक विकसित देश के रूप में परिवर्तित हो जायेगा। यही वह वक्त है, जब एक आजाद देश के रूप में भारत अपनी शतकीय पारी पूरी करेगा। प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मुख्य विशेषताओं में इस यात्रा के तीन पड़ावों का जिक्र था - यह तथ्य कि हम आकांक्षी समाज बन गये हैं, यह कि अब भारतीयों में सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक पुनर्जागरण हो रहा है और यह कि विश्व में हम अपना अधिकारपूर्ण स्थान प्राप्त करने का जो दावा कर रहे हैं, उसे अब पूरी दुनिया गंभीरता से ले रही है। हर चीज की योजना के लिए 25 वर्षों का समय कोई लंबा समय नहीं होता और यह बिलकुल साफ है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में ठोस प्रगति किये बिना, विकसित होने के इस तमगे को प्राप्त करना कठिन होगा। अगर विकसित देश का दर्जा हासिल करना है, तो भारतीय विज्ञान के लिये उसी के अनुरूप ठोस रोडमैप तैयार करना होगा। पिछले सप्ताह बाली, इंडोनेशिया में जी-20 की अध्यक्षता प्राप्त करते समय इन मुद्दों को रेखांकित किया गया था। विशेष रूप से देखा जाये, तो विज्ञान-20 या एस-20 साइंस इंगेजमेन्ट ग्रुप को सरकार ने स्थापित किया है।

**इस समय हम अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत शिक्षा और अनुसंधान पर खर्च करते हैं।**

बिना वक्त गंवाये, केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने एस-20 शिखर बैठकों की तैयारी का जायजा लेने के लिए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एस-20 शिखर बैठक अगले वर्ष कोयंबटूर में होगी, जिसकी विषयवस्तु डिसरप्टिव साइंस फॉर इनोवेटिव एंड सस्टेनेबल गोल है। इस शिखर बैठक के दौरान रिसर्च इनोवेशन इनीशियेटेड गैदरिंग (आरआइआइजी) विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आरआइआइजी बैठक के उप-विषयों में सतत ऊर्जा के लिये सामग्रियां, वैज्ञानिक चुनौतियां व सतत ब्लू इकोनॉमी, जैव-विविधता और जैव-अर्थव्यवस्था की प्राप्ति के लिए अवसर तथा ऊर्जा अंतरण के लिए आर्थिक-नवोन्मेष शामिल हैं। सरकार को उम्मीद है कि शिखर बैठक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देगी, जहां पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के लिये प्रारूपों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा प्रौद्योगिकी स्थानांतरण, वैश्विक स्टार्ट-अप इको-प्रणाली की रचना तथा आइपी शेयरिंग पर आग्रह एजेंडा का हिस्सा होंगे।

विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में हमें कई दशक लगे हैं। अगले वर्ष, जब भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब हमारे पास यह शानदार अवसर होगा कि हम आगे की राह दिखायें तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता और विदेशी सोर्सिंग के बीच संतुलन बिठा सकें। एक प्रधानमंत्री का कर्तव्य होता है कि वह एक राष्ट्रीय परिकल्पना प्रस्तुत करे। इस क्रम में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्रियों ने अतीत में जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के रूप में इसे प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें अब जय अनुसंधान को जोड़ दिया है। विज्ञान और शोधात्मक नवोन्मेष बहुत महत्त्वपूर्ण हो गये हैं। वे निरंतरता और समावेशिता के मद्देनजर जन-परिवेश में भी शामिल हो गये हैं। यह बहुत खास बिंदु है, क्योंकि कोई भी देश मात्र समान उच्च जीवन मानकों के बल पर विकसित अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उसके लिए विज्ञान और अनुसंधान व विकास प्रक्रिया में भारी निवेश भी करना पड़ता है, जिसके तहत विज्ञान प्रयोगशालाओं से निकल कर जन-मानस तक पहुंच जाता है। हमारे औपनिवेशिक दुर्भाग्य ने हमें विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को पश्चिम की तुलना में 150 वर्ष तथा चीन की तुलना में मोटे तौर पर 30 वर्ष पीछे कर दिया। हमने जो 25-वर्षीय योजना बनायी है, उसे हासिल किया जा सकता है - लेकिन यह तभी होगा, जब हम बिल्कुल सटीक रणनीति के साथ योजना बनायेंगे और उस पर अमल करेंगे।

आंकड़ों के आधार पर देखें, तो इस वर्ष 7.8 प्रतिशत की विकास दर के बल पर वर्ष 2026-27 तक (यदि तेल की कीमतों में कोई भारी उलट-फेर न हो) हम पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा तक संभावित पहुंच के कारण सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि हम 2031-32 तक 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तथा 2047 तक 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। इस स्थिति में हम सिर्फ पीपीपी नंबरों के आधार पर नहीं, बल्कि पूर्ण मौद्रिक संदर्भों में दुनिया के तीन सर्वोच्च देशों में शामिल हो जायेंगे।

2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें क्या करना होगा? आर जगन्नाथ और आशीष चंदोरकर ने स्वराज्य में जो लिखा है, हमें उस पर ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त, मैं इसमें शिक्षा, फार्मा एवं महिला स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य, निर्यात, मांग-आपूर्ति के असंतुलन पर ध्यान देना, उर्वरक सहित पोषण, समुद्री और ध्रुवीय अनुसंधान सहित जल, जलवायु परिवर्तन, जिनोमिक्स, नैनोमेटीरियल सहित उन्नत पदार्थ, रोबोटिक्स, विद्युत और सौर ऊर्जा चालित वाहन, ड्रोन, वाह्य अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी को आमतौर पर जोड़ना चाहूंगा। इसमें कुछ जरूरी सेक्टरों को भी जोड़ना उचित होगा, जहां विशेषज्ञों द्वारा संचालित वैज्ञानिक कार्य-पद्धति को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक प्रौद्योगिकी में बदलना शामिल है। विकसित देश बनने की सीढ़ी चढ़ते वक्त उद्योग को केंद्रीय भूमिका अदा करनी होगी, जिसमें सरकार मुख्य तथा सुविधा प्रदान करने वाली भूमिका में होगी। इन सबको वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के संदर्भ में लेना होगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला देशों के बीच एक नये युद्ध का औजार बन चुकी है - जिसे हम ठंडे स्थान पर गर्म युद्ध कह सकते हैं।

25 वर्ष की इस छोटी सी अवधि को मद्देनजर रखते हुए, हम कुछ अड़चन वाले क्षेत्रों में आयातित समाधानों की उपेक्षा नहीं कर सकते। इसके लिए भारत के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोची-समझी विदेश नीति की जरूरत है। हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि कोई भी देश परिस्थितियों को देखते हुये मित्र भी हो सकता है, तटस्थ हो सकता है या विरोधी भी हो सकता है। आर्थिक मोर्चे पर, तकनीकी मामलों को आगे बढ़ने, कौशल विकास, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बौद्धिकता तथा आपूर्ति श्रृंखला की खामियों पर भी ध्यान देना होगा; यह भारी-भरकम पैकेज है।

गैर-आर्थिक, गैर-वैज्ञानिक मामले भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। इन पर फौरन ध्यान देना होगा, वरना ये मुद्दे तकनीकी प्रगति के सारे प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं। जगन्नाथन ने सात आपात मुद्दों की सूची बनायी है, जिन पर फौरन ध्यान जरूरी है: न्यायिक सेवा और कानून लागू करने की प्रक्रिया में सुधार; प्रशासनिक सुधार; उपरोक्त ठंडे स्थानों पर गर्म युद्ध को ध्यान में रखते हुए रक्षा सुधार तथा युद्ध में कृत्रिम बौद्धिकता का उपयोग; गहरे और आपाद संवैधानिक संशोधन, जिसके लिए संविधान सभा जैसी व्यवस्था दरकार हो; चुनाव सुधार, जो बुनियाद में बैठे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये; सभ्यता संबंधी कामों को दोबारा करना; भारत की अस्मिता के साथ भारत के पुनर्जागरण का एकीकरण और अंत में केंद्र तथा राज्यों के बीच शक्तियों का विकेंद्रीकरण। इनमें से कुछ मुद्दे अन्यों की अपेक्षा भारतीय वैज्ञानिक क्रांति को ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन कोई भी गैर-जरूरी नहीं है।

अपने मौजूदा प्रशासनिक और प्रबंधन ढांचे को देखते हुए हम कैसे इस महत्वाकांक्षी सूची में दर्ज मामलों को पूरा करेंगे? प्रगति का एक महत्वपूर्ण अंग है शिक्षा का उचित प्रबंधन। भारत की आजादी के बाद से जितनी भी सरकारें आयीं, उन सबने सबको शिक्षा को सुगम बनाने का मार्ग बनाया। आइआइएससी, आइआइटी और आइआइएम जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों ने दुनिया के सामने यह झांकी पेश की कि भारत क्या-कुछ करने की क्षमता रखता है। इस सबके बावजूद हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए तथा उसके लिए आमूल अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए अभी बहुत-कुछ करने की जरूरत है। इस समय हमें पूरी तरह उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, यदि आवश्यक हुआ, तो निजी विश्वविद्यालयों में। वैज्ञानिक उत्कृष्टता के अभाव में, गुणवत्ता एवं परिमाण की दृष्टि से हमें विकसित देश बनने का कोई मौका नहीं मिल सकता।

इस संबंध में प्रथम चिंता निवेश की है। इस समय हम अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत शिक्षा और अनुसंधान पर खर्च करते हैं। इस आंकड़े को बढ़ाने की जरूरत है, यानी वह सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 3-4 प्रतिशत तो हो। चीन ने 1990 के आसपास ही इस मद में भारी निवेश करना शुरू कर दिया था। इसका नतीजा आज सबके सामने है कि वहां फलता-फूलता वैज्ञानिक इको-सिस्टम मौजूद है। अपनी बहाल होती अर्थव्यवस्था को देखते हुए सरकार के भरोसे ही बैठ रहना, ठीक नहीं होगा। शिक्षा के क्षेत्र में निजी सेक्टर की भूमिका न केवल जरूरी है, बल्कि सजग नियमों के तहत उसे आगे भी बढ़ाना जरूरी है।

बहरहाल, एक और पक्ष भी है, जिस पर विचार करने की जरूरत है। एक बार फिर 25 वर्ष की छोटी सी अवधि को देखते हुए हम कह सकते हैं कि शिक्षा में जो भी बुनियादी बदलाव किया जायेगा, उसके नतीजे 15 वर्षों के बाद ही नजर आयेंगे। इसलिए हमें एक ऐसी रणनीति की फौरन जरूरत है, जो इस समय हमारे पास मौजूद संसाधनों के इस्तेमाल में वृद्धि कर सके। इस बीच, सरकार को भी वित्तपोषण, प्रवेश और प्रशासन के मामले में शिक्षण संस्थानों को चलाने के काम से दूरी बना लेनी चाहिए। केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के बीच की असमानताओं को दूर करना होगा, क्योंकि छात्रों की एक बड़ी तादाद राज्य विश्वविद्यालों में ही पायी जाती है।

भारत का प्रौद्योगिकीय और अनुसंधान एवं विकास कार्य का बोझ अभियान-आधारित सरकारी प्रयोगशालाओं को वहन करना चाहिए और इनके जिम्मे शैक्षिक कार्य नहीं होना चाहिए। साथ ही कॉर्पोरेट अनुसंधान प्रयोगशालाओं को भी सरकारी प्रयोगशालाओं के साथ अनुबंध करके उपरोक्त काम पूरा करना चाहिए। आइआइटी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे वृद्धि, आर्थिक उपयोग तथा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की समस्याओं का समाधान करेंगे। उनकी गतिविधियां ज्यादा से ज्यादा अच्छे स्टार्ट-अप तक हो सकती हैं, लेकिन यह भी कोई बड़ा और बुनियादी कारनामा कर दिखाने के लिए अपर्याप्त होगा, जिसकी भारत-2047 को जरूरत है। अमेरिका 1950 के दशक की शुरुआत में वानेवर बुश के काम को तेजी से आगे बढ़ाने में सफल रहा। इसका कारण था अकादमिक जगत, उद्योग और सरकार तथा ज्यादातर उनकी रक्षा प्रयोगशालाओं के बीच सटीक तालमेल। चीन के असैन्य-सैन्य तालमेल के तहत भी यह रणनीति चलायी जा रही है। हमें किसी भी कीमत पर इससे कम नहीं रहना है। परमाणु ऊर्जा विभाग इस बात की शानदार मिसाल है कि कैसे एक सरकारी वैज्ञानिक विभाग को संगठित करना चाहिए, जो शैक्षिक जिम्मेदारियों से मुक्त हो।

उल्लेखनीय है कि परमाणु हथियार बनाने के लिये आणविक सामग्री फिसाइल यू-235 जरूरी होती है। इसके लिये यूरेनियम अयस्क का आयात करना पड़ता है, जिसके लिए 1950 के दशक में हमारे ऊपर कठोर प्रतिबंध लगे थे, तब भारत ने अपने समुद्री किनारों की रेत में मौजूद मोनाजाइट से थोरियम निकालने का रास्ता तैयार कर लिया था। यूरेनियम की कम मात्रा में उपलब्धता की तुलना में दुनिया में भारत में सबसे ज्यादा थोरियम मिलता है। भारत ने तय किया है कि 2047 तक वह अपनी बिजली की मांग का 30 प्रतिशत हिस्सा थोरियम से पूरा करेगा। हमारा शस्त्र कार्यक्रम और ऊर्जा आवश्यकता के पास थोरियम प्रौद्योगिकी के रूप में अनुसंधान एवं विकास में हमारी प्रगति का मजबूत सहारा मौजूद है। यह सब इसलिए संभव हुआ क्योंकि परमाणु ऊर्जा विभाग को यह अनुमति दी गयी थी कि वह खुद अपने वैज्ञानिकों (और बहुत छोटी संख्या में छात्र-कर्मचारियों) के समूह का सावधानीपूर्वक चयन करे। जरूरत इस बात की है कि यह प्रावधान समस्त गैर-शैक्षणिक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं और संस्थानों पर लागू किया जाये, जिनके पास फौरन अपनाने योग्य प्रौद्योगिकियों, सामरिक सुरक्षा और उत्पादों एवं सेवाओं में विज्ञान के तीव्र निरूपण का दायित्व है।

कब, क्या और कैसे की परिभाषित करने के बाद अब जरूरत है राजनीतिक इच्छा-शक्ति की, ताकि इन बदलावों को आकार दिया जा सके। इसके आधार पर हम दुनिया में वास्तविक रूप से विकसित राष्ट्र के रूप में 2047 तक अपना सिर गर्व से ऊंचा कर पायेंगे।

**(लेखक : गौतम आर देसिराजू इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, विज्ञान में सेवारत हैं और भारत सरकार के एस-20 इंगेजमेंट ग्रुप के सदस्य हैं। शरण शेट्टी स्वराज्य के एसोशिएट संपादक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने पोटका में सबर जनजाति के लोगों के बीच खुशियां बांटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सामाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से रविवार को पोटका प्रखंड के एक गांव में सबर जनजाति के लोगों के बीच खुशियां बांटी गयी। इस दौरान उनके बीच कंबल, गर्म कपड़े आदि का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिले की उपायुक्त विजया जाधव, एडीएम लॉ एंड आर्डर नंद किशोर लाल, डीडीसी सौरव कुमार, एसडीएम पीयूष सिन्हा एवं ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। पोटका के इस छोटे से गांव में सबर जनजाति के लोग रहते हैं, कुल आबादी मात्र 98 है। इसमें आधी जनसंख्या महिला और आधी पुरुषों की है। गांव में कुल 18 बच्चे हैं, जिनकी उम्र शून्य से 7 वर्ष के बीच और 17 युवतियां हैं। इनके बीच जीवन के अनमोल क्षणों को साझा करते हुए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने वृद्धों को कंबल, महिलाओं को शॉल, बच्चों को खिलौना, स्वेटर और कॉपी-किताब बांटा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सरपरस्त सैयद आसिफ अख्तर, शाहिद परवेज, करीम सिटी कॉलेज मास कम्युनिकेशन के साजिद, अफताब आलम, मोहम्मद एजाज अंसारी की सराहनीय भूमिका रही। संस्था के सदस्यों ने इन लोगों के साथ दोपहर का भोजन भी किया।

संस्था के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी ने बताया कि आज के दिन को उनलोगों ने खूब सेलिब्रेट किया है। सचिव मुख्तार आलम खान ने कहा कि वर्ष की बेहतरीन पिकनिक भी मनायी है। बता दें कि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर जमशेदपुर नंद लाल किशोर की निगरानी और सहयोग से आज का कार्यक्रम संपन्न किया गया है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि संस्था ने एडीएम लॉ एंड ऑर्डर जमशेदपुर नंद लाल किशोर जी के साथ पहले भी बहुत सारे सामाजिक कार्य किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो इजाज, मो शमीम, अफताब आलम, अनिल मंडल, अयूब अली, मासूम खान, हाजी सिद्दीक अली एवं हाजी अयूब अली उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी का 662वां नेत्र शिविर

# 26 रोगियों की आंखों का ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्व. सविता देवी-नगिन भाई पारिख की स्मृति, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के संयोजन में जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 662वें नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह तथा समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा 26 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया।

रेड क्रॉस कार्यकर्ता राकेश मिश्र, राजू बिन्द, किशन अग्रवाल, प्रकाश मिश्र, आशीष कुमार, राधेश्याम कुमार ने नेत्र शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

शिविर का संचालन कर रहे रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की जायेगी तथा आवश्यक चश्मा व दवा प्रदान कर नेत्र रोगियों को विदा किया जायेगा।

### कोकपाड़ा के नूतनडीह में कुड़मी संस्कृति विकास समिति का मेगा रक्तदान शिविर आयोजित, 446 यूनिट रक्त संग्रह

घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला अनुमंडल के कोकपाड़ा के नूतनडीह प्रावि में रविवार को कुड़मी संस्कृति विकास समिति धालभूमगढ़ के तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो और विशिष्ट अतिथि नयी दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल के सीएमओ आदित्य महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 446 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा की कुड़मी संस्कृति विकास समिति द्वारा हर वर्ष मेगा रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त संग्रह कर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य कर रही है।

## 108 कुंडीय नव चेतना गायत्री महायज्ञ को लेकर किया गया भूमि पूजन



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत रेफरल अस्पताल के समीप आयोजित 108 कुंडीय नव चेतना महायज्ञ सह मां गायत्री एवं वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा हेतु नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में शामिल मातारानी के भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमें भूमि पूजन के उपरांत भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल सभी बच्चे एवं अभिभावकों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में मां गायत्री एवं मां वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। जिसको लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल मंझिआंव के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ दिनांक 3 जनवरी 2023 से 5 जनवरी 2023 तक वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ आयोजन किया जाएगा। भूमि पूजन में नागेंद्र सिंह, वीरेंद्र सोनी, धर्म शिला देवी तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी सदस्य शामिल थे।

## संचार कौशल सह अंग्रेजी कार्यशाला का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** संचार कौशल सह अंग्रेजी कार्यशाला का एक दिवसीय आयोजन रविवार को कांडी मुख्य बाजार के गोपाल पांडेय के आवास पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम का संचालन शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर के अंग्रेजी विषय के टीजीटी शिक्षक श्रीवत्स गर्ग ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 8वीं से 12वी के मध्य बच्चों के बीच निःशुल्क चार्ट पेपर, कलम और कॉपी का वितरण किया। मौके पर शिक्षक गर्ग ने जानकारी देते हुए कहा कि उनके द्वारा यह 85वीं कार्यशाला का आयोजन किया गया है। वहीं उन्होंने विद्यार्थियों को कॉमनिकेशन स्किल, ग्रामर तथा अंग्रेजी विषय के महत्व को समझाया। कार्यशाला में सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे। मौके पर अजय कुमार सिंह, अवधेश पाल, गोपाल पांडेय, संतोष शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में एनसीसी डे कार्यक्रम का आयोजन

# राष्ट्र की रक्षा के लिए सैनिक हैं एनसीसी के अनुशासित कैडेट : अमिताभ मुखर्जी

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में अव्वल प्रदर्शन के लिए जैनेन्द्र कुमार को प्रथम, पूजा कुमारी को द्वितीय और साक्षी कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में एनसीसी डे का आयोजन किया गया। एनसीसी की 74वीं वर्षगांठ पर आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर अमिताभ मुखर्जी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अनुशासित एनसीसी कैडेट्स देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। ये किसी सैनिक से कम नहीं हैं। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स उदबोधन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन कमांडिंग ऑफिसर श्री मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व सीओ एवं अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। माथे पर तिलक लगाकर एवं बुके प्रदान कर उन्हें सम्मान दिया गया। स्वागत गीत, नृत्य के माध्यम से कैडेट्स ने अपने हुनर का प्रदर्शन किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अव्वल प्रदर्शन के लिए जैनेन्द्र कुमार को प्रथम, पूजा कुमारी को द्वितीय और साक्षी कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने परेड और सैल्यूट कर अपनी दक्षता और अनुशासन से सीओ को आह्लादित कर दिया।

इस मौके पर सीओ अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को सैनिक प्रशिक्षण और फोर्स में नौकरी के लिये दक्ष-अनुशासित युवा को तैयार करने की चुनौती को देखते हुए एनसीसी की स्थापना की गई थी। आज इस महान संस्था के 74 वर्ष पूरे हो गए हैं। एनसीसी के माध्यम से लाखों युवाओं को फोर्स में शामिल होकर न सिर्फ राष्ट्र की रक्षा का मौका मिल रहा है बल्कि उन्हें स्थायी और सरकारी नौकरी भी मिली है। आपदा के दौरान यही बच्चे अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को आतुर हो जाते हैं। यानी समाजसेवा के लिए भी उनके दिमाग में प्रोगामिंग की जाती है।

उन्होंने एनसीसी डे पर सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही एनसीसी कैडेट्स को 100 प्रतिशत रिजल्ट देने का संदेश दिया। इस मौके पर सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्र, प्राचार्य रविन्द्र द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के अलावे सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज शिक्षक-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ सत्यदेव पांडेय, अखिलेश पाठक, अरुण तिवारी, आरआर मिश्र, अखिलेश शुक्ला, एनसीसी के पूर्व कैडेट्स प्रिंस तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कैडेट्स किरण कुमारी और मयंक कुमार ने किया

## मुखिया ने किया पांच दिवसीय उद्यानिकी कार्यशाला का उद्घाटन



**कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने किसानों को जैविक खेती करने की दी विधिवत जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत कटहर कला पंचायत भवन परिसर में उद्यानिकी प्रशिक्षण कृषि सहकारिता विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण में शामिल 35 उद्यानिकी मित्र किसानों को सब्जी पालन से संबंधित जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग के बिरसा एग्रीकल्चर रांची से आये प्रशिक्षक सुनील कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से किसानों को समृद्ध बनाने के लिए तरह-तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है, लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ लेने से किसान वंचित रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखकर किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रखंड उद्यान मित्र मनोज कुमार ने किसानों को जैविक खेती करने के लिए विधिवत जानकारी दी। साथ-साथ मशरूम की खेती, मधुमक्खी पालन, फलों की उन्नत खेती एवं फूलों को खेती करने के बारे में जानकारी दी। यह कार्यक्रम 4 दिसंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चलेगा।

मौके पर रामेश्वर राम, सुधीर मेहता, रामचंद्र मेहता, सुरेश उरांव, नागेंद्र विश्वकर्मा, झूलन बैठा, लाल बहादुर बैठा, अशोक चौधरी, राजेंद्र राम इत्यादि मौजूद थे।

## योग शिविर प्रारंभ, सहायक योग शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन जारी

**60 लोगों का रजिस्ट्रेशन होने पर सहायक योग शिक्षकों का दिया जाएगा प्रशिक्षण : नागेंद्र तिवारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास के तत्वाधान में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशाल में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, जिला प्रभारी नरेंद्र तिवारी, योग शिक्षक सुशील केसरी, प्रोफेसर मानस देने, मेराल के पूर्व प्रमुख विकास सिंह कुशवाहा, एसबीआई एटीएम के प्रबंधक कन्हैया लाल गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में योग शिक्षक सुशील केसरी के द्वारा योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उससे होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। उस मौके पर रासबिहारी तिवारी ने योग का जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक जीवन शैली ने मन-शरीर के संबंधों में सामजंस्य खो दिया है, जिससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर जैसी कई तनाव-आधारित बीमारियां हो रही हैं। इन बीमारियों को रोकने के लिए तथा बेहतर जीवन जीने के लिए सभी को योग करना अनिवार्य है।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी ने कहा कि सहायक योग शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। 60 लोगों का रजिस्ट्रेशन होने पर प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में योग के मूलभूत सिद्धांत, अष्टांग योग, एक्यूप्रेशर, घरेलू उपचार योग दर्शन, हठयोग का संक्षिप्त परिचय, रोगानुसार योग का प्रशिक्षण जिला स्तरीय प्रशिक्षित योग शिक्षक के साथ-साथ हरिद्वार के साधकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं को योग शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर बताते हुए रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की।

योग शिविर में मुख्य रूप से राम दास साहू, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव, रामप्रवेश कुशवाहा, अमोद कुमार, सूर्य देव दुबे, गोपाल मिश्रा, ब्रजेश चौबे, डॉ तान्या, दिलीप कुमार तिवारी सहित कई लोगों ने योग का अभ्यास किया।

## सेंट्रल पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेंट्रल पब्लिक स्कूल कांडी में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बच्चों को विद्यालय से घर पर जाने के बाद के क्रियाकलापों पर जिक्र किया। वहीं सड़की निवासी अभिभावक व भूतपूर्व शिक्षक रामनरेश पांडेय ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को कई अति महत्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों की लिखावट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय के निर्देशक विकास कुमार सोनी ने उपस्थित सभी अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभिभावकों के द्वारा दिये गए सभी सुझावों को विद्यालय में जल्द ही पालन किया जाएगा। इस अवसर पर निर्देशक के द्वारा सेकेंड टर्मिनल में ली गयी परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। मौके पर शिक्षक लालमुनी राम, सुदर्शन राम, अर्पण कुमार, सूरज विभूति, शिक्षिका ज्योति कुमारी, अंजू, पुष्पा सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## ला. नंदलाल प्रसाद गुप्ता ने छह टीबी मरीजों के बीच प्रोटीन युक्त आहार किट का किया वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाया गया टीवी मुक्त भारत 2025 बनाने में सभी लोग बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पदाधिकारी ला० नन्दलाल प्रसाद गुप्ता ने गढ़वा जिले से छह टीवी मरीजों को गोद लिया है और उन्हें दवा व इलाज के साथ बेहतर खान पान देकर उन्हें स्वस्थ बनाने के लिए संकल्प लेते हुए आज सभी छह मरीजों के बीच प्रोटीन युक्त आहार का किट मरीजों के बीच वितरण किया गया। लायंस क्लब इंटरनेशनल के फुड फॉर हॅगर के तहत लायंस विशाल कार्यालय पुराना बस स्टैंड गढ़वा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फुड फॉर हंगर कार्यक्रम में लायंस विशाल से ब्रजमोहन प्रसाद, रघुवीर प्रसाद कश्यप, गिरीश कमलापुरी एवं अन्य शामिल थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव की पत्नी के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह की पत्नी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. किरण सिंह एक कुशल गृहणी के साथ-साथ सामाजिक कार्य में रुचि लेने वाली एक मृदुभाषी महिला थीं। उनके निधन से हुई क्षति को पूरा नहीं किया जा सकता। इस मौके पर सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि ईश्वर मृतक की आत्मा को स्वर्ग में चीर शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को इस कष्ट को सहने की शक्ति दें। बैठक में रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, कोषाध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद, एक्सक्यूटिव कमेटी के सदस्य सर्वश्री अलखनाथ पांडे, विजय केसरी, प्रोफेसर उमेश सहाय, अवधेश कुशवाहा, मनोज केसरी, दिलीप सोनी, रामशंकर जायसवाल, शिवप्रसाद गुप्ता, प्रितम जायसवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## संबद्ध डिग्री कॉलेज महासंघ की बैठक में पांच सूत्री प्रस्ताव पारित

**संगठन की मजबूती के लिए सभी स्थायी एवं अस्थायी डिग्री कॉलेजों में महासंघ की ओर से विजिट कर सदस्यता अभियान चलाने का लिया गया निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई की विशेष बैठक रविवार को जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर पलामू के कैंपस में महासंघ के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी स्थाई तथा अस्थाई संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के महाविद्यालय कर्मी शामिल हुए।

बैठक में सर्वसम्मति से पांच सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में महासंघ द्वारा विश्वविद्यालय को पूर्व में दिए गए 11 सूत्री मांग पत्र पर आश्वासन दिये जाने के बावजूद लागू नहीं किये जाने पर क्षोभ व्यक्त किया गया एवं दीक्षांत समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों के कर्मियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के मामले में भी कार्रवाई नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी गयी।

बैठक में संगठन की मजबूती के लिए सभी स्थाई तथा अस्थाई डिग्री कॉलेजों में महासंघ की ओर से विजिट कर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व में किए उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा की पारिश्रमिक राशि का शीघ्र भुगतान करने के लिए परीक्षा नियंत्रक से आग्रह करने, मूल्यांकन कार्य हेतु दिए जा रहे ठहराव भत्ता महंगाई को देखते हुए बढ़ाने तथा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केंद्र गढ़वा में भी बनवाने की मांग विश्वविद्यालय से की गयी।

बैठक में सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों से संबंधित किसी भी दस्तावेज, अनुदान, संबंद्धन दीर्घीकरण, पद सृजन कंक्रेंस जैसे मामले को विश्वविद्यालय में जिस भी स्थाई तथा अस्थाई संबद्ध डिग्री कॉलेजों का लंबित है, उसे शीघ्र प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग में विश्वविद्यालय द्वारा भेजने की मांग की गयी।

साथ ही साथ पीएचडी इन्टरेन्स परीक्षा नियमित रूप से नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करने की मांग की गयी।

बैठक में संबद्ध महाविद्यालय महासंघ के महासचिव डा. बंशीधर सिंह, मीडिया प्रभारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव डा. संजीत कुमार, बनवारी साहू, लातेहार कॉलेज के डा. अनुपम मिश्रा, एसपीडी कॉलेज गढ़वा के प्रोफेसर निकलेश चौबे, प्रोफेसर परवेज आलम, डा. अरविंद गुप्ता, एमके कॉलेज पांकी के प्रोफेसर नागेंद्र साहू, प्रोफेसर राजीव रंजन, संत तुलसीदास कॉलेज रेहला के डॉ श्याम मिश्रा, जेसीबी कॉलेज छतरपुर के अपराजिता प्रकाश, एसएसएमएस डिग्री कॉलेज तरहसी के प्रो. धीरेंद्र कुमार तथा प्रो. नेहा कुमारी, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज गढ़वा की डॉक्टर शीशम साहू, डा. मकबूल मंजर तथा प्रो. रश्मि सिन्हा आद मौजूद थे।

### बैठक : श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा के सदस्यों की आमसभा में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

# सर्वसम्मति से समिति ने बस स्टैंड के सभी करारों को किया रद्द

**गौशाला समिति की भूमि पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा बिना सहमति के किये गये शिलान्यास की तीव्र भर्त्सना की गयी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा के सदस्यों की एक आमसभा श्रीराम लला मंदिर परिसर में आयोजित की गई। आमसभा की अध्यक्षता महेंद्र प्रसाद एवं संचालन रमेश कुमार दीपक ने किया। आमसभा में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

श्री कृष्ण गौशाला समिति एवं गढ़वा नगर पंचायत (नगर परिषद) के बीच हुए बस स्टैंड से संबंधित सभी करारों, करार को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया एवं जिस दिन तक गौशाला की भूमि पर बस स्टैंड रहेगा उस दिन तक का पैसा गौशाला समिति, गढ़वा नगर परिषद से लेगी। जिसकी लिखीत जानकारी नगर परिषद, गढवा को जल्द ही श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा द्वारा दी जायेगी। सभी बकाया राशि भुगतान हेतु जल्द ही नगर परिषद को नोटिस देने का निर्णय लिया गया।

श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा का पैसा जिन लोगों के पास बाकी है यदि जल्द ही वो बकाया राशि गौशाला समिति के पास जमा नहीं करते हैं तो वकालतन नोटिस उनको भेजा जाएगा एवं कानूनी कार्रवाई उनके विरुद्ध की जाएगी।

जो भी गौशाला सदस्य लगातार तीन बैठकों में बगैर उचित कारण बताये अनुपस्थित रहते हैं उनकी गौशाला समिति की सदस्यता समाप्त कर दी जायेगी।

श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा की भूमि पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा गौशाला समिति के बिना सहमति के किये गये शिलान्यास की तीव्र भर्त्सना की गई।

गौशाला समिति के पूर्व में निर्मित संविधान में उचित संशोधन हेतु संविधान समिति का निर्माण किया गया, जिसमें अध्यक्ष, सचिव के अलावा अधिवक्ता गोपेश कृष्ण सिन्हा समेत पांच लोगों को समिति का सदस्य बनाया गया।

इन सभी प्रस्तावों के पास होने पर उपस्थित सदस्यों ने तालियां बजाकर स्वागत किया तथा हर प्रकार का सहयोग समिति को देने का वचन दिया।

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष, सचिव के अलावा उपेंद्र सिंह, रितेश कुमार दुबे, श्यामसुंदर प्रसाद, कमलेश कुमार केशरी, बिजय केशरी, कमलेश कुमार गुप्ता, सुखबीर पाल, अवधेश कुशवाहा, डॉ डील्यू, श्यामानंद पाण्डेय, रमेश कश्यप, मनोज अग्रहरी, उमेश त्रिपाठी, विकेश सिंह, नितेश कुमार, अनुप कुमार, मनोज कुमार देव, दिनेश चौधरी, भोला गुप्ता, संतोष शौंडिक समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के अंतिम संस्कार में जुटी भीड़

**खेल संघ के पदाधिकारी, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जताया शोक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** 1978 वर्ल्ड कप हॉकी में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा का दिल का दौरा पड़ने से शनिवार को निधन हो गया था। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा कोरकों टोली में रविवार को किया गया। उनके अंतिम संस्कार में कोलेबिरा के विधायक विक्सल कोंगाड़ी, हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष सह सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव माइकल लाल, हॉकी सिमडेगा के कोषाध्यक्ष कमलेश माझी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पुष्पा टोपनो, विश्वासी पूर्ति, सिपिरयन जोजो, प्रतिमा बरवा, मनोज टोप्पो, लालधन नायक सहित कई खेल प्रेमी खिलाड़ी जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता, शुभचिंतक एवं परिवार के सदस्य शामिल थे। सर्वप्रथम आज कोलेवीरा के उनके निवास स्थल से शव यात्रा उनके गांव के घर तक गयी। गांव स्थित चर्च में प्रार्थना सभा की गयी तत्पश्चात गांव के पास स्थित कब्रिस्थान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर इंटक नेता दिलीप तिर्की ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जस्टिन का जाना खेल जगत वह देश के लिए अपूरणीय क्षति है। इसके साथ ही उन्होंने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हमेशा साथ होने की बात कही। वहीं विधायक भूषण बाड़ा ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इसे हाकी के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति बताया। साथ ही हॉकी जगत में हुई क्षति को सहज पूरा नहीं किया जा सकता है। साथ ही हॉकी क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों ने उनके अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## तेली साहू महासंगठन ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के तत्वावधान में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां खूंटी जिले के अलग-अलग जगह से आए प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। मैट्रिक और इंटर के अलावा खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं कों सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट साइंस में 93 फीसदी अंक लाकर राज्य में 22वां टॉपर बनने वाली अलका कुमारी (रनिया प्रखंड के गढ़ाहातू निवासी) को संगठन द्वारा पुरस्कृत कियाग या। साथ ही 10वीं 93.2 फीसदी अंक लानेवाली रेशमी कुमारी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण साहू व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू उपस्थित थे।

## श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी सुरेंद्र मिश्रा की दूसरी पुण्यतिथि

खूंटी (आजाद सिपाही)। बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंध कमेटी में महामंत्री और प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र कुमार मिश्रा की दूसरी पुण्यतिथि रविवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। दो साल पूर्व आज ही के दिन सुरेंद्र कुमार मिश्रा का देवलोक गमन हुआ था। निधन के दो साल बाद भी लोग उन्हें याद कर कर रहे हैं।

### उद्भेदन : शरीर के दो टुकड़े कर अलग-अलग जगहों पर कर दिया था दफन

# संपत्ति के लिए भाई की हत्या महिला समेत छह गिरफ्तार

**सिर व धड़ अलग-अलग जगहों से बरामद, हत्या में इस्तेमाल कार, हथियार व फोन भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू थाना अंतर्गत इठे गांव में संपत्ति से लिए चचेरे भाइ द्वारा अपहरण कर एक युवक की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान कानू मुंडा (24) के रूप में हुई है। अपहरण कर उसकी नृशंस हत्या करने के बाद सिर और धड़ को अलग कर हत्यारों ने दो अलग-अलग जगहों पर जाकर गाड़ दिया था। पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या में संलिप्त एक महिला सहित छह आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। लदे हाथ कानू मुंडा का सिर तपकारा थाना क्षेत्र के गोपला जंगल और धड़ मुरहू थाना क्षेत्र के डुलवा टोंगरी से बरामद किया गया। खूंटी के एसडीपीओ कार्यालय में रविवार की रात आठ बजे संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर रांची के ग्रामीण एसपी और खूंटी के प्रभारी पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने बताया कि इठे गांव निवासी दशाएं मुंडा ने मुरहू थाने में लिखित आवेदन दिया थआ। बताया कि एक दिसंबर को वह अपने परिवार के साथ खेत में काम करने गया था। उनका 24 वर्षीय बेटा कानू मुंडा घर में अकेला था। जब शाम पांच बजे खेत से काम कर सभी वापस घर लौटे तो देखा कि उसके घर के आसपास कुछ लोग जमा हैं। पूछने पर लोगों ने बताया कि उसके बेटे कानू मुंडा को दोपहर दो बजे उसका चचेरा भाई सागर मुंडा और उसके दो साथी जबरन उठा ले गए हैं। घर वालों ने कानू मुंडा को खोजने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद दशाय मुंडा के लिखित बयान के आधार पर मुरहू थाने में प्राथमिक अभियुक्त सागर मुंडा और अन्य अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में शामिल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक महिला भी शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक दिसंबर को कानू मुंडा की हत्या कर दी और शव को दो भाग में विभाजित कर अलग-अलग जगहों पर गाड़ दिया है। कानू के धड़ को तपकारा थाना क्षेत्र के गोपला जंगल में और सिर को वहां से 15 किलोमीटर दूर पैलौल डम के पास दूल्हा डोंगरी में छिपाया गया था। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस ने अलग-अलग जगहों से सिर और धड़ बरामद कर लिया। घटना में प्रयुक्त बोलेरो, खून लगा तोनो, एक कुदाल, छह मोबाइल फोन और अन्य सामान भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्राथमिक अभियुक्त सागर मुंडा, अप्राथमिक अभियुक्त सीनू मुंडा, दोना इठ निवासी, अमरजीत पूर्ति उलीहातू अड़की निवासी, जय मसीह ओडेय़ा तिनतिला निवासी, अनमोल टूटी, खूंटी के कमंता और चांदमुनी गुड़िया इठे निवासी के रूप में हुई है। एसपीडीपीओं ने बताया कि अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि एक दिसंबर को कानू मुंडा का अपहरण कर गोपला जंगल में तोनों से काटकर उसकी हत्या कर दी थी।

पहचान छिपाने की नीयत से सिर और धड़ को अलग-अलग जगहों में गाड़ दिया था। मामले के उद्भेदन में खूंटी अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर शाहिद रजा, मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टूडू, मुरहू थाना के एसआई बलराम कुमार सिंह, दिगंबर पंडा, विक्की ठाकुर और बानो थाना के सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार के अलावा जैप के हवलदार अमित कुमार, आरक्षी सुधीर कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वहींस संवाददाता सम्मेलन में इंस्पेक्टर शाहिद रजा, मुरहू के थाना प्रभारी चूड़ामणि टूडू आदि मौजूद थे।



हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते रांची के ग्रामीण एसपी और खूंटी के प्रभारी पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## डकरा अंबेडकर पार्क में छह को मनाया जाएगा डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस



खलारी (आजाद सिपाही)। एसटी एससी ओबीसी एकता मंच की बैठक डकरा स्थित अंबेडकर पार्क में हुई। जिसकी अध्यक्षता देवपाल मुंडा ने की। बैठक में छह दिसंबर को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में बाबा साहब के सभी अनुयायियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़ कर शमिल होकर सफल बनाने का आग्रह किया गया। बैठक में मिथिलेश पासवान, अनिल कुमार पासवान, भावेश वर्मा, देवपाल मुंडा, रविंद्र बैठा, जगदीश गंझू, प्रकाश कुमार प्रजापति, योगेंद्र कुमार, अजय कुमार पासवान एवं अमरलाल सतनामी आदि उपस्थित थे।

## नौ को संयुक्त मोर्चा का एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा वीआईपी सभागार में रविवार को एनके एरिया सयुंक्त मोर्चा की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अमर भूषण सिंह और संचालन शैलेश कुमार ने किया। बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा कोयला कामगारों का 11वां वेतन समझौता के प्रति उदासीन रवैया अपनाए जाने के विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर नौ दिसंबर को विरोध प्रदर्शन करने के लिए संयुक्त मोर्चा द्वारा रुपरेखा तैयार की गई। जिसमें क्षेत्र के ट्रेड यूनियन अपने-अपने सुझाव दिये। साथ ही सभी परियोजनाओं में गेट मिटिंग के माध्यम से अधिक से अधिक मजदूरों को विरोध प्रदशर्न में शामिल करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, विनय सिंह मानकी, बीएन पांडेय, डीपी सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, पजू महतो, जगरनाथ महतो, देवपाल मुंडा, शैलेंद्र कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, ध्वजा राम धोबी, संजय प्रसाद, रमेश कुमार सिंह, मो इस्लाम, रंथू उरांव, जगदीश चैहान, रामचरण, गुलाब चंद, रामसेवक राम, किशुन राम और वरुण कुमार आदि शामिल थे।

## रेड हाउस 115 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। जेनेट एकेडमी हेसालोंग मैकलुस्कीगंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। रेड हाउस 115 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बना। प्रतियोगिता को लेकर स्कूल के बच्चों को चार हाउस में बांटा गया था। जिसमें रेड हाउस 115 पॉइंट, ब्लू हाउस 114 पॉइंट, ग्रीन हाउस 105 पॉइंट और येलो हाउस को 107 पॉइंट मिला। मुख्य अतिथि के रूप में उसुर्लाईन कॉन्वेंट स्कूल खलारी की प्राचार्या सिस्टर जयंती और स्कूल के निदेशक मनोज गुप्ता, पीआरओ अवधेश कुमार उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद थे। मुख्य अतिथि सिस्टर जयंती ने खेल मशाल जलाकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उसके बाद बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। स्वागत भाषण प्रचार्य रंजीत सिंह ने दिया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100, 200, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, साईकल रेस, बोरा दौड़ा, गोला फेंक, मैराथन दौड़ आयोजित किया गया। मैराथन दौड़ बालक वर्ग में प्रथम अभिषेक कुमार व बालिका में प्रथम उषा भगत, 100 मीटर जूनियर बालक में प्रथम रणबीर मुंडा एवं सीनियर वर्ग में अंकित कुमार एवं 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में एंजल कुमारी एवं सीनियर वर्ग में सीमा कुमारी प्रथम स्थान पर रही। गोला फेक बालिका में प्रथम उषा भगत, गोला फेक बालक में प्रथम आदित्यराज, पचास मीटर बालिका में प्रथम अनुष्का कुमारी एवं बालक वर्ग में प्रथम संजीत भोगता, बिस्किट रेस में प्रथम संस्कार, चार सौ मीटर दौड़ में रितेश कुमार एवं साइकिल रेस में प्रथम हेमराज रहा। बच्चों द्वारा झूमर, गुजराती नृत्य सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सिस्टर जयंती,निदेशक मनोज गुप्ता एवं प्राचार्य रंजीत सिंह, अवधेश उपाध्याय सहित अभिभावकों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुकेश कुमार सिंह, जोसेफ नटल, विकास सिंह, केके श्रीवास्तव, दिलीप महतो, क्रांति कुमार, पवन जायसवाल, गीता कुमारी, सीमा कुमारी, सुधा तिर्की, हिमालिनी वर्मा, सुनील यादव आदि मौजूद थे।

## राय अंबेडकर मैदान में 21 दिसंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय आंबेडकर खेल मैदान में रविवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंटेस कुमार ने क। बैठक में इस वर्ष भी आंबेडकर मैदान में शहीद बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से 21 से 25 दिसंबर तक राय अंबेडकर मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। इसके सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो, सचिव लखन लाल महतो, उप सचिव सोनू कुमार महतो, कोषाध्यक्ष श्रवन कुमार, उप कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार महतो को बनाया गया। इसके अलावा लालेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, अशोक महतो, एतवारा महतो, शंकर सिंह, तुलसी भुइयां, राजा खान, धर्मनाथ महतो, दीपक महतो, सोहराय महतो, दिलीप महतो, राजेश महतो, अर्जुन महतो, सुखदेव महतो आदि को संरक्षक बनाया गया। कमेटी गठन के दौरान हरि महतो, संजय महतो, मनकु महतो, कोलेश्वर महतो, प्रकाश महतो, निरंजन मुंडा, संदीप कुमार महतो, गौरव कुमार महतो, विकास कुमार महतो, मंगरु महतो, दिलेश्वर महतो, रोहित महतो, कुंदन चौहान, सचिन कुमार आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## डिवाइडर से टकराई कार, दो घायल

तमाड (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ के राइडीह मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने रोड जाम हटवाते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया।

## जंगली हाथियों से गांव की सुरक्षा को लेकर बैठक में ग्रामीणों को दी गयी हाथियों को भगाने की जानकारी

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। जंगली हाथियों के उत्पात से गांव की सुरक्षा को लेकर प्रखंड के बारेंदा पंचायत सचिवालय में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख विक्टोरिया देवी ने की। बैठक में ग्रामीणों को हाथियों से गांव की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को हाथियों से गांव की सुरक्षा के साथ हाथी भागने की आवश्यक जानकारी दी गई। गांव के वन समिति को सक्रिय करने के साथ ही आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया। हाथी मित्र ने ग्रामीणों को हाथी के प्रति सकारात्मक सोच रखने को कहा। फसल नष्ट के मुआवजा प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। वहीं वन विभाग से मुआवजा राशि बढ़ाने की अपील और धान व सब्जी के लिये अलग-अलग राशि तय करने को कहा गया। इस मौके पर मुकेश कुमार, सविता देवी, सुभद्रा देवी, सहित ग्रामप्रधान आदि उपस्थित हुए।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति का पैर टूटा

सिल्ली (आजाद सिपाही)। बुंडू मार्ग पर बंता बाजार के निकट रविवार को हुए सड़क दुर्घटना में बसंतपुर निवासी मुरली साहू नामक व्यक्ति का बायां पैर टूट गया। जानकारी के मुताबिक मुरली साहू सिल्ली से अपने घर बसंतपुर की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उनको उठाकर एक निजी क्लिनिक में उपचार करवाया गया। साथ ही स्वजनों को भी सूचना दे दी गई है।

## जरूरतमंदों के बीच राशन का वितरण

सिल्ली (आजाद सिपाही)। अशोक अंजलि ट्रस्ट की ओर से रविवार को सिल्ली के नायक टोला में दिव्यांग, बूढ़े और जरूरतमंद परिवारों के बीच चावल और चीकन का वितरण किया गया। वहीं 51 ब्राह्मणों को मिठाई का पैकेट भेंट स्वरूप दिया गया। ट्रस्ट के सदस्य संजय साहू व रुपक साहू ने बताया के ट्रस्ट के संचालक व व्यवसाई अशोक साहू और उनकी पत्नी अंजलि साहू की 55वें शादी के सालगिरह को अलग अंदाज में मनाते हूए भोजन सामग्री व मिठाई का वितरण किया गया।

## अगलगी में 50 क्विंटल धान जल कर राख

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत घाघराडीह गांव के विष्णु चरण मुंडा के खलिहान में रखे धान चाकी में अचानक आग लग जाने से पूरा चाकी नष्ट हो गया है। विष्णु चरण ने बताया कि रविवार शाम चार बजे के आसपास अचानक आग की लपटें दिखाई दी। आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझा दिया गया, लेकिन 50 क्विटिंल धान जल गया। घटना की सूचना पाकर मुखिया गिरिबाला देवी ने दुख प्रकट करते हुए अंचल कार्यालय से मुआवजा की मांग की है।

## गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बोहंडा पंचायत के कुदुलाता, लुकुपीडी, इचाहातू, साके,साली, सिजुडी, लदरोली व कुरूगा गावों में गरीबों, असहाय, वृद्ध और बुजुर्गों समेत 80 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अड़की के विधायक विकास कुमार मुंडा के प्रतिनिधि मनोज मंडल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान रतन सिंह मुंडा, तमर मुंडा, जोलेन मुंडा, संतोष बागडी, पुरन मुंडा और संतोष मुडू के साथ गामीण मौजूद थे। वहीं, कंपकंपाती ठंड में लोग कंबल पाकर काफी खुश दिखे। लोगों ने विधायक के प्रति आस्था जाहिर किया।

## परिवार के साथ लतरातू डैम पहुंचे झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता



कर्रा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को परिवार के साथ कर्रा प्रखंड स्थित डूमरगढ़ी डैम में पहुंचे। वहीं झामुमो खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष ने केंद्रीय महासचिव से डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विचार-विमर्श किया। वहीं, सुप्रियो भट्टाचार्य अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे मनमोहक दृश्य का आनंद उठाया। इस मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिडू, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पहान, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हेमंत तोपनो, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, सोशल मीडिया प्रभारी तोकीर आलम, डूमरगढ़ी पंचायत अध्यक्ष महेंद्र टाना भगत उपस्थित थे।

# सोनाहातू में छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाने पहुंची प्रमुख विक्टोरिया देवी, मौत की जांच करवाने का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान जूही कुमारी लोहरा के रूप में हुई है। वह बोनडीह गांव की रहने वाली थी। उसके निधन ने परिवार सदमें में है। वहीं इसकी सूचना पाकर रविवार को प्रमुख विक्टोरिया देवी उसके घर पहुंची और शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बांधा। साथ की आश्वस्त किया कि जूही की मौत की जांच करवायी जायेगी। जानकारी के मुताबिक बेहद गरीब परिवार में जन्मी जूही कुमारी कक्षा छठी की छात्रा थी। पिछले कई दिनों से उसकी तबीयत खराब थी। अचानक हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में सोनाहातू सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकात गोझु ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि दिन के 12 बजे से एक बजे के बीच बच्ची को विद्यालय के अकाउंटेंट लेकर अस्पताल आए थे। तब बच्ची मरी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस बच्ची की मौत की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।



## कर्रा में होरो ब्रदर्स कार वाशिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के स्टेशन चौक समीप शनिवार को झामुमो युवा नेता राजन मुंडा ने फिता काटकर होरो ब्रदर्स कार वासिंग सेंटर का उद्घाटन किया। इससे पूर्व फादर जवाकिम बारला द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उरांव, अनूप लकड़ा, मुखिया अनूप कुजूर, लोरेंस होरो, अमित धान, रोशन होरो, जागरण उरांव, अजय टोप्पो, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

## मोहम्मद शमशाद अंसारी चुने गये अंजुमन इस्लामिया के सदर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अंजुमन इस्लामिया का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। मतदान के लिए दो बूथ बनाये गये थे। अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में सदर पद के लिए तीन उम्मीदवार, सचिव पद के लिए तीन, नायब सदर के लिए दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। नायब सचिव पद पर मुहम्मद फहीम अंसारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। वहीं, रविवार को मतों की गिनती हुई। मुबाशिर पाशा नायब सदर, काशिफ रजा निरीक्षक शकील पाशा, ताज मोहम्मद, निसार जी, तौकीर अहमद साहब ने अपनी निगरानी में गिनती कराई। सदर पद पर मोहम्मद शमशाद अंसारी को विजेता घोषित किया गया। नायब सदर में मोहम्मद महफूज आलम को विजेता घोषित किया गया। सचिव पद के लिए मोहम्मद खालिद हुसैन उर्फ गुड्डू ने जीत दर्ज की। नायब सचिव के लिए मोहम्मद फहीम अंसारी निर्विरोध विजेता घोषित हुए। खजांची पद के लिए मोहम्मद नौशाद अंसारी ने जीत दर्ज की। कुल 38 फीसदी लोगों ने मतमदान किया।



### मजदूरों और प्रबंधन के बीच विभिन्न मुद्दों पर बैठक कर हुई चर्चा

# रोहिणी कोल डंप के मजदूरों को मजदूरी बढ़ाने का प्रबंधन से मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रोहिणी कोल डंप के मजदूरों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो के वरिष्ठ नेता राजकिशोर राम पासवान ने की। बैठक में रोहिणी परियोजना कोयला खदान की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। कहा गया कि रोहिणी खदान में अभी जमीन के कारण कोयला उत्पादन की स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण रोड सेल में कोयला कम मिल रहा है। इससे कोल डंप के मजदूरों को भी कम मजदूरी मिल रही है। वहीं मजदूरों ने संचालन समिति के समक्ष मजदूरी बढ़ोतरी की मांग की। मजदूरों ने कहा कि महंगाई को देखते हुए मजदूरी में बढ़ोतरी होनी चाहिये। जिस पर रोहिणी संचालन समिति के सदस्यों ने मजदूरों की मजदूरी बढ़ोतरी करने का आश्वासन दिया है। कहा गया कि जैसे ही रोहिणी परियोजना की स्थिति ठीक होगी और रोड सेल में कोयला ज्यादा आने लगेगा मजदूरी तुंरत बढ़ाई जाएगी। वहीं मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि सभी मजदूर वर्तमान संचालन समिति के साथ है और कोई भी दूसरे लोग जो मजदूरी बढ़ाने के नाम पर बरगलाने वाले लोगों के साथ वे नहीं है। मजदूरों की जो समस्या है उसके लिए वर्तमान समिति के साथ है। कोई दूसरे लोग यहां मजदूरी बढ़ाने के नाम पर राजनीति करेगा उसका जोरदार तरीके से मजदूर जवाब देंगे। बैठक में मुकद्दर कुमार, अमृत भोगता, अनिल पासवान, बालेश्वर भोगता, सी कुजूर, सागर गोप, महेंद्र चौहान, बसंत उरांव, जैनुल खान, बुला अंसारी, राजकुमार गंझू, रोबिन पासवान, सूरज लोहरा, मेघु मुंडा, बीरबल भुइयां, छोटन भोगता, कांता देवी, मनीता देवी, रीना देवी, कलमतिया देवी, हीरा देवी, सुनीता देवी, फुलमनिया देवी, सिटी देवी, सोहबतिया देवी, गीता देवी, सुनीता गोप, कालो देवी, प्रतिमा देवी, देवंती देवी, सरस्वती देवी, राधा देवी, विक्की मुंडा, महावीर लोहरा सहित कई जगह के मजदूर उपस्थित थे।



रोहिणी में बैठक करते मजदूर।

# अंजुमन इस्लामियां रांची ग्रामीण ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरित




**गरीब-असहायों के दुख-दर्द में सहभागी बन कर सेवा कार्य कर रही है अंजुमन कमेटी : मुस्तफा अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अंजुमन इस्लामियां रांची ग्रामीण के तत्वावधान में रविवार को हेसल गांव में गरीब-असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि ग्रामीण कमेटी के अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी के हाथों करीब एक सौ जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। मौके पर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि अंजुमन इस्लामियां जिला ग्रामीण कमेटी जनसेवा के प्रति हमेशा सजग व तत्पर रहते हुए गरीब, असहाय लोगों के बीच पहुंचकर उनके दुख-दर्द मे सहभागी बनकर सेवा कार्य करने की कोशिश कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस ठंड मे जरूरतमंदों का सहारा बनते हुए कंबल बांटे गए हैं। आगे भी यह कमेटी सामुदायिक सहयोग से विभिन्न तरह के सेवा कार्य करेगी। मौके पर अमानत अंसारी, अब्बास अंसारी, धनीराम करमाली, बलराम मुण्डा आदि मौजूद थे।

## शानू महतो ने गरीब बच्चों के बीच वितरित की शिक्षण सामग्री



**कांके (आजाद सिपाही।** सुकुरहुटू गांव के नायक टोली, लोहरा टोली, कुम्हार टोली और महतो टोली में सैकड़ों गरीब बच्चों के बीच कॉपी-किताब, पेन, पेंसिल आदि पढ़ाई की सामग्री का वितरण भाजपा रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी व युवा समाजसेवी शानू कुमार महतो के द्वारा किया गया। शानू ने कहा कि विपत्ति से बढ़कर ज्ञान सिखलाने वाला विद्यालय आज तक नहीं खुला है। स्कूली जीवन में असफल रहे कई लोगों ने सफल जीवन के मायने बदल दिये हैं। आप बच्चे देश के भावी पीढ़ी हैं। आप धैर्य रखें और धीरे-धीरे सफलता की सीढ़ी चढ़ते जायें। इस सफल आयोजन में काजो देवी, पवन महतो, अनिल महतो

## कृषक उवि में मनाया गया 44वां स्थापना दिवस



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कृषक उच्च विद्यालय में रविवार को स्कूल का 44वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के सैकड़ों बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में केक काटकर खुशियां मनायी गयीं। इसके उपरांत रैली निकाल कर शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प दिलाते हुए अभियान में घर-घर जाकर दस्तक दी और पूछताछ की कि कोई बच्चा ऐसा तो नहीं है जो स्कूल जाने से वंचित रह गया हो। हर उस बच्चे को स्कूल ले जाने सहित स्कूल में उसका रजिस्ट्रेशन कराने के बाद यूनिफार्म, किताबें, बैग आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने व निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सचिव अशोक कुमार, प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पिठोरिया में कंस्ट्रक्शन साइट पर सुरक्षा गार्ड ने मजदूर की गोली मारकर हत्या की

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कंस्ट्रक्शन साइट पर सुरक्षा गार्ड ने मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना रांची जिले के पिठोरिया थाना के केला बागान में हुई है। जानकारी के अनुसार आदिवासी हॉस्टल का पिठोरिया थाना क्षेत्र स्थित केलाबागान में नया बिल्डिंग बन रहा है। वहां पर तैनात गार्ड और कार्यरत मजदूर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि सुरक्षा गार्ड ने अपने हथियार से मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पिठोरिया थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भिजवाने की व्यवस्था कर रही थी। इस घटना के बाद से कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले मजदूरों में भारी आक्रोश है। हत्या करने वाले की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

## घर का ताला तोड़ कर पांच खस्सी की चोरी

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के खक्सी टोली गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर गांव के वीरशंकर बेदिया, पुशमनी देवी, गिरसती बेदिया की एक-एक खस्सी और हरिहर बेदिया के दो खस्सी की चोरी कर ली। रात में लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। भुक्तभोगियों ने बताया कि रोज की तरह शनिवार की शाम को भी अपने-अपने घरों में खस्सी बंधे हुए थे। रविवार की सुबह देखने पर पाया कि खस्सी गायब है। इस संबंध में सिकिदिरी थाने को सूचना दे दी गई है। ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने बताया कि इन दिनों सिकिदिरी थाना क्षेत्र में खस्सी चोरी की घटना बढ़ गई है। आये दिन किसी न किसी गांव में खस्सी की चोरी हो रही है।

## चान्हो पुलिस ने पुराने आपराधिक मामले में अभियुक्त को भेजा जेल



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाने की पुलिस ने 2012 के अप्राथमिक अभियुक्त मो. नसीम उर्फ गुड्डू, पिता मो. हाशिम, ग्राम तिलैया ताड़, थाना चंदवा, जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि 2012 में खलारी बिजुपाड़ा सड़क पर जाने वाले वाहनों को रोककर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इसी में नामजद आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एक की गिरफ्तारी शुक्रवार को हुई थी और एक गिरफ्तारी शनिवार देर शाम की गई है, जिसको रविवार को जेल भेजा गया है।

**कार्यक्रम :** चान्हो के शिलागाई में भारत जोड़ो यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा

# भारत जोड़ो यात्रा राजनीतिक नहीं, नफरत के खिलाफ प्यार से लोगों को जोड़ने की यात्रा है

**भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ कई बड़े नेता**

आसिफ रजा

**चान्हो।** झारखंड कांग्रेस ने रविवार को रांची के चान्हों शिलागाई स्थित शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा में माल्यार्पण कर भारत जोड़ो यात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुए। बता दें कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 3570 किलोमीटर और 150 दिन चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है। वहीं झारखंड के प्रत्येक जिले में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कड़ी में आज रांची जिला के चान्हो सिलागांई प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत की जन्मस्थली से आरंभ हुई यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से सरकार को अस्थिर करने में भाजपा ईडी का इस्तेमाल कर रही है। संविधान के खिलाफ है आज पूरे देश में भय का माहौल है यह यात्रा राजनीति की यात्रा नहीं है सभी को आपसी भाईचारा और प्रेम बनाये रखने के लिए देश को जोड़ने निकले हैं, इसी कड़ी में आज मांडर आना हुआ है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे भाजपा अपना रही है हमारे संवैधानिक ढांचा को कमजोर किया जा रहा है। जनता को बीच में लेकर आज हम लोगों को जोड़ने निकले हैं।

आज की यह भारत जोड़ो यात्रा शीलागाईं से शुरू हुई जो 12 किलोमीटर चलकर लोहरदगा सीमाना के बेयांसी में समाप्त हो गयी। मौके पर चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, दिलीप सिंह, जियाउल रहमान, अजीत कुमार सिंह, सुजीत शाही, इरशाद खान, मंगलेश्वर उरांव, शिव उरांव, विधायक प्रतिनिधि शमीम अख्तर, आबिद अंसारी, जमील मल्लिक, सहित भारी संख्या में कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### देश में बनाया जा रहा है नफरत का माहौल : बंधु

**मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। लोकसभा में सांसद को अपनी बात तक नहीं रखने दी जाती है। ईडी के साथ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसको लेकर राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोगों से सीधे जुड़ रहे हैं। इसी को लेकर आज यहां भी भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई है। साहित्यकार, कलाकार, सिविल सोसाइटी के लोग के साथ अभिनेता भी इस यात्रा में जुड़ रहे हैं। पूरे देश में लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है।**

## डीएवी विवेकानंद स्कूल के शिक्षकों को पासवा ने किया सम्मानित

**यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय का चयन बेड़ो से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हुआ और सम्मान मिला : निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए रांची यूनिवर्सिटी के दिक्षांश सभागार में रविवार को पासवा के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि किसी घर के अभिभावक घर के बड़े होते हैं, पर पूरे समाज के अभिभावक शिक्षक होते हैं जो समाज को नयी दिशा देते हैं। जिस प्रकार बढ़ई टेढ़े मेढे लकड़ी को घर के आकर्षक फर्नीचर का रूप देते हैं उसी प्रकार एक शिक्षक बच्चों को बनाता है। उसका भविष्य गढ़ता है। बिना शिक्षक के समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। देश व समाज को शिक्षित करने में निजी विद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। जो शहरों से लेकर गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। इसीलिए हमलोगों का फर्ज बनता है कि हम निजी विद्यालय एवं उनके शिक्षकों को प्रोत्साहित करें और उन्हें सम्मानित करें।

इस अवसर पर डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार को ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय का चयन बेड़ो से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हुआ और सम्मान मिला। इससे हमलोगों को एक नई ऊर्जा मिली है और हमलोग अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक मेहनत करेंगे और क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समायल अहमद , प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबे, अरविंद कुमार, सुषमा केरकेट्टा, आलोक बिपिन टोप्पो एवम पासवा के पदाधिकारी एवं स्कूल के प्रिंसिपल निदेशक शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## ग्रामीण डाक सेवकों की समस्याओं को लेकर विभाग गंभीर नहीं: रामकुमार दीपक

**अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा कर्मचारी संघ की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा कर्मचारी संघ रांची प्रमंडल की एक आवश्यक बैठक रविवार को नगड़ी में प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में ग्रामीण डाक सेवकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा इसके शीघ्र समाधान करने का आग्रह विभागीय अधिकारियों से किया गया।

मौके पर प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों की समस्याओं के सामाधान को लेकर विभागीय अधिकारी हमेशा उदासीन बने रहते हैं। ग्रामीण डाक सेवक जो ग्रामीण क्षेत्र में डाक सेवा की रीढ़ माने जाते हैं, पर विभागीय अधिकारियों की उपेक्षा और पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण आज तक ग्रामीण डाक सेवकों को उनका जायज हक अधिकार नहीं मिल पाया है। आज भी ग्रामीण डाक सेवक आर्थिक शोषण का शिकार हैं।

रामकुमार दीपक ने आरोप लगाया है कि विभागीय परीक्षा में जीडीएस कर्मियों के रिजल्ट को त्रुटिपूर्ण बना दिया गया है। आधा-अधूरा रिजल्ट जारी कर अधिकांश जीडीएस जो परीक्षा में सफल हो चुके हैं, उनके रिजल्ट को सील कवर पैक में तब्दील कर दिया गया है। उन्होंने रिजल्ट में पारदर्शिता बरतने तथा क्लियर रिजल्ट जारी करने की मांग अधिकारियों से की है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अविलंब इस मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

बैठक में तुलसी प्रमाणिक, कालीचरण महतो, अंजनी महतो, जमाल, शकील, ओम तिवारी, मुकेश महतो, रोहित यादव, अशोक यादव सहित सैकड़ो जीडीएस कर्मी उपस्थित थे।

**नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोश**

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष आज से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

**पुलिस पीड़िता के परिजन व जनप्रतिनिधियों पर ही 107 के तहत केस दर्ज कर आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है : जिप सदस्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** सोमवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने पीड़ित छात्रा के परिजनों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि स्कूल के निदेशक सुरेश्वरी महतो द्वारा अपने स्कूल के ही एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का प्रयास और मारपीट करने को लेकर नगड़ी थाना में 22 नवंबर को छात्रा के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बारह दिन बाद भी अब तक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पायी है। इससे नाराज छात्रा के परिजनों और आम जनों ने सोमवार से नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है।

इधर इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने कहा कि केस पर अनुसंधान चल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी भी की जा रही है। साथ ही न्यायालय में अर्जी देकर आरोपी के विरुद्ध वारंट-कुर्की के लिए अनुमति मांगी गई है। गिरफ्तारी नहीं होने पर शीघ्र ही उसके घर की कुर्की की जाएगी। इस मामले को लेकर रविवार को नगड़ी की जिला परिषद सदस्य पूनम देवी और प्रखंड के अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पुलिस प्रशासन आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय पीड़िता के परिजन, जनप्रतिनिधि एवं समाजिक कार्यकर्ता पर ही 107 के तहत केस दर्ज कर हम लोगों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, मुखिया परना उरांव, पंचायत समिति सदस्य गुलरेज अंसारी, बिरसू उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## शिक्षा में गुणात्मक सुधार को लेकर क्षेत्र के लोगों ने की चिंतन बैठक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** आदिवासी बाल विकास स्कूल गढ़डिपा परिसर में रविवार को क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, समाजसेवी शिक्षाविद्, अभिभावक एवं जागरूक युवाओं की बैठक की गयी। यादव महासभा के महासचिव राजकमल गोप के नेतृत्व में बाल विकास स्कूल गढ़डिपा के शिक्षण व्यवस्था में गिरता स्तर को लेकर चिंतन बैठक किया गया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षा में गुणात्मक सुधार को विद्यालय कमेटी के सदस्य, शिक्षक, जन प्रतिनिधि एवं अभिभावकों ने अपनी-अपनी बातें रखी। मौके पर जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने कहा कि पूर्व की भांति तेरह ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी व साई मंदिर कमेटी के सहयोग से इस विद्यालय का संचालन किया जाए। जिससे इस विद्यालय की खोई हुई गरिमा पुनः लौट सके। वहीं समाजसेवी राजकमल गोप ने कहा कि स्कूल के शिक्षक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी स्कूल कमेटी को मिलकर फिर से इस विद्यालय को सुधार के लिए आगे आने की जरूरत है। वहीं कई लोगों ने सुझाव दिया कि पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया जाए। स्कूल के शिक्षकों ने भी स्कूल की बेहतरी के लिए सुझाव दिये। मौके पर मुखिया दुर्गा उरांव, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की समेत कई लोगों ने सुझाव दिये। मौके पर राजधान शेखर सिंह, संजय महतो, रामसेवक सिंह, गंदुर लोहरा, मनोज उरांव, सुनील होरो समेत कई लोग मौजूद थे।

## शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लांस नायक अलबर्ट एक्का 27 दिसंबर 1942 - 3 दिसंबर 1971 एक भारतीय सैनिक थे। जो भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में हिली की लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हो गये। इन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार ने कहा कि शहीद अल्बर्ट एक्का ने सेना में बिहार रेजिमेंट से अपना कार्य शुरू किया। बाद में जब 14 गाड्र्स का गठन। तब एल्बर्ट अपने कुछ साथियों के साथ वहां स्थानांतरित कर किये गये। एल्बर्ट एक अच्छे योद्धा तो थे ही, वे हॉकी के भी अच्छे खिलाड़ी थे। भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में अलबर्ट एक्का वीरता, शौर्य और सैनिक हुनर का प्रदर्शन करते हुये अपने इकाई के सैनिकों की रक्षा की थी। इस अभियान के समय वे काफी घायल हो गये और 3 दिसंबर 1971 में इस दुनिया से विदा हो गये। प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कि भारत सरकार ने इनके बलिदान को देखते हुए मरणोपरांत सैनिकों को दिये जाने वाले उच्चतम सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रवक्ता सुमन बाड़ा, प्रदेश सचिव अनथन लकड़ा, मंजूर अंसारी, जोसेप लकड़ा, मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश सदस्य विशाल चंद्रा, सैयद मीर यूनुस, शांति कुजूर, आरती देवी, सुनीता तिर्की, बाबूलाल महतो, हीरालाल महतो, अशोक मुंडा, सैयद रिजवी आदि सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शेख भिखारी चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट आठ जनवरी से, आयोजन समिति का गठन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर रविवार को राजा अमरू बाबू फुटबाल क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक कुटे चौक स्थित फुटबाल मैदान में हुई। इसकी अध्यक्षता कुटे पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी ने की। बैठक में शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 8 जनवरी को करने का निर्णय लिया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया। गठित कमेटी में मुख्य संरक्षक अमीर हमजा अंसारी, मंसूर अंसारी, अध्यक्ष ईदुल खान, उपाध्यक्ष, नीलमोन पहान, सचिव बालक महतो, सहसचिव बीरेंद्र साहू और कोषाध्यक्ष इसराफिल अंसारी बनाए गए। इस अवसर पर रवि साहू, अमीर रजा, इमरान खान, कल्लू खान और इमामुद्दीन खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आरटीसी इंस्टीट्यूट के एनसीसी यूनिट ने 50 जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल व गर्म कपड़ा

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आरटीसी इंस्टीट्यूट ओरमांझी एनसीसी यूनिट के कैडेट्स और अध्यापकों की ओर से रविवार को सिकिदिरी के वन लोटवा गांव में 50 दिव्यांग, विधवा, बुजुर्ग और जरूरतमंदों के बीच कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। गौरतलब है कि कंबल और गर्म कपड़ों की व्यवस्था एनसीसी यूनिट के कैडेट्स और अध्यापकों ने अपनी जेब से चंदा जमा कर की। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। मौके पर एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि गरीबों की सेवा कर मन को शांति मिलती है। मानव सेवा बहुत बड़ा पूण्य का काम है। सभी को आगे आकर गरीबों की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर रोहित राज, आस्था कुमारी, अशफाक आलम, सचिन कुमार, शंकर महतो, देवचरण महतो, कमलनाथ महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की 103.97 एकड़ गैरमजरुआ जमीन दलालों से बचाने की अपील

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने चाडू पंचायत के भुसूर मौजा खाता संख्या 68 के 103.97 एकड़ गैरमजरुआ जमीन को जमीन दलालों से बचाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। इस संबध में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने बताया कि खाता संख्या 68 मौजा भुसूर के विभिन्न प्लॉटों पर विभिन्न लोगों का पंजी दो में नाम दर्ज है। जिन व्यक्तियों का पंजी दो में नाम दर्ज है, उक्त सभी लोग भूमिहीन नहीं हैं। सभी लोग धनी हैं। जिसका जमीन पर बंदोबस्ती दर्ज है। कभी इस गैर मजुरवा जमीन पर लिप्टस के पेड़ों से हरा भरा जंगल दिखता था। कुछ वर्ष पूर्व में धीरे-धीरे दलालों ने हरा-भरा जंगल को बेच कर खत्म कर दिया। अब विरान पड़ी जमीन पर जमीन दलालों द्वारा बड़ी बड़ी इमारतें बनाने की तैयारी चल रही है। इस संबध में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने संबंधित छायाप्रति मुख्य सचिव झारखंड, उपायुक्त रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी, अंचलाधिकारी ओरमांझी, थाना प्रभारी सिकिदिरी को ज्ञापन सौंपकर जांच कर जमीन बचाने की अपील की है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# श्रीराम के चरित्र से सभी को सीखना चाहिए: हेमलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में रेड़मा ठाकुरबाडी.में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आज चतुर्थ दिवस का प्रवचन करते हुए भगवत कथा प्रवक्ता हेमलता शास्त्री ने कहा कि सूर्यवंश में एक से एक बढ़कर प्रतापी राजा हुए,जिन राजाओं ने हमारे देश समाज के लिए बहुत कुछ दिया। सूर्यवंश में ही भागीरथ हुए जिन्होंने मनुष्य के कल्याण के लिए पृथ्वी पर मां गंगा को लाया। इसी वंश में



राजा दशरथ हुए उन्हीं राजा दशरथ के चार पुत्र राम,लखन, शत्रुघ्न, भरत हुए। उन्हीं में भगवान श्रीराम मनुष्य योनि में आकर के समाज को एक नया संदेश दिया। भरत ने त्याग दिया, लक्ष्मण ने भक्ति समर्पण तो सत्रुघ्न ने प्रेम धर्म की स्थापना में भगवान अपने समस्त सुख वैभव का त्याग किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम के चरित्र से समस्त मनुष्य योनि को सीखना चाहिए। जीवन में कितनी भी कठिनाई आए हमको धर्म का मार्ग नहीं त्यागना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि में भगवान को पाना है तो निर्मल मन चाहिए। रामचरितमानस में तुलसीदास जी कहते हैं निर्मल मन जन सो ईमो पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा। भगवान की कथा अनंत है हरि अनंत हरि कथा का विस्तार से वर्णन किया।

### मौके पर ये हुए उपस्थित

**भागवत कथा में समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, संगठन मंत्री संतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल नयन तिवारी, मुकेश त्रिपाठी, मनीष पांडेय, अप्पू तिवारी, राकेश तिवारी, विनीत तिवारी, राकेश दूबे और नीरज तिवारी सहित कई सदस्य सक्रिय हैं।**

# पथरा मुखिया ने किया पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने रविवार को पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोलों में भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से आवास निर्माण कार्य को निर्धारित समय के साथ पूर्ण करने की बात कही। साथ ही मुखिया ने लाभुकों को आवास निर्माण कार्य के तहत मनरेगा योजना से मिलने वाले मजदूरी का भी लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोलों में राशि मिलने के उपरांत भी 40 आवास का कार्य पूर्ण नहीं किया



गया है। वैसे लाभुक को कार्य मे तेजी लाते हुए 15 दिन के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुक ससमय पक्के आवास तैयार कर प्रधानमंत्री के ग्राम विकास के सपने को साकार करें। मौके पर स्वयंसेवक हर्मेंद्र कुमार, चंदन राम सहित आवास निर्माण के लाभुक उपस्थित थे।

# जपला आरपीएफ ने कोयला चोर को भेजा जेल, चार बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गत रात्रि गढ़वा-सोननगर रेलखंड के करकट्टा रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी से कोयला उतारने की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने करकट्टा रेलवे स्टेशन पहुच कर एक अभियुक्त तथा चार मोटरसाइकिल को जब्त किया। सभी मोटरसाईकिलों पर जूट के बोरों में कोयला लदा था जिसे ले कर जाने की फिराक में थे सभी चोर। सभी चारों मोटरसाइकिल तथा चोरी कोयला को जप्त किया गया और मौके पर से गिरफ्तार एक अभियुक्त को रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला लाया गया जहां रेल संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम 1966 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार



अभियुक्त करकट्टा उंटारी निवासी गोविंद मेहता को डाल्टनगंज न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जब्त मोटरसाइकल के मालिकों और चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उक्त अभियान में रेलवे सुरक्षा बल थाना के उप निरीक्षक निशांत कुमार, प्रधान आरक्षी ओम प्रकाश उपाध्याय, प्रधान आरक्षी अजय कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी मनोज कुमार यादव प्रधान, आरक्षी विजय कुमार सिंह तथा आरक्षी अबरार रफिक शामिल रहे।

# इस तरह के आयोजन से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के शिव शक्ति नगर स्थित समता स्कूल परिसर में मैजिक शो का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने फीता काटकर किया।मैजिक शो में जादूगर एनपी शर्मा के द्वारा एक से एक ज्ञानवर्धक और मनोरंजक जादुई करतब दिखाकर छात्र-छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया गया।मौके पर जादूगर एनपी शर्मा ने बताया कि हम सब जिसे जादू समझते हैं उसे एक वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया जाता हैं। यह हमारे दिखाने और आपके देखने का तालमेल जहां टूटता है वहीं जादू है।मौके पर बिद्यालय के निदेशक अक्षय चौहान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के



आयोजन से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है।साथ ही बच्चों में ज्ञान और विज्ञान के बारे में जानने समझने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।मौके पर बिद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी,सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल कुमार चौहान, दीपक कुमार, प्रियंका देवी, राहुल कुमार, दशरथ कुमार, बेबी शेख, मंतेश्वर यादव, कार्तिक कुमार, नंदू प्रजापति, सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद पुलिस ने 22 मवेशी लदे ट्रक को पकड़ा, चालक को भेजा जेल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शनिवार की देर शाम जेपी चौक के समीप अवैध मवेशियों से लदा एक ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गयी। इसकी सूचना मिलने पर हुसैनाबाद थाना के एएसआई सीताराम सिंह, शैलेंद्र सिंह दल बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर गाड़ी चालक और मवेशियों से भरी ट्रक को थाने ले आयी। पुलिस ने ट्रक नंबर सीजी 04 जेबी 5857 और उसमें लदे 22 मवेशियों को जब्त किया है। जिसमे झमता से अधिक गाय और बैल को लादकर बिहार के रास्ते वेस्ट बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ट्रक चालक नुसरत अली खान, पिता अरसुद्दीन खान गांव कुड़वा, थाना हैदरनगर को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार चालक और ट्रक मालिक और मवेशी कारोबारी समीर खान गांव धुरवा, थाना मझिआंव जिला गढ़वा एवं मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी नइम अंसारी आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में हुसैनाबाद के एसआई सह प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि चालक को न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया गया है।

## गरीब और साधारण लोगों की बातें करती हैं प्रवीण परिमल की कविताएं: अरुण कमल



**पटना (आजाद सिपाही)।** प्रगतिशील लेखक संघ, पटना के तत्वाधान से में चर्चित कवि प्रवीण परिमल के संग्रह 'जंगल से लौटकर ' का लोकार्पण 'पटना पुस्तक मेला' के 'नालंदा सभागर' में किया गया। लोकार्पण समारोह हिंदी के चर्चित कवि आलोकधन्वा, अरुण कमल, निवेदिता झा, संजय कुमार कुंदन, असलम हसन और चंद्रबिंद सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर खासी संख्या में शहर के बुद्धिजीवी, साहित्यकार आदि मौजूद थे.प्रारम्भ में प्रवीण परिमल ने अपनी कुछ कविताओं का पाठ किया। साहित्य अकादमी से सम्मानित कवि अरुण कमल ने प्रवीण परिमल के काव्य संग्रह से ' बचा रहे प्रेम' का पाठ किया तथा उनकी कविताओं पर बोलते हुए कहा प्रवीण परिमल के सभी संग्रह मैने पढ़े हैं। इनकी प्रेम कविताओं का सुंदर संग्रह है। आजकल हिंदी कविता में गरीब, साधारण लोगों के बारे में कम लिखा जा रहा है। प्रवीण परिमल की कवितायेँ दुःख झलने वाले लोगों तथा उसका प्रतिकार करने वाली है। 'महुआ बीनने वाली' 'औरतें', 'मोची', 'पिता' आदि में ऐसे लोगों की बातें की गई हैं. कविता उनलोगों की बात करती है जिसकी सुध कोई नहीं लेता यहां तक की भगवान भी नहीं. कवि के बारे में बात करने का सबसे अच्छा तरीका है की कवि की बात की जाए. प्रेम के सबसे अच्छे दृश्य पहाड़, पेड़, नदी जैसे भूदृश्य के माध्यम से अभिव्यक्त हुआ है। देवनागीरी लिपि में लिखने वाले शायर संजय कुमार कुंदन ने अपने संबोधन में कहा ₹ प्रवीण परिमल की कविताओं का रेंज बहुत बड़ा है। परिमल जी ने बड़ी आंख से दुनिया को देखा है. यह किसी खास वर्ग और खास आंख से देखी हुई कविता नहीं है यही इनकी बहुत बड़ी सफलता है7 इनकी 'लहना सिंह उदास' कविता पसंद आयी। बदलते गांव का एक दर्द झलकता है। अभी के गांव को उन्होंने कविताओं में लाने की कोशिश की है. इनके बिंब अनुठे हैं अपनी एक कविता में पिता की तुलना पहाड़ से की है। निवेदिता झा ने प्रवीण परिमल के काव्य संग्रह से कुछ कविताओं का पाठ करते हुए कहा ₹ हम जो भी शब्द रचते हैं वह कविता ही हुआ करती है। कविता को रचना अपने भीतर रखना और बांटना बेहद जरूरी है। इनकी 'मोची'और 'रिक्शावाला' पढ़ते हुए नागार्जुन याद आते हैं। रोज हमारे अंदर दृश्य गुजर जाते हैं ऐसे बिंब नजर आते हैं. युवा कवि व प्रशासनिक पदाधिकारी असलम हसन ने लोकार्पण समारोह में कहा इन कविताओं की इतनी विविधता है, इंद्रधनुष के इतने रंग है। कविता में धान कूटती औरतें हैं, पिता हैं, उनका चमरौधा जूता है तथा 'शहर की बदबू' कविता है। इन कविताओं से पता चलता है कि उनमें संवेदना है. उम्मीद की झलक ही इस काव्य संग्रह की आत्मा है।

# दोना-पत्तल, दातून बेचने वालों के लिए मिशन समृद्धि संस्था का कार्य सराहनीय

**पारंपरिक हुनर को जिंदा रखने वाले दोना पत्तल और दातून बेचने वाले बहुत ही अभाव में जिंदगी जीते हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निरंतर चल रहे समृद्धि की रोटी अभियान पर मौसम का कोई फर्क नहीं पड़ता। पारंपरिक हुनर को जिंदा रखने वाले दोना पत्तल और दातून बेचने वाले बहुत ही अभाव में जिंदगी जीते हैं। दिन-रात परिश्रम के बावजूद भी इन्हें सही रूप से पैसे नहीं मिल पाते। पत्तल दोना में खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होते हुए भी बहुत सस्ते में ये बेचते हैं। सीमित संसाधन द्वारा संचालित मिशन समृद्धि संस्था उन वर्गों के लिए बहुत कुछ नहीं कर पा रही है



लेकिन प्रयास जारी है। उनके बीच भोजन, कपड़े बराबर देने का काम किया जा रहा है। शनिवार को अंबेडकर पार्क के सामने रोटी सब्जी का वितरण किया गया। बहुत जल्द ही कपड़े और गर्म कपड़े का भी वितरण किया जायेगा। इन सभी कार्यों में इस संस्था की पूरी टीम बहुत ही निष्ठा के साथ लगी रहती हैं।

## विधायक प्रतिनिधि ने चना बीज का वितरण किया



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के धनगड्डा पंचायत अंतर्गत बिरबीर, बोंगागड़ा एवं खैरका गांव में बिरसा कृषि विस्तार योजना के तहत एससी एवं एसटी किसानों को विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, जीप सदस्या देवेंती देवी पंसस जीवन राम कृषि विभाग के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक चन्द्र भूषण एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक जयंत कुमार के उपस्तिथ थे। इनके मौजूदगी में चना बीज का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 1050 केजी चना का बीज 150 किसानों के बीच दिया गया।जिससे किसानों द्वारा चना की खेती अच्छा से कर सके। किसानों ने बीज पाकर प्रतिनिधियों प्रखंड कर्मीयों का आभार जताया।


# घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** जिला के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत हुटुकदाग पंचायत के ग्राम मुरुमदाग में अब्दुल गफार अंसारी के घर में शनिवार के रात आठ बजे अचानक आग लग गई। जिसमें रखें चावल दाल कपड़े आभूषण एवं नगद सतर हजार रुपये जलकर राख हो गये। हुटुकदाग पंचायत के मुखिया राजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को रात करीब आठ बजे मुरुमदाग निवासी अब्दुल गफार अंसारी के घर में अचानक आग लग गई। जिसमें करीब तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ और भुतभोगी बहुत गरीब परिवार से हैं।

# स्पोर्ट्स



**बंगाल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सैटरडे क्लब 56वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट 2022 के मीक्स डबल का खिताब झारखंड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रांची के साहिल अमीन ने जीत लिया है।**

# साहिल ने जीता 56वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट 2022 का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बंगाल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सैटरडे क्लब 56वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट 2022 के मीक्स डबल का खिताब झारखंड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रांची के साहिल अमीन ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में साहिल ने अपने जोड़ीदार खिलाडी बंगाल कि नेशनल चैंपियन अलीना फरीद के साथ खेलते हुए अपने प्रतिद्वंदी खिलाडी बंगाल के ही देवाशीष और शीना की जोडी को सीधे सेटों में 6-1 और 6-2 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर लिया। जोरदार खेल दिखाते हुए साहिल ने सेमीफाइनल में अपने




प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के मोहम्मद तारीक और प्रियासखी सजनानी की जोडी को हराकर फाइनल में प्रवेश लीया था। यह खिताब जीतने वाले साहिल झारखंड के पहले टेनिस खिलाड़ी हैं। दूसरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे साहिल ने अपने धमाकेदार खेल से सबको प्रभावित किया। पहली बार 2019 में 55वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट में खेलते हुए साहिल अमीन ने अंडर 18 ब्वायज सिंगल का खिताब अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन 19 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया गया है।

## भारत ने गंवाया पहला वनडे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकबाले में बांग्लादेश ने एक विकेट से जीत दर्ज करते हुए वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। शाकिब अल हसन (36 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से बांग्लादेश ने लोकेश राहुल (73) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां 186 रन पर ढेर कर दिया। इसके जवाब में बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी रही लेकिन एक समय टीम लड़खड़ाती हुई नजर आयी। लेकिन अंत में जब भारत को एक विकेट की दरकार थी तब मेहदी हसन मिराज और मुस्ताफिजुर रहमान ने सधी हुई पारी खेली। और केएल राहुल का कैच छोड़ना भी भारी पड़ा जिससे टीम ने आखिरकार 46 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 187 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली।

# झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में गढ़वा ने पलामू को हराया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच डालटनगंज के जिला स्कूल मैदान में 4/12/2022 को पलामू और गढ़वा के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच मैच जोरदार तरीके से खेला गया। मैच के फर्स्ट हाफ के 30 मिनट में गढ़वा के उपाध्याय सिंह ने मैदानी गोल मारकर गढ़वा को



1-0 की बढ़त बना दी जो कि पूरे डेढ़ घंटा का मैच उतार-चढ़ाव के बीच खेला गया, मगर पलामू की टीम बराबरी नहीं कर सकी। पूर्व में भी गढ़वा में आयोजित मैच में गढ़वा की टीम ने पलामू को 4-0 से हराया था। उसी परंपरा को जारी रखते हुए आज गढ़वा की टीम ने 1/0 से पलामू को हराया।

## पूर्व विधायक बबिता देवी ने किया पेटरवार और कसमार प्रखंड का भ्रमण



पेटरवार/बेरमो (आजाद सिपाही)। गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। अपने विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में जनता से मिलकर सुख दुख में शामिल हो रही है। उनकी समस्याएं सुन रहीं और निदान करने का प्रयास कर रही है। इसी के तहत पेटरवार प्रखंड के ग्राम पंचायत कोह निवासी हेमंत कुमार महतो के घर उनके बेटे की शादी में शामिल हुई। वहीं कसमार प्रखंड के ग्राम पंचायत मंजूरा निवासी मलिंदर महतो के घर श्राद्ध कार्यक्रम में भी शामिल हुई। इस दौरान वो पेटरवार के ग्रामीणों के समस्याओं को भी सुना और जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। मौके पर पूर्व मुखिया नरेश महतो, हरेंद्र महतो, अशोक महतो, प्रदीप रजवार, भीखु मराण्डी और प्रकाश कुमार आदि शामिल थे।

## दुस्साहस : झरिया के शिमलाबहाल स्थित गैराज में लगायी आग

# छह बाइक और एक कार जल कर खाक

### घटना की जांच में जुटी बोर्रागढ़ और झरिया पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

भगतडीह। झरिया के बोर्रागढ़ ओपी अंतर्गत शिमलाबहाल आदर्श नगर में शनिवार की देर रात असमाजिक तत्वों ने एक गैराज में आग लगा दी, जिससे वहां खड़ी छह बाइक और एक कार जलकर राख हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक सभी वाहन जल चुके थे। आग किसने और क्यों लगाई इसकी पता नहीं चल पाया है। उधर, घटना की सूचना पाकर सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, के अलावा बोरागढ़ और झरिया पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई है।

## गुनाहगारों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस : रागिनी सिंह



गैरेज में जली हुई गाड़ियों की जांच करती पुलिस।



घटनास्थल पर पहुंच कर नाराजगी जाहिर करतीं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह।

वहीं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भी खबर पाकर शिमलाबहाल पहुंची। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आज के दौर में झरिया और बोरागढ़ पुलिस निष्क्रिय हो गई है। क्षेत्र में हत्या जैसे संगीन जुर्म हो रहे हैं। पर पुलिस मामले का उद्भेदन करने में शून्य साबित हो रही हैं। उन्होंने पुलिस से अविलंब असमाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग की है। बतातें चलें कि जले हुए बाइक ठेकेदार शिवप्रकाश सिंह, रामप्रकाश सिंह, जीतन सिंह, जीतन यादव, कृष्णा और पुनचुन नामक व्यक्ति की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग किसने और क्यों लगाई यह पता नहीं चल सका है। सूत्रों की मानें तो सबसे पहले मुहल्ले के ही एक बाइक में आग लगाई गई। जब लोग आग बुझाने लगे तो पता चला कि गैराज में रखे कार और बाइक में भी आग लगा दी गई है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# अमन सिंह के गुर्गों ने कोयला कारोबारी के घर पर की फायरिंग

### घर के सामने पर्चा फेंक कर ली जिम्मेदारी, पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। शूटर अमन सिंह के गुर्गों ने रविवार को एकबार फिर रंगदारी के धंधे को धार देने में जुट गए हैं। बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के विकासनगर छठ तालाब के पास रहने वाले कोयला कारोबारी पप्पू मंडल के घर पर रविवार की सुबह 5.30 बजे दो-तीन राउंड फायरिंग अमन सिंह के गुर्गों ने दहशत फैलाने की कोशिश की। यही नहीं, घर के बाहर फेंके गए पर्चे में गोलीबारी की जिम्मेदारी अमन सिंह के करीबी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह ने ली है, जो जेसी मल्लिक रोड का रहने वाला है।

छठ तालाब के पास संकरी गली में रहने वाले पप्पू मंडल के घर के बाहर की दीवार पर गोली चलाई गई है। दीवार और बरामदे में लोहे की एक आलमारी पर गोली के निशान मिले हैं। वहीं, घर के बाहर सड़क पर खोखे भी बरामद हुए हैं। उधर, घटना की सूचना पाकर बैंकमोड़ थाना के प्रभारी पीके सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।हमलावरों ने जो पर्चा फेंका है, उसमें छोटू सिंह के नाम से पप्पू मंडल को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पुलिस ने उक्त पर्चा का जब्त कर लिया है। वहीं, गोलीबारी के बाद से पप्पू मंडल व उनके घर के आसपास रहने वाले लोगों में भय का माहौल है। बताया जा रहा है कि पप्लू मंडल से आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह कई दिनों से रंगदारी मांग रहा था। जब पप्पू ने रंगदारी की रकम नहीं दी, तो धमकाने व भय पैदा करने के इरादे से गोली चलवाई है।

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : नीलम



आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। मैच में हार और जीत लगी रहती है। पर खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। आज के मैच में दोनों टीम के खिलाड़ी के प्रदर्शन से दर्शक काफी खुश हुए। उक्त बाते तेनुघाट पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने कही। वे तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए फाइनल मुकाबले के बाद कही। वहीं, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा ने कहा कि हारने वाली टीम अपना हौसला ना खोए, क्योंकि जो हारता है वही अगली बार जीतता है। उप मुखिया रीता सिंह ने कहा कि आज के मैच में दोनों टीम ने बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। वहीं, पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार पाण्डेय, समाजसेवी रमेंद्र कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार सिन्हा, सुभाष कटरियार, संजय कुमार सिंह, नारायण प्रजापति, अंतु पाण्डेय ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जय मां शेरावली ढोरी की टीम ने तेनुघाट सीनियर की टीम को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तेनुघाट की टीम ने पवन के 31 गेंदों पर 43 रन, सौरभ सिंह के 20 गेंदों पर 23 रन और दीपक यादव के 8 गेंदों पर 19 रनों के बदोलत निर्धारित 14 ओवर में 115 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए ढोरी की टीम ने प्रीतम के धुवधार 33 गेंदों पर नाबाद 72 रन और रवि के 24 रनों की बदौलत 11 ओवर में ही 116 रन बनाकर सात विकेट से मैच के साथ ही ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रीतम को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका अजीत कुमार पांडेय और विजय यादव, स्कोरर की भूमिका शिवम कटरियार और सोनू सिंह और कमेंटेटर की सत्यम कटरियार और कृष झा ने निभाई। विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ितों को अतिथि रेखा सिन्हा, नीलम श्रीवास्तव, रीता सिंह, जितेंद्र सिन्हा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, सुभाष कटरियार, संजय कुमार सिंह आदि ने पुरस्कृत किया। वहीं, टूर्नामेंट को सफल बनाने में गुड्डू सिन्हा, रुपेश कुमार, मोंटी कटरियार, अमन सिंह, पीयूष कटरियार, आयुष कटरियार, राज आर्यन, दीपक यादव, विक्की कुमार, अंकु कुमार, डुगु कुमार, कृष कुमार, मयंक, प्रियांशु, मयूर आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व पूंजीवाद से त्रस्तः ब्रजेंद्र

### झरिया नगर कांग्रेस कमेटी ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में रविवार को झरिया-कतरास मोड़ से भारत जोड़ो यात्रा निकाली गयी। जिसका शुभारंभ पंडीत जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिस प्रकार जन-जन के नेता राहुल गांधी के पदयात्रा में लोगों का समर्थन मिल रहा है इससे साफ जाहिर होता है कि लोग मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पूंजीवाद से त्रस्त है। आम आदमी की कोई सुनने वाला नहीं है। आज झरिया में भी दर्जनों लोग इस यात्रा में शामिल हुए और केंद्र सरकार से रोजगार और मंहगाई कम करने की मांग की है। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष रवींद्र वर्मा, मुख्तार खान, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर यादव, महिला जिला अध्यक्ष सीता राणा, नवनीत नीरज, अक्षयवर प्रसाद, संजय जायसवाल, महेश शर्मा, अशोक मालाकार, अरविंद सैनी, बबिता शर्मा, राजा अंसारी, पप्पू तिवारी, बिरेंदर बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, पिंटू तुरी, निसार अहमद, राकेश मिश्रा, कुंदन मोदक, दीपक यादव, कार्तिक महतो, रॉकी यादव और भोला नाथ सिंह आदि थे।




भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

# वर्षा का जल संचयन के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

नावाडीह/बेरमो। नावाडीह प्रखंड के सुरही पंचायत में जिला मत्स्य पदाधिकारी सह प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत नुक्कड़ नाटक का अयोजन किया गया। संगम कला मंच दुग्दा के कलाकारों ने नुक्कड़ सभा कर लोगों को वर्षा जल संचयन की विस्तृत जानकारी दी। डोभा, तालाब आदि के माध्यम से जल संग्रह करने के तरीकों की जानकारी दी और उस पानी से मछली और बतख पालन जैसे व्यापार सृजन की भी जानकारी दी। इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की आग्रह की। नुक्कड़ सभा के माध्यम से बताया कि वर्षा के जल संचय से पृथ्वी का जल स्तर बरकरार रहेगा और पानी की किल्लत दूर होगी। कलाकारों ने जगह-जगह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों में संतोष पांडेया ने कहा कि नावाडीह प्रखंड के 50.स्थानों में यह कार्य किया जाएगा। इस मौके पर संजय पाठक, मीना देवी, बीरबल महतो, विजय मिश्रा, साधु राय व पोखन महतो उपस्थित थे।

# सास, बहु व पति के बीच संवाद संचार जरूरी है : हलिमा एजाज



आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा के स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुमारडीह क्लस्टर अंतर्गत महुदा पंचायत के बस्ती में सास, बहु एवं पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारडीह क्लस्टर की सहिया साथी हलिमा एजाज ने सास एवं बहु-पति सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कहा कि सास, बहू व पति सम्मेलन का उद्देश्य मनोरंजक खेल एवं अभ्यास के माध्यम से सास एवं बहू पति के बीच बेहतर संचार की सुविधा प्रदान करना है। कहा कि चार गांठ याद रखना जरूरी है। पहला शादी की सही उम्र लड़की एवं लड़का का 21 साल, दूसरा गांठ पहला बच्चा शादी के दो साल बाद, तीसरा दो बच्चों के बीच तीन साल का अंतर और चौथा गांठ दो बच्चों के बाद स्थाई उपाय महिला बंध्याकरण या पुरुष नसबंदी अपनाना है। उक्त सम्मेलन में सहिया साथी द्वारा रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं गुब्बारा खेल आयोजित कर सम्मेलन को मंनोरंजक बनाया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 15 प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहिया हसीबुन खातून, शहनाज बानो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरिफा खातून, वार्ड सदस्य जहाना खातून, लाडली परवीन, अमजद अंसारी, गुलबशा परवीन, शहनाज परवीन, जेनब परवीन, पूनम देवी, नसीमा खातून, हलीमा खातून, मेराजून निशा, रिजवाना खातून, चांदनी परवीन, शहनाज बेगम, तस्लीमा खातून, रोशन परवीन आदि उपस्थित थे।

# कुरमी समाज ने बैठक कर लिया 12 को दिल्ली में संसद भवन घेराव का निर्णय

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नप क्षेत्र के राजा बंगला स्थित स्कूल परिसर में रविवार को टोटेमिक कुरमी समाज की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सूरज महतो व संचालन कमलेश महतो ने किया। बैठक में बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के ललपनिया, महुआटांड़, तुरियो, जरीडीह, ढोरी बस्ती आदि जगहों से कुरमी समाज के लोग पहुंचे थे। कुरमी जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 12 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में प्रदर्शन और संसद भवन घेराव करने का निर्णय लिया गया। जिसमें क्षेत्र से अधिक से अधिक समाज के लोगों को शामिल होने की अपील की गई है। इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। रांची से आये मुख्य अतिथि कुरमी/ कुड़मी महतो समन्वय समिति के संस्थापक डॉ डी मेहता ने कहा कि 1931 के गजट में कुरमी जाति आदिवासी सूची में शामिल था। संविधान बनने पर 1950 में सूची से हटा दिया। आज 70 साल से कुरमी जाति वंचित है।



उन्होंने कहा कि कुरमी जाति हमेशा आदिवासी रहा है। इसलिए कुरमी को एसटी सूची में शामिल किया जाय। जिलाध्यक्ष सूरज महतो ने कहा कि स्व बिनोद बिहारी महतो ने समाज सुधार के साथ ही हक व अधिकार के लिए पढ़ो और लड़ो का नारा दिया। हुड़का जाम आंदोलन से कुरमी जाति को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर केंद्र सरकार पर दबाब बनेगा। बोकारो जिले से अधिक से अधिक लोग दिल्ली पहुंचकर आंदोलन में भाग लेंगे। इस मौके पर संयोजक लालचन महतो, अधिवक्ता सुरेश महतो, परमेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, नरेश महतो, हरखलाल महतो, चिंतामणि महतो, सेवा महतो, लालमोहन महतो, मुखिया धनेश्वर महतो, प्रभुदयाल महतो, नवीन महतो, देवनारायण महतो, पीआर महतो, राजेन्द्र महतो, माथुर महतो, द्वारिका महतो आदि थे।

# एनएसयूआइ जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, कमेटी का हुआ विस्तार



धनबाद (आजाद सिपाही)। एनएसयूआइ धनबाद जिला की कार्यकारिणी की रविवार को बैठक हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव सूरज ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सैयद आमिर हाशमी, जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रोफेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रोफेसर डीके सिंह उपस्थित हुए। प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी द्वारा जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया और रवि पासवान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा रोहित पाठक और सोनू पासवान को महासचिव नियुक्त किया गया। जिला सचिव के पद पर अकाश प्रमाणिक, मनीष झा, आयुष सिंह, बाबू कुमार, शिवम रवानी और आशीष सिंह को दायित्व दिया गया। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के विषय और एजेंडे पर चर्चा की गई साथ ही आने वाले दिनों में एनएसयूआई द्वारा छात्रों को जोड़ने के लिए सदस्यता मुहिम को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया। कॉलेज स्तर पर हेल्पलाइन जारी की जाएगी। यूथ फेस्टिवल में छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी प्रयास किया जाएगा। जिला कार्यकारिणी बैठक में जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, उपाध्यक्ष रवि पासवान, महासचिव दानिश रजा, रोहित पाठक, सूरज कुमार, सोनू पासवान, सचिव आयुष सिंह, आकाश प्रमाणिक, बाबू कुमार, आरएसपी कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, उपाध्यक्ष अमन प्रसाद, रोशन कुमार, रोहित कुमार, आरएस मोर कॉलेज से अध्यक्ष मोइन अंसारी, उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, कतरास कॉलेज से अध्यक्ष सिंकु खान, उपाध्यक्ष साहिल खान, गुरु नानक कॉलेज से अध्यक्ष सनी सिंह, उपाध्याय धनराज, बीएसके मैथन कॉलेज से आतिश कुमार गोप सम्मिलित हुए।

# जिला प्रशासन के सहयोग से समाजसेवी रवि रवानी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



झरिया (आजाद सिपाही)। बढ़ते ठंड को लेकर जिला प्रशासन के सहयोग से रविवार को झरिया चौथाई कुल्ही में समाजसेवी रवि रवानी की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। लोगों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी रवि रवानी ने कहा कि ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। झरिया अंचलाधिकारी प्रमेश कुशवाहा और राजस्व उप निरीक्षक के सहयोग से कंबल उपलब्ध कराया गया है, जिसे क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच वितरित किया गया। उन्होंने अपील की कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को यथा संभव सहायता करें। किसी भी माध्यम से उन्हें राहत मिले ऐसी व्यवस्था जरूर करें। इस मौके पर रवि आजाद, सज्जाद मंसूरी, पवन रवानी, सुनील रवानी, दिलीप रवानी, पप्पू खान, सुमन रवानी, शेखर, चंदन शर्मा और विनोद वर्मा आदि उपस्थित थे।

## फेस-2 सीटू कार्यालय में निजी सुरक्षा कर्मियों की बैठक


बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। सीसीएल के खास महल परियोजना में मेसर्स केएसएमएलजेव्ही कंपनी के अधीन एक वर्ष से कार्यरत निजी सुरक्षा सुरक्षा कर्मियों की बैठक रविवार को फेज- टू स्थित सीटू कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जैनुल आवेदिन ने की। बैठक में उपस्थित सुरक्षा कर्मियों ने असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि हमलोगों ने संबंधित सुरक्षा कर्मी न्यूनतम वेतन और परिचय प्रमाण पत्र के लिए मुख्य नियोजक खास महल परियोजना के समक्ष मांग रखे तो प्रबंधन ने सकारात्मक पहल दिखाई। गत सप्ताह उप प्रबंधक (कार्मिक) एके के ओसीपी ने वार्ता बुलाई और मांगो को पूरा कराने का आश्वासन दिया। पर एक दिसंबर से सुरक्षा कर्मियों की हाजिरी जिस तरह से एके के ओसीपी के सुरक्षा प्रभारी द्वारा ली जाती थी अब बंद कर दी गयी है जो अन्याय व गैरकानूनी है। इस लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हाजिरी नहीं बनाने संबंधी शिकायत परियोजना पदाधिकारी एके के ओसीपी को लिखीत की जाएगी।

## जिस तेजी से जनसंख्या बढ़ रही सरकारों को नौकरी देना हो जायेगा मुश्किल

# स्वरोजगार से जुड़ कर दूसरों के लिए रोजगार सृजन करना हो मुख्य उद्देश्य : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। स्वदेशी जागरण मंच बोकारो की ओर से 18 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले 19 वें इस्पातांचल स्वदेशी मेला कार्यालय का उद्घाटन सिटी सेंटर 4 में विधिवत शुरू हो गया है। उद्घाटन बोकारो विधायक बिरंची नारायण व बोकारो चेंबर के संरक्षक संजय वैद्य ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप वर्मा ने किया। मंच के क्षेत्रीय संयोजक सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि हर वर्ष करोड़ो बेरोजगार पैदा हो रहे हैं। इतने युवाओं को रोजगार देना किसी सरकार के बस की बात नहीं है। इसलिए युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में पहल करनी चाहिए व स्वरोजगार से जुड़कर दूसरों के लिए रोजगार सृजन का जरिया बनने का प्रयत्न करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार स्वदेशी मेला अखिल भारतीय स्वावलंबन अभियान को ध्यान में रखते हुए युवाओं के लिए बेहद खास होगा। वहीं, विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि भगवान का शुक्र है कि दो वर्षों बाद पुणे मेला का आयोजन होने जा रहा है। इस मेले को सार्थक और भव्य बनाने के लिए कृषि विभाग, पशुपालन व उद्योग विभाग आदि को आमंत्रित कर युवाओं से सीधा संवाद करने की आवश्यकता है, ताकि आज की युवा स्वावलंबन की दिशा में बेहतर कार्य कर सकें। इस मौके पर संजय वैद्य, कुमार संजय, के-के बोराल, अरविंद सिंह, विवेकानंद झा, प्रेम प्रकाश, अवधेश कुमार, सौरव जायसवाल, शशांक शेखर, नवीन सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, जयशंकर प्रसाद, प्रवीण चौधरी, मनीष श्रीवास्तव और बीपी सिंह आदि उपस्थित थे।



स्वदेशी मेला कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक बिरंची नारायण व अन्य।

## छूटे हुए किसान जल्द करें मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में पंजीकरण : श्यामल गोस्वामी

जरीडीह/बेरमो। झारखंड सरकार की ओर से किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके तहत राज्य के सभी किसान परिवार जो सूखे से प्रभावित हैं, उन्हें 3500 रुपए की प्रारंभिक सूखा राहत राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना के माध्यम से राज्य के लगभग 30 लाख प्रभावित किसान परिवारों को लाभ दिया जाएगा। इस बाबत बोकारो पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के जिला अध्यक्ष श्यामल कुमार गोस्वामी ने कहा कि योजना की शुरूआत में पोर्टल के सर्वर में समस्या आ रही थी जो अब ठीक हो गई। छूटे हुए किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र पहुंच कर अविलंब योजना में पंजीकरण कराकर लाभ उठाएं।

## केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने किया एम्स भुवनेश्वर का दौरा

# एम्स भुवनेश्वर अगले साल से ई-अस्पताल कार्यान्वयन शुरू करेगा : डॉ भारती प्रवीण

- परिसर में मल्टीयूटिलिटी बिल्डिंग का उद्घाटन किया
- बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए संगठित रोगी रेफरल सेवा प्रणाली पर बल दिया
- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान करने के लिए की एम्स भुवनेश्वर की सराहना



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने रविवार को एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया। राष्ट्रीय संस्थान की अपनी पहली यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ पवार ने एम्स भुवनेश्वर के परिसर में एक बहुउपयोगी भवन का उद्घाटन किया। यह भवन विभिन्न कल्याण सुविधाओं के काम आयेगा। अपने दौरे के दौरान डॉ पवार, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास की उपस्थिति में, संकाय सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थान की व्यापक कार्य प्रणाली पर व्यापक समीक्षा बैठक की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेक इरादों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने सभी के लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य देखभाल के साथ एक स्वस्थ भारत की कल्पना की थी। विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए एम्स भुवनेश्वर के प्रयासों की सराहना करते हुए डॉ पवार ने विभिन्न सेवाओं के लिए दैनिक भारी भीड़ और रोगी प्रतीक्षा समय को संबोधित करने के लिए विभिन्न उपायों का सुझाव दिया। उन्होंने आगे स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर एक संगठित रोगी रेफरल सेवा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रकार के मजबूत रोगी रेफरल मानदंड का निर्माण करने के लिए देश भर में एक ध्वनि रेफरल प्रणाली के माध्यम से महामारी के दौरान प्रभावी कोविड प्रबंधन के उदाहरण का हवाला देते हुए एम्स और अन्य राज्य द्वारा संचालित स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के बीच एक सहयोगी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने एम्स के विभिन्न शैक्षणिक, अनुसंधान, भर्ती, वित्तीय और अन्य पहलुओं की समीक्षा भी की।

केंद्रीय मंत्री डॉ पवार ने पीइटी-सीटी, इएसडब्ल्यूएल, सीएसएसडी, एचइएलए आदि जैसी कुछ अत्याधुनिक सुविधाओं का भी दौरा किया और ओडिशा और पड़ोसी राज्यों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए संस्थान की सराहना की। उन्होंने गुर्दा प्रत्यारोपण सेवाएं शुरू करने के लिए एम्स भुवनेश्वर की भी सराहना की और उन्हें अन्य प्रत्यारोपण सेवाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अपनी यात्रा की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री का कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने स्वागत किया और जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ पवार ने परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसएन मोहंती, डीन डॉ पीआर महापात्र, डीडीए रश्मि रंजन सेठी, एफए पीके साहू, एसइ केपी मिश्रा, रजिस्ट्रार बीबी मिश्रा, विभिन्न विभागों के प्रमुख, संकाय सदस्य आदि उपस्थित थे।

## श्री जगन्नाथ प्रेमी को ठेस पहुंचाने के लिए यूट्यूबर अनिमेष ने मांगी माफी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी श्रीमंदिर के अंदर की तस्वीरें सामने आने के बाद अब ड्रोन नो फ्लाई जोन में उड़ रहे हैं। ऐसे में मंदिर की सुरक्षा को लेकर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं। कुछ दिन पहले श्रीमंदिर के भीतरी काठ के पास पर तस्वीरें लेने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। अब फिर से एक बंगाली यूट्यूबर ने श्रीमंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाया है। यूनिफाएड अनिमेष के नाम से एक सोशल मीडिया अकाउंट से 5 मिनट 43 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया गया था। वीडियो में श्रीमंदिर की सारे मैपिंग दिखायी गयी है। श्रीमंदिर नीलचक्र से सिंहद्वार तक की लोकेशन कैमरे में कैद हुई है। वीडियो वायरल मामले को लेकर सिंहद्वार थाने में एफआइआर दर्ज किया गया। वीडियो अपलोड करने वाली बंगिय यूट्यूबर ने माफी मांगी है। यूट्यूबर अनिमेष ने नो-फ्लाई जोन में ड्रोन उड़ाने के लिए सबसे पहले भगवान श्रीजगन्नाथ से माफी मांगी है।

## पद्मपुर उपचुनाव आज, 319 बूथों पर होगा मतदान

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही) ।** पद्मपुर उपचुनाव सोमवार को है। पद्मपुर के मतदाता मतदान कर अपनी पसंद का नेता चुनेंगे। आठ तारीख को मतगणना के बाद नतीजे आयेंगे। पद्मपुर चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जिलापाल ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र में 319 बूथ होंगे। तीन प्रखंडों में 74 अति संवेदनशील, 52 संवेदनशील, छह पिंक बूथ एवं 10 मॉडल बूथ हैं। चुनाव के लिए अधिक केंद्रीय बल तैनात किये जायेंगे। माओवादी प्रभावित इलाकों के लिए अर्धसैनिक बल पहुंच गये हैं। उन्हें अतिसंवेदनशील, संवेदनशील बूथ में अंजाम दिया जायेगा। अंतर राज्यीय बोर्ड की समन्वय बैठक भी समाप्त हो गयी है। बरगड जिलापाल और एसपी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने अधिकारों का प्रयोग करें और शांति के साथ मतदान करें।

# आइआइटी भुवनेश्वर कैंपस प्लेसमेंट 2022-23 की हुई शानदार शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आइआइटी भुवनेश्वर में प्लेसमेंट 2022-23 1 दिसंबर से शुरू हुआ। कैंपस स्थापना में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। अधिकतम पैकेज लगभग 55 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि औसत सीटीसी लगभग 20 एलपीए है। करीब 146 छात्रों की नियुक्ति हो चुकी है। आइआइटी भुवनेश्वर के छात्रों को कुछ अंतरराष्ट्रीय ऑफर भी दिये गये थे। इंटर्नशिप लेने वाले कई छात्रों को भी काम पर रखा गया और पूर्व-रोजगार प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसने इंटर्नशिप को पूर्णकालिक नौकरी में बदल दिया। नियुक्ति पक्रिया मार्च 2023 तक जारी रहेगी। आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो श्रीपद करमलकर ने शानदार पर प्रसन्नता व्यक्त की। कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों का प्रदर्शन उन्होंने विशेष रूप से कई कंपनियों का उल्लेख किया। विशेष रूप से कुछ अनूठी नौकरी भूमिकाओं के लिए छात्रों को नियुक्त किया। करियर विकास प्रकोष्ठ हाल की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद नयी ऊंचाइयों को छूने का आत्मविश्वास दिखाया। करियर डेवलपमेंट सेल के प्रभारी प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार प्रधान ने दोहराया कि वैश्विक मंदाबस्ता और कई बड़ी कंपनियों की भर्ती योजनाओं को प्रभावित करने वाली कोविड के बाद की चुनौतियों के बावजूद आइआइटी भुवनेश्वर को शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों और निगमों से सर्वश्रेष्ठ प्रस्ताव मिले हैं। प्लेसमेंट के हाइब्रिड मॉडल की ओर बढ़ने से निश्चित रूप से कैंपस प्लेसमेंट में एक नया चलन शुरू होगा, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि दुनिया भर में असामान्य स्थिति के बावजूद नियमित भर्तीकर्ता अभी भी कैंपस प्लेसमेंट का विकल्प चुनते हैं।

## वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निमंत्रण पर मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव 2022 में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के दौरे पर हैं। मेक इन ओड़िशा में भाग लेने के अपने कार्यक्रम के अलावा श्री अग्रवाल ने ओड़िशा के साथ एक अद्वितीय बातचीत सत्र में भाग लिया। पहले प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मंच जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, नृत्य, संगीत, साहित्य, खेल आदि जैसे उत्कृष्टता के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली 19 प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं।

श्री अग्रवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे राज्य की प्रगति और विकास में अपनी भागीदारी को और बढ़ायेंगे।

ओडिशा पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री प्राप्त करने वाले पद्म विभूषण हरिप्रसाद चौरसिया विश्व प्रसिद्ध बांसुरी वादक, पद्म विभूषण सुदर्शन साहू, स्टोन आर्टिस्ट पद्म भूषण प्रतिभा राय, प्रख्यात ओड़िआ कवि और लेखक प्रमोद भगत सहित 7 प्रतिष्ठित व्यक्तित्व पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता, पद्मश्री दिलीप तिर्की ने हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष, पद्मश्री गुरु अरुणा महांती प्रमुख शास्त्रीय ओड़िसी प्रतिपादक और ओड़िशा संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष, पद्मश्री इलियाना सितारिस्टी प्रतिष्ठित ओड़िसी ड्यानसर, पद्मश्री प्रभाकर महाराणा स्टोन आर्टिस्ट, डॉ एके महापात्र पूर्व निदेशक एम्स और वर्तमान कुलपति सोआ विश्वविद्यालय, डॉ दामोदर आचार्य प्रख्यात टेक्नोक्रेट और पूर्व निदेशक आइआइटी, नंदिता दास प्रसिद्ध अभिनेत्री, प्रो सुधाकर पंडा पूर्व सदस्य राज्य वित्त आयोग, आरती देवी प्रतिष्ठित सामाजिक कर्मी, लेफ्टिनेंट जनरल जेके महांती न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त), बीके मिश्र राज्य मानवाधिकार, सीके परिडा पूर्व अध्यक्ष निदेशक-किट इंटरनेशनल स्टडी सेंटर, ओड़िआ सुपरस्टार सब्यसाची मिश्र, स्वामी शिवानंद संगठन के स्वामी जगदानंद, एके दास पूर्व निदेशक भाबा परमाणु अनुसंधान केंद्र उपस्थित थे। ओड़िशा प्रथम फोरम के अध्यक्ष हरिप्रसाद चौरसिया ने अनिल अग्रवाल का ओड़िशा राज्य में भव्य स्वागत किया और राज्य के औद्योगिक विकास में उनके योगदान की सराहना की।

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning (WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
DHIRENDRA PRASAND
PERFECT VISION
Electronics and Electrical Sale & Service
H.B.Road,Near Dharam Kanta, Kokar,Ranchi-1 (Jharkhand)
0651-2974006 7781002828, 8797479633, 7004782826, 9835302384
E-mail : msperfectvision@gmail.com www.perfectvisionranchi.com
Authorised Dealer HDB FINANCIAL SERVICES
• Sony, Samsung, LG,Hitachi,IFB,Onida
• Lloyd,Haier,Voltas,Whirlpool,Symphony
• Bajaj,Kent,HCL,XIOMI,Tata,Sky,D2H
AXIS FINANCE IDFC FIRST Bank

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY Call Now ! +91-7903149721 www.universityfly.com

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं विह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX
पेश है ट्रैकस्टार DLX.
ट्रैक्टर जो बदल दे आपकी लाइफ का ट्रैक!
दमदार इंजन | लग्जरी डिजाइन | एक्स्ट्रा परफॉर्मेंस
TRAKSTAR
NH-33, Near : DPS, Neori Vikash, Ranchi-825217,
Mob. : 9508202987, 9430881502, rajsasha23gmail.com
Authorised Dealer : M/S ARYA ENTERPRISES
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21